राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 48 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानभवन के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया।

# सैम पित्रोदा के बयान पर मचा घमासान

राहुल के करीबी पित्रोदा बोले- चीन भारत का दुश्मन नहीं: हमें उसके साथ मिलकर काम करना चाहिए;

**घिर गई कांग्रेस**

**कांग्रेस ने सैम के बयान से किनारा कर लिया है। सैम के चीन पर व्यक्त किए गए विचार कांग्रेस के विचार नहीं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने कहा- भारत को चीन को अपना दुश्मन मानना बंद कर देना चाहिए। चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। हालांकि कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा सैम पित्रोदा के चीन पर व्यक्त किए गए विचार कांग्रेस के विचार नहीं हैं। सैम पित्रोदा ने कहा- चीन को दुश्मन मानने के बजाय उसे सम्मान देना चाहिए। मुझे समझ ही नहीं आता कि भारत को चीन से क्या खतरा है। हम सभी को साथ आकर काम करना चाहिए। भारत को चीन के प्रति अपने नजरिए को बदलने की जरूरत की है। पित्रोदा ने कहा- हमारा रवैया पहले दिन से ही टकराव का रहा है। यह दुश्मनी पैदा करता है। मुझे लगता है कि हमें इस पैटर्न को बदलने की जरूरत है। यह किसी के लिए भी ठीक नहीं है।



**कमांड और कंट्रोल की मानसिकता से बाहर निकलना होगा**

पित्रोदा ने कहा, 'अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है। हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है, हमें कमांड और कंट्रोल की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। चीन चारों ओर है, चीन बढ़ रहा है, हमें इसे पहचानना और समझना होगा।'

## चीन हमारी सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती: कांग्रेस

**सैन** ने आगे कहा कि 'दुनिया के सभी देश आगे बढ़ रहे हैं। कुछ तेजी से, कुछ धीमे। जो बहुत गरीब हैं, उन्हें तेजी से बढ़ना होगा और जो संपन्न हैं, उनकी वृद्धि धीमी होगी, जो विकसित हैं, उनकी आबादी बुजुर्ग होगी, जबकि विकासशील देशों की आबादी युवा होगी। हमें इन सब चीजों को एक साथ देखना होगा।' सैम पित्रोदा ने अमेरिका पर कहा कि वह अक्सर दुश्मन को डिफाइन करने की प्रवृत्ति रखता है, जिससे बाकी देशों के बीच तनाव बढ़ता है। भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर ध्यान देना चाहिए और अपने पड़ोसियों के साथ सकारात्मक संबंध बनाने का प्रयास करना चाहिए।

**कांग्रेस महासचिव बोले- चीन हमारी सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती**

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा- पित्रोदा का बयान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार नहीं हैं। चीन हमारी विदेश नीति, बाह्य सुरक्षा, और आर्थिक क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। कांग्रेस पार्टी ने चीन के प्रति मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर बार-बार सवाल उठाए हैं। 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से चीन की दी गई क्लीन चिट भी शामिल है।

# सुप्रीम कोर्ट में पूजा स्थल कानून पर सुनवाई टली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पूजा स्थल कानून से जुड़ी 7 याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी। दरअसल इस केस की सुनवाई 2 जजों की बेंच में होनी थी। उखक संजीव खन्ना ने कहा कि आज सिर्फ 2 जजों की बेंच बैठी है। यह मामला किसी और दिन देखेंगे। सीजेआई ने इस मामले पर दाखिल इंटरवेंशन एप्लिकेशंस पर कहा कि आज हम ऐसी कोई याचिका नहीं स्वीकार करेंगे। इनकी भी एक सीमा होती है। ओवैसी की याचिका जुड़ी आज सुप्रीम कोर्ट को असदुद्दीन ओवैसी की याचिका पर भी सुनवाई करनी थी। उनकी याचिका को पहले से पेंडिंग 6 याचिकाओं के साथ जोड़ा गया है। ओवैसी ने याचिका में 1991 के प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट (पूजा स्थल कानून) को



लागू करने की मांग है। कानून के मुताबिक, 15 अगस्त 1947 से पहले अस्तित्व में आए किसी भी धर्म के पूजा स्थल को किसी दूसरे धर्म के पूजा स्थल में नहीं बदला जा सकता। प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्टं 1991 की 6 धाराओं की वैधता पर दाखिल याचिकाओं पर चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस पीवी संजय कुमार और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने आखिरी बार 12 दिसंबर 2024 को सुनवाई की थी।

# दिल्ली-एनसीआर के बाद बिहार में भी भूकंप, भूकंप की तीव्रता 4 मापी गई

**झटके**

**ढाई घंटे बाद सुबह 8 बजे बिहार के सिवान में भी भूकंप आया। भूकंप की तीव्रता 4 मापी गई है**




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार सुबह करीब 5:36 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। ढाई घंटे बाद सुबह 8 बजे बिहार के सिवान में भी भूकंप आया। दोनों जगह रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4 मापी गई है। भूकंप का केंद्र नई दिल्ली था और इसकी गहराई पांच किलोमीटर बताई गई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी। भूकंप के तेज झटकों से दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अब तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। भूकंप को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्वीट किया।

उन्होंने लोगों से शांत रहने की अपील की। साथ ही कहा कि अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

# दिल्ली में यमुना की सफाई शुरू, एलजी ने समय सीमा तय की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली में** यमुना की सफाई का काम सोमवार को शुरू हो गया। भाजपा ने हालिया चुनाव में इसे बड़ा मुद्दा बनाया था नदी की सफाई के लिए तीन साल का समय तय किया गया है। एलजी वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव के साथ बैठक के बाद सफाई के निर्देश दिए थे। एलजी ऑफिस के मुताबिक यमुना की सफाई चार चरणों में होगी। पहले चरण में नदी से कचरा और गाद हटाई जाएगी। साथ ही नजफगढ़ ड्रेन, सप्लीमेंट्री ड्रेन और अन्य बड़े नालों की सफाई भी होगी। इसके अलावा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की निगरानी रखी जाएगी। 400 मिलियन गैलन पर डे सीवेज ट्रीटमेंट की कमी पूरी करने के लिए नए ट्रीटमेंट प्लांट्स बनाए जाएंगे। लक्ष्य पूरा करने के लिए जल बोर्ड, नगर निगम, पर्यावरण विभाग और दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी मिलकर काम करेंगे। इंडस्ट्रियल यूनिट्स को गंदा पानी न छोड़ने के लिए सख्त निर्देश दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को सख्त निर्देश दिया गया है कि शहर की इंडस्ट्रियल यूनिट्स गंदा पानी नालों में न छोड़ें। सफाई अभियान की निगरानी हो। मामले में भाजपा नेता



हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि सफाई तय समय में पूरी होगी। हमारा लक्ष्य यमुना को साफ करना और कूड़े के पहाड़ों को खत्म करना है।

**अभियान**

**सफाई तय समय में पूरी होगी। लक्ष्य यमुना को साफ करना और कूड़े के पहाड़ों को खत्म करना है**

**2023 में यमुना सफाई का काम शुरू हुआ था**

इससे पहले यमुना की सफाई का कामजनवरी, 2023 में शुरू हुआ था। इसके लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने एलजी के नेतृत्व में कमेटी बनाई थी। लेकिन आप सरकार ने एनजीटी के फैसले को लेकर सुप्रीम कोर्ट चली गई। इसके बाद सफाई रोक दी गई। आप सरकार का कहना था कि एलजी को अपने क्षेत्र से बाहर अधिकार नहीं दिया जा सकता। एलजी का यह आदेश दिल्ली में शासन की संवैधानिक योजना के अलावा सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के आदेश का भी उल्लंघन करता है। दिल्ली सरकार ने अपील की थी कि एनजीटी के इस फैसले पर रोक लगाई जाए। इस पर कोर्ट ने कहा था कि उस हद तक रोक रहेगी, जहां एलजी को एनजीटी ने प्रमुख बनाया है। हम इस पूरे आदेश पर रोक नहीं लगा सकते।







Mohan Garg
9354212413

Jai Prakash Goyal
9811041323
India's Fifth Largest Manufacturer Of Sanitaryware
SOMANY TILES • BATHWARE
SOMANY DURAGRES


50 YEARS
LEADERSHIP IN DESIGN AND INNOVATION
E-mail : bathjewels94@gmail.com
BATH JEWELS
K-6, KEWAL PARK EXTN., AZADPUR, DELHI-110033
Sagar Garg #7982107189 | Sanchit Garg #8383880905
MOHAN PAINTS & SANITARY STORE
K-6B, Kewal Park Extn., Azadpur, Delhi-110033
E-mail : mohanpaints.co.in@gmail.com


MARUTI nandan printers
8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go
THE PRINTING HUB
COMPLETE CTP UNIT
BASYS PRINT


Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546

# विधायक ने जनता दरबार लगाकर क्षेत्र के लोगों की सुनी समस्याएं

**गन्नौर** । गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को अपने निजी कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया। हर सोमवार की तरह इस बार भी विधायक ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए। जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने विभिन्न मुद्दों को विधायक के समक्ष रखा। विधायक कादियान ने प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना और जहां तत्काल समाधान संभव था, वहां मौके पर ही निर्देश जारी कर समस्या का निस्तारण किया। कुछ जटिल मामलों में संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय कर समाधान का आश्वासन दिया। इस पहल से क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उच्च कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे है। विधायक का यह प्रयास जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने में सहायक साबित हो रहा है। खुबडू के युवा रोहित ने बताया कि गांव के खेल स्टेडियम में लाइट व ट्रेक नहीं होने से खिलाड़ियों को अभ्यास करने में परेशानी आ रही है। इसके साथ ही उन्होंने स्टेडियम के साथ में कूड़ा डंप बनाए जाने को लेकर कहा कि कूड़ा डाले जाने से दुर्गंध उठती है। विधायक ने संबंधित अधिकारी को समाधान करने के निर्देश दिए है। शहरवासी अभिषेक ने बताया कि सिविल अस्पताल के साथ लगती गली में मेरा मकान है। गली में एक तरफ गंदा पानी निकासी को लेकर पाइप दबा दी गई, जबकि दूसरी तरफ नाली निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।

बार नवनियुक्त प्रधान गौरव त्यागी को दी बधाई- गन्नौर बार एसोसिएशन के नए पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन हुआ है।

## उत्तर रेलवे

**रुचि की अभिव्यक्ति**

कैशलेस आधार पर रेलवे लाभार्थियों को सेवाएं प्रदान करने के लिए एनएबीएल/क्यूसीआई/मान्यता प्राप्त निजी डायग्नोस्टिक सेंटर से आनुवंशिक और कैंसर संबंधी परीक्षण के लिए दिल्ली और एनसीआर में स्थित विभिन्न एनएबीएल मान्यता प्राप्त डायग्नोस्टिक सेंटर/संग्रह केंद्रों से पैनल में शामिल होने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है। इच्छुक डायग्नोस्टिक केंद्रों को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त के लिए ईआईओ एक सीलबंद लिफाफे में प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक के कार्यालय, कमरा नंबर 26, एन रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल नई दिल्ली में 10 मार्च 2025 को 15:00 बजे तक जमा करें। नियम एवं शर्तों, प्रारूप/फॉर्म का विस्तृत विज्ञापन उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है।

**फाइल संख्या 99—मेड/एएमपी/जेनेटिक टेस्ट/सीएच/2025**

प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक
उत्तर रेलवे केंद्रीय चिकित्सालय नई दिल्ली

535/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-सी-2025-26 **दिनांकः** 13.02.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य / झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** बीना वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी सेक्शन : रॉक फॉल प्रोटेक्शन स्लोप स्टेबिलाइजेशन एंड अदर एंसीलरी वर्क्स इन कटिंग एरिया इन बिटवीन मोहासा - धौरा स्टेशन एडीईएन / ललितपुर जूरिडिक्शन।

**अनुमानित लागत (रू)ः** ₹ 6000449.00 | **अमानत राशिः** ₹ 120000.00

**निविदा बन्द होने की तिथि: 12.03.2025 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 06 माह

- निविदा **दिनांक** 12.03.2025 को 15.00 **बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **311/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) ii Cr. P.C देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुभाष सिंह पुत्र गुरू नारायण निवासी सी— 44/251, गली नं. 14, गामड़ी एक्सटेंशन, दिल्ली ने FIR. No. 59/17 u/s 279/304A IPC & 3/181 MV Act थानाः** कश्मीरी गेट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुभाष सिंह** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुभाष सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 59/17 u/s 279/304A IPC & 3/181 MV Act. थानाः** कश्मीरी गेट, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सुभाष सिंह** मिल, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**वैभव गर्ग**
**जेएमएफसी—11, सैन्ट्रल कमरा नं. 138, पहला तल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1597/N/2025 (court matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू उर्फ माइकल** पुत्र **प्रहलाद और अन्य** निवासी **जे—277, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली** ने case **FIR No. 378/2020 U/s 323/325/341/506/34 IPC,थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **सोनू उर्फ माइकल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू उर्फ माइकल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 378/2020 U/s 323/325/341/506/34 IPC, थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सोनू उर्फ माइकल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 25.03.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री मनोज कौशल**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी—04**
**केन्दीय जिला, कमरा नं. 37**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1801/N/2025(Court Matter)**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **जितेन्दर पुत्रः बदान सिंह पताः** वीपीओ मुबारिकपुर, झज्जर, हरियाणा, **FIR No. 243/2009, U/s 279/304A IPC,** थानाः एस.बी. डेयरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जितेन्दर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जितेन्दर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 243/2009, U/s 279/304A IPC,** थानाः एस.बी. डेयरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **जितेन्दर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सार्थक पनवार**
**महानगर दण्डाधिकारी—05 (उ0)**
**कोर्ट कमरा नं.114, पहली मंजिल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1873/ON/2025 (Court Matter)**

# इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद में राष्ट्रीय महिला आयोग ने दी नई तारीख

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय महिला आयोग ने सोमवार को रणवीर इलाहाबादिया समेत 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के यूट्यूबर्स के लिए सुनवाई की नई तारीख तय की है। इलाहाबादिया, अपूर्व मुखीजा, आशीष चंचलानी, तुषार पुजारी और सौरभ बोथरा को 6 मार्च को बुलाया गया है, जबकि समय रैना, जसप्रीत सिंह और बलराज घई को 11 मार्च को तलब किया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने यूट्यूब कार्यक्रम 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में की गई अपमानजनक टिप्पणियों को लेकर रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना, अपूर्वा मुखीजा और अन्य को सोमवार को पेश होने के लिए समन जारी किया था। आयोग ने सभी को 17 फरवरी को दोपहर 12 बजे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा था, लेकिन सभी ने दूसरी तारीख देने का आग्रह किया था। राष्ट्रीय महिला आयोग ने बताया कि कुछ व्यक्तियों ने उनकी अनुपस्थिति के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा, पूर्व विदेश यात्रा प्रतिबद्धताओं और अन्य तार्किक चुनौतियों के बारे में चिंता जाहिर की। आयोग ने इन कारणों पर गहनता से विचार किया और उनको समन का अनुपालन करने की अनुमति देने के लिए सुनवाई को पुनर्निर्धारित किया है। इलाहाबादिया ने आयोग को सूचित किया है कि उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं और इसलिए उन्होंने तीन सप्ताह बाद सुनवाई की नई तारीख का अनुरोध किया है।

आयोग ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और सुनवाई 6 मार्च के लिए पुनर्निर्धारित की है। अपूर्वा मुखीजा ने बताया कि उन्हें अपनी सुरक्षा का डर है और वे केवल वस्तुतः सुनवाई में शामिल हो सकती हैं। उनके वकील ने एक ईमेल में उल्लेख किया कि स्थिति सामान्य होने पर मुखीजा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होंगी। आयोग ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है और सुनवाई 6 मार्च के लिए पुनर्निर्धारित की है। समय रैना वर्तमान में एक पूर्व नियोजित दौरे के लिए अमेरिकी यात्रा पर हैं और उन्होंने आयोग को आश्वासन दिया है कि वह भारत लौटने पर सुनवाई के लिए पेश होंगे।

# पुलिस ने 'मेरे सपनों की दिल्ली, नशामुक्त दिल्ली' नाम से किया कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने स्थापना दिवस के अवसर पर इंडिया गेट** पर "मेरे सपनों की दिल्ली, नशामुक्त दिल्ली" नाम से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के साथ ही गायक मोहित चौहान, गायक अशोक मस्ती समेत अन्य गण्यमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की गई। ट्रैफिक और ड्रग्स संबधित चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित की गई। कार्यक्रम में उपराज्यपाल ने दिल्ली को सुरक्षित बनाने के दिल्ली पुलिस के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सुरक्षित और नशामुक्त दिल्ली की दिशा में सामूहिक संकल्प है। दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर नागरिकों को भी इस अभियान में भाग लेना चाहिए, ताकि आने वाले तीन वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के "नशा मुक्त और सुरक्षित भारत" के सपने को साकार किया जा सके। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य आम जनता, विशेषकर युवाओं को नशे के उपयोग और इसके नुकसान, सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करना है। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने कहा कि दिल्ली पुलिस मादक पदार्थों के विरुद्ध युद्ध व शून्य सहिष्णुता की नीति पर सख्ती से काम कर रही है और मादक पदार्थों को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फारुख, पुत्रः मोहम्मद अयूब, पताः म. नं. 814, पॉकेट—4, सेक्टर—ए—6, नरेला, दिल्ली** ने **FIR No. 205/2024, U/s 20/25/29 NDPS Act, पुलिस थाना नरेला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **फारुख** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **फारुख** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 205/2024, U/s 20/25/29 NDPS Act, पुलिस थाना नरेला, दिल्ली** के अभियुक्त **फारुख** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.03.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री धीरेन्द्र राणा**
**विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस), उत्तर**
**कमरा नं. 207, द्वितीय तल**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1036/ON/2025**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि उर्फ घोड़ी, पुत्रः रामवीर कश्यप, पताः बी —247, गली नंबर 9, पूर्वी आजाद नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 834/2015, U/s: 323/34 IPC, पुलिस थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रवि उर्फ घोड़ी** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **रवि उर्फ घोड़ी** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना कृष्णा नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **रवि उर्फ घोड़ी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.03.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार,**
**श्री पी. भार्गव राव,**
**जेएमएफसी—05, पूर्व जिला, कमरा नंबर 03**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1860/SHD/2025**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नितिन शर्मा, पुत्रः हरि नारायण शर्मा, पताः 4/1982/25ए, गली नंबर 16, पांडव रोड, भोलानाथ नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 231/22, U/s: 279/338 IPC, पुलिस थाना शाहदरा, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नितिन शर्मा** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि **नितिन शर्मा** फरार हो गया है(या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना शाहदरा, दिल्ली** के अभियुक्त **नितिन शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.05.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार,**
**सुश्री स्वाति शर्मा,**
**एल.डी. सीजेएम, शाहदरा, कमरा नंबर 59**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1844/SHD/2025**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुशील**, **पुत्र** : श्री ओम दास, **पताः** मकान नं. पी—2/414, सुल्तानपुरी, दिल्ली एवं **राजीव भूटानी**, **पुत्र** : श्री दर्शन भूटानी, **पताः** मकान नं. 414, द्वितीय तल, ऋषि नगर, रानी बाग, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 99/2020 U/S 12 / 09 / 55 G. ACT, थानाः सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुशील** तथा **राजीव भूटानी** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुशील** तथा **राजीव भूटानी** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 99/2020 U/S 12 / 09 / 55 G. ACT, थानाः सुभाष प्लेस, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुशील** तथा **राजीव भूटानी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हों।

**आदेशानुसार**
**सुश्री वसुंधरा छौंकर**
**मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी (उत्तर—पश्चिम)**
**कमरा नं. 108, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1832/NW/2025 (Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल पासवान, पुत्र विनोद पासवान, निवासी एफ 04, परवाना रोड, जगतपुरी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 220/21 भा.द.सं. की धारा 356/379/411 के तहत, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल पासवान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल पासवान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 220/21 भा.द.सं. की धारा 356/379/411 के तहत, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल पासवान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.03.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आयुषी सक्सेना**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05, कमरा नं.07**
**दूसरी मंजिल, कड़कड़डूमा कोर्ट शाहदरा, दिल्ली**

दि.पु./1292/शाहदरा/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है **गोल्डी उर्फ राहुल,** पुत्र दर्शन लाल, निवासी- मकान नं. 383, गोल्डन पैलेस के पास खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश ने **एफ आई आर नंबर 245/21 धारा 356/379/411/34 भा.द.स, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गोल्डी उर्फ राहुल** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **गोल्डी उर्फ राहुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **गोल्डी उर्फ राहुल, एफ आई आर नंबर 245/21 धारा 356/379/411/34 भा.द.स, थाना जगतपुरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 22.03.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री आयुषी सक्सेना**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-05
कमरा नं. 07, द्वितीय तल, शाहदरा जिला
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

**DP/1270/SHD/2025**

## KATI PATANG LIFESTYLE LIMITED

**(Formerly known as "VIRTUALSOFT SYSTEMS LIMITED")**
**Regd. Off: S-101 Panchsheel Park, New Delhi - 110017**
**PHONE No. 011-42701491, www.iamkatipatang.com**
**CIN: L72200DL1992PLC047931**

**EXTRACT STATEMENT OF UN AUDITED STANDLONE & CONSOLIDATED FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER DECEMBER 31, 2024**

(Figures Rs. in Lacs)

| Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter ending/ Current Year ending (Un-audited) | Year to date Figures/Previous Year ending (Audited) | Corresponding 3 months ended in the previous year Quarter (Un-audited) | Quarter ending/ Current Year ending (Un-audited) | Year to date Figures/Previous Year ending (Audited) | Corresponding 3 months ended in the previous year Quarter (Un-audited) |
| | 31.12.2024 | 31.03.2024 | 30.09.2024 | 31.12.2024 | 31.03.2024 | 30.09.2024 |
| Total income from operations (net) | 30.00 | 138.73 | 30.00 | 434.38 | 511.82 | 362.34 |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | (32.04) | (111.20) | 3.34 | (153.93) | (240.58) | (35.01) |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | (32.04) | (111.20) | 3.34 | (153.93) | (240.58) | (35.01) |
| Equity Share Capital | 3442.33 | 1029.76 | 3442.33 | 3442.33 | 1029.76 | 3442.33 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 |
| Earnings Per Share (before extraordinary items) (of ₹ 10/- each) | | | | | | |
| Basic : Diluted: | | | | | | |
| Basic : | (5.64) | (1.41) | (27.13) | (0.52) | (1.90) | (0.28) |
| Diluted : | (5.64) | (1.41) | (27.13) | (0.52) | (1.90) | (0.28) |
| Earnings Per Share (after extraordinary items) (of ₹10/- each) | | | | | | |
| Basic : | (5.64) | (1.41) | (27.13) | (0.52) | (1.90) | (0.28) |
| Diluted : | (5.64) | (1.41) | (27.13) | (0.52) | (1.90) | (0.28) |

**NOTES**

(The above is in extracrt of the detailed format of the Standlone and Consoliated Quarterly Un Audited Financial Result for the Quarter ended December 31, 2024 filed with the Stock Exchange under Regulations 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange **websites.www.besindia.com** and on the Company **websites.www.virtsoft.com.**

**New Delhi**
**17/02/2025**

**For Kati Patang Lifestyle Limited**
**Sd/-**
**Gokul Tandan**
**Managing Director**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश**
**9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# शपथ ग्रहण समारोह के लिए रामलीला मैदान में तैयारी शुरू

## शपथ ग्रहण और सरकार गठन को लेकर सोमवार शाम प्रदेश भाजपा की बैठक होगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली में सरकार बनने जा रही है। यहां रामलीला मैदान में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो गई हैं। हालांकि, अभी तक मुख्यमंत्री का नाम उजागर नहीं हुआ। शपथ ग्रहण और सरकार गठन को लेकर सोमवार शाम प्रदेश भाजपा की बैठक होगी। इसमें विधायक दल की बैठक को लेकर समय व तारीख तय होगी। बैठक में शपथ ग्रहण समारोह के इंचार्ज विनोद तावड़े और तरुण चुघ के अतिरिक्त दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व भाजपा के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। साथ ही बैठक के बाद शपथ ग्रहण समारोह की तारीख, समय और जगह की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। तैयारियों से लेकर



मेहमानों की लिस्ट भी फाइनल की जाएगी। 20 फरवरी शाम 4:30 बजे रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। दरअसल, 8 फरवरी को चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा ने दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से 48 सीटों पर जीत दर्ज कर प्रचंड बहुमत प्राप्त किया था। उसके बाद से सरकार गठन के लिए लगातार भाजपा शीर्ष नेतृत्व के बीच मंथन चल रहा था। बीच में प्रधानमंत्री मोदी की तीन दिवसीय विदेश यात्रा के चलते भी यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। अब बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री का नाम लगभग तय हो गया है और सोमवार को पर्यवेक्षकों की घोषणा कर दी जाएगी। इसके बाद 18 या 19

**उजागर**

**▶▶ शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो गई हैं। अभी तक मुख्यमंत्री का नाम उजागर नहीं हुआ**

फरवरी को विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा के बाद 20 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले जब अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में पहली बार गठबंधन सरकार और दूसरी व तीसरी बार प्रचंड बहुमत की सरकार बनाई थी तब उन्होंने भी रामलीला मैदान में ही शपथ ली थी। अब भाजपा भी वहीं से सरकार बनाने जा रही है।

## लूट की साजिश नाकाम, बाबा गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले के वसंत कुंज नॉर्थ थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बाबा गैंग के दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपित दिल्ली और हरियाणा में संगठित अपराध को अंजाम देने की फिराक में थे। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान गौरव (20) और दीपांशु (21) के रूप में हुई है। दोनों हरियाणा के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके पास से एक पिस्टल, दो मैगजीन, 10 कारतूस, तीन देशी कट्टे, पांच जिंदा कारतूस, 20,000 लूट की रकम, अपराध में इस्तेमाल कार और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की हैं। दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि 14 फरवरी को सुबह करीब 11 बजे, वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि महिपालपुर स्थित एक करेंसी एक्सचेंज में तीन बदमाशों ने हथियार के बल पर 1.5 लाख नकद और 6 लाख की विदेशी मुद्रा लूट ली।

# आतिशी के आरोप हताशा और बौखलाहट का नतीजाः विजेंद्र गुप्ता

**कसा तंज**

**▶▶ मुख्यमंत्री आतिशी पर तंज कसते हुए कहा कि वह पार्टी की हार को स्वीकार नहीं कर पा रही हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** रोहिणी के भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने सोमवार को दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी पर तंज कसते हुए कहा कि वह पार्टी की हार को स्वीकार नहीं कर पा रही हैं। आतिशी का आरोप उनकी हताशा और बौखलाहट का नतीजा है। उन्होंने उन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें आतिशी ने कहा है कि भाजपा ने नगर निगम और दिल्ली सरकार के खजाने को खाली कर दिया है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और सौरभ भारद्वाज जैसे बड़े नेताओं के हारने के कारण आतिशी अकेलापन महसूस कर रहीं हैं। इसी कारण भाजपा पर आरोप लगा रहीं हैं। उन्होंने कहा कि आआपा के 62 में से 13 विधायक विधानसभा का चुनाव हार गए हैं। गुप्ता ने कहा कि नगर निगम में फण्ड की समस्या है तो इसके लिए खुद आआपा सरकार ही जिम्मेदार है। नगर निगम की वित्तीय स्थिति के डावांडोल होने का प्रमुख कारण आआपा सरकार द्वारा छठे दिल्ली वित्त आयोग का गठन न करना है। आयोग ही नगर निगम के लिए वित्तीय प्रबंधन की व्यवस्था करता है। आतिशी का आरोप बहुत ही हास्यास्पद है।उन्होंने कहा कि नगर निगम में 2022 से आम आदमी पार्टी काबिज है और सत्ता में होने के बावजूद आआपा ने वहां कोई काम नहीं किया। सफाई, कूड़ा प्रबंधन और सीवर की समस्या के लिए नगर निगम जिम्मेदार है। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यही स्थिति दिल्ली के खजाने की है, जिसे आआपा सरकार ने अपने भ्रष्टाचार से खाली कर दिया है। भाजपा पर आरोप लगा रहीं हैं।

## रेलवे स्टेशन पर भगदड़ का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। एक याचिका दाखिल करके मांग की गई है कि केंद्र और सभी राज्य मिलकर एक विशेषज्ञ कमेटी बनाए, जो क्राउड मैनेजमेंट और भगदड़ रोकने के लिए दिशा-निर्देश तैयार करे।वकील विशाल तिवारी ने दायर याचिका में भारतीय रेलवे को निर्देश देने की मांग की है कि वह रेलवे स्टेशनों और प्लेटफार्मों पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए उपाय करे। याचिका में कहा गया है कि रेलवे स्टेशन के गलियारों को चौड़ा करना, बड़े ओवरब्रिज और प्लेटफार्मों का निर्माण करना, रैंप और एस्केलेटर के जरिये प्लेटफार्मों तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना चाहिए। याचिका में कहा गया है कि व्यस्त समय के दौरान आगमन या प्रस्थान प्लेटफार्मों में किसी भी तरह के बदलाव से सख्ती से बचना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में करीब 18 लोगों के मरने की खबर है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार आज होंगे सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने कल मुख्य** निर्वाचन आयुक्त के पद से सेवानिवृत्त होने जा रहे राजीव कुमार को विदाई दी। राजीव कुमार 01 सितंबर 2020 को चुनाव आयुक्त बने थे और 15 मई, 2022 को देश के 25वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया था। अपने विदाई भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए 1.5 करोड़ मतदान अधिकारियों को उनके समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के लोकतांत्रिक संस्थानों पर प्रेरित और अपुष्ट हमलों के बावजूद लगभग एक अरब मतदाताओं का भरोसा अडिग है। उन्होंने मतदाताओं की विशेष रूप से महिला मतदाताओं की उनकी जीवंत भागीदारी के लिए सराहना की और कहा कि चुनावी प्रक्रिया अब अधिक समावेशिता की ओर बढ़ रही है। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के समावेशी, परिवर्तनकारी और उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत मिली है और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में



भारत का कद वैश्विक स्तर पर और बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि आयोग में उनके कार्यकाल की विशेषता संरचनात्मक, तकनीकी, क्षमता विकास, संचार, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और प्रशासन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में मौन लेकिन गहन सुधारों की रही। राजीव कुमार के कार्यकाल में कई चुनावी सुधार किए गए। इनमें 17 के

**लोकतांत्रिक**

**▶▶ राजीव कुमार 01 सितंबर 2020 को चुनाव आयुक्त बने थे 25वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया था**

अधिक आयु के युवाओं के लिए उन्नत आवेदन सुविधा के साथ मतदाता पंजीकरण के लिए चार अर्हता तिथियों को क्रियान्वित करना शामिल रहा। मतदाता पंजीकरण के लिए सरलीकृत फॉर्म; असम में परिसीमन के साथ चुनावी सीमाओं को फिर से परिभाषित करना; मतदाता सुविधा केंद्र पर मतदान कर्मियों द्वारा मतदान सुनिश्चित करना ताकि किसी भी तरह की धमकी, देरी और गलत कामों से बचा जा सके। इन पहलों का उद्देश्य चुनाव प्रशासन को आधुनिक बनाते हुए प्रत्येक पात्र नागरिक को सशक्त बनाना था। कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान 31 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में चुनाव कराये।

इसके साथ ही 2022 के राष्ट्रपति और उप-राष्ट्रपति चुनाव, 2024 के लोकसभा चुनाव और राज्यसभा में विभिन्न रिक्तियों को पूरा कराने से जुड़े चुनाव कराए।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला कर्मी की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बेटे के साथ घर जा रही नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) में कार्यरत महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस का कहना है कि घटना के बाद आरोपित ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस केस दर्ज कर आरोपित चालक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान सुनीता (50) के रूप में हुई है। सुनीता एनडीएमसी की कर्मचारी थीं। बताया जा रहा है कि सोमवार दोपहर 1 बजे ड्यूटी के बाद वह बाइक से घर जा रही थीं। बाइक बेटा चला रहा था, वह पीछे बैठी थीं।

# मैरी कॉम, अवनि ने परीक्षा पे चर्चा के 7वें एपिसोड में भाग लिया

**मार्गदर्शन**

**▶▶ कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है और शॉर्टकट से कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सोमवार को सातवें एपिसोड में प्रतिष्ठित खिलाड़ी एमसी मैरी कॉम, अवनी लेखरा और सुहास यतिराज शामिल हुए। उन्होंने एक स्वर में इस बात पर जोर दिया कि कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है और शॉर्टकट से कुछ भी हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन के माध्यम से लक्ष्य निर्धारण,




लचीलापन और तनाव प्रबंधन के बारे में बात की। उन्होंने अपने जीवन से व्यक्तिगत किस्से भी साझा किए और बताया कि उन्होंने अपने जीवन में खेलों से क्या सीखा है। मैरी कॉम ने बताया कि कैसे उन्होंने इस लोकप्रिय धारणा को चुनौती दी कि मुक्केबाजी महिलाओं का खेल नहीं है। उन्होंने न केवल अपने लिए बल्कि पूरे देश की महिलाओं के लिए सामाजिक धारणाओं को चुनौती दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह का हवाला देते हुए कहा कि खुद को आगे बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए।

उन्होंने एक बेटी, पत्नी और मां के रूप में अपने 20 साल के सफर को साझा किया। उन्होंने कड़ी मेहनत के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि समर्पण और दृढ़ता ही सफलता के सच्चे चालक हैं।

# एआईसीटीई ने आईडीई बूटकैंप के दूसरे संस्करण का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीताराम ने सोमवार को इनोवेशन, डिजाइन और उद्यमिता (आईडीई) बूटकैंप के दूसरे संस्करण के फेज-2 का उद्घाटन किया। आईडीई बूटकैंप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक प्रमुख पहल है। शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल (एमआईसी) और एआईसीटीई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर में छात्र इनोवेटर्स के बीच इनोवेशन, डिजाइन विशेषज्ञता और उद्यमशीलता के कौशल को बढ़ावा देना है। इस मौके पर प्रो. टी.जी. सीताराम ने अपने संबोधन में बूटकैंप को इनोवेशन और डिजाइन थिंकिंग का उत्सव बताया, जिसमें भारत के विकास के लिए उत्पादीकरण (प्रोडक्टाइजेशन) के महत्व पर जोर दिया गया है। उन्होंने प्रतिभागियों से उत्पाद विकास और नवाचार के लिए डिजाइन



थिंकिंग को एक मुख्य उपकरण के रूप में अपनाने का आग्रह किया। प्रो. सीताराम ने आगामी एआईसीटीई प्रोडक्टाइजेशन फेलोशिप के बारे में भी जानकारी दी जो प्रोडक्टाइजेशन की संस्कृति को बढ़ावा देने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि एआई हमारे काम करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा, शोध और नवाचार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने देश भर में बूटकैंप को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए वाधवानी फाउंडेशन की सराहना की। एआईसीटीई के उपाध्यक्ष और सीआईओ डॉ. अभय जेरे ने इस बात पर जोर दिया कि एआईसीटीई और एमआईसी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो छात्रों को नवीन विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और उन्हें सक्षम बनाते हैं। डॉ. जेरे ने उद्यमोत्सव-2025 की सफलता को भी साझा किया, जहां 300 से अधिक स्टार्टअप ने पूरे भारत से 100 से अधिक निवेशकों के सामने अपने विचार प्रस्तुत किए। उल्लेखनीय है कि जून 2023 में शुरू हुई आईडीई बूटकैंप की

**उद्यमशीलता**

**▶▶ छात्र इनोवेटर्स के बीच इनोवेशन, डिजाइन विशेषज्ञता और उद्यमशीलता के कौशल को बढ़ावा देना है**

पहल को पहले ही काफी सफलता मिल चुकी है। पिछले साल 34 बूटकैंप आयोजित किए गए जिसमें 7,000 से अधिक छात्र इनोवेटर और फैकल्टी मेंटर शामिल हुए। इन बूटकैंप ने प्रतिभागियों को इनोवेटिव उत्पाद और स्टार्टअप विकसित करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस किया है। बूटकैंप के दूसरे चरण का उद्देश्य विशेष छात्रवृत्ति योजना के तहत जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख के छात्रों सहित देश भर के उच्च शिक्षा संस्थानों से 3,000 से अधिक छात्र इनोवेटर और इनोवेशन एंबेसडर को शामिल करना है। बूटकैंप 17 से 21 फरवरी तक चलेगा।




# भारत विकसित देश बनने की दिशा में अग्रसर :- सैनी

## प्रदेश में 5 हजार लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित, अब तक 1500 से ज्यादा बनी लखपति दीदी -मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने में सफल होगा और वर्ष 2029 तक विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट से विकसित भारत के चार स्तंभों - गरीब, युवा, किसान व महिलाओं - को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। नायब सिंह सैनी रोहतक जिला के गांव खरावड़ स्थित एलपीएस बोसार्ड में मशीनिंग सेंटर एवं मैमोग्राफी बस के उद्घाटन के उपरांत उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने एलपीएस बोसार्ड के मशीनिंग सेंटर, औद्योगिक इकाई तथा कॉर्पोरेट कार्यालय का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि एलपीएस बोसार्ड द्वारा जनहित






में रक्तदान तथा सामान्य जांच की दो बसें संचालित की जा रही हैं। अब प्रबंधन द्वारा महिलाओं के कैंसर की जांच के लिए मैमोग्राफी बस शुरू की गई है, जिससे प्राथमिकी रिपोर्ट प्राप्त होगी। इसके माध्यम से महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर की जांच की जा सकेगी तथा उन्हें इलाज मिल सकेगा।

**हर गरीब व्यक्ति के अपने घर का सपना हो रहा साकार**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश में हर गरीब व्यक्ति के सिर पर छत के सपने को साकार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। गत 10 वर्षों में 4 करोड़ पात्र गरीब व्यक्तियों को मकान उपलब्ध करवाए गए हैं तथा भविष्य का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन करने वाले प्रदेश के सभी पात्र 77 हजार आवेदकों को योजना के तहत धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा किसानों की शत - प्रतिशत फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने वाला देश का प्रथम राज्य है। सरकार द्वारा महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता व ड्रोन दीदी को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना के तहत प्रदेश में 5,000 लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें से 1500 से ज्यादा महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जा चुका है।

**योग्यता के आधार पर 2 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का संकल्प**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में बिना भेदभाव के हर क्षेत्र का एक समान विकास किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा गत 10 वर्षों के दौरान बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर 20 किलोमीटर की दूरी पर एक राजकीय महाविद्यालय स्थापित करने का निर्णय लिया, जिसके

**सशक्त**

▶▶ वर्ष 2029 तक भारत होगा विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बजट से युवा, किसान व महिलाएं होंगी सशक्त

तहत प्रदेश में 79 राजकीय महाविद्यालय स्थापित किए गए। इनमें से 32 राजकीय महाविद्यालय केवल छात्राओं के लिए हैं। प्रदेश सरकार की नीति के फलस्वरूप युवाओं का पढ़ाई की तरफ रूझान बढ़ा है तथा वे बढ़-चढकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची सरकारी रोजगार दिया जा रहा है। आगामी 5 वर्षों में सरकार द्वारा बिना पर्ची-बिना खर्ची योग्यता के आधार पर 2 लाख युवाओं को नौकरी देने का संकल्प है।

# प्रदेश में बनेगी नगर निकाय के रूप में तीसरी सरकार: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि घर-घर तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए अब प्रदेश में नगर निकाय के रूप में तीसरी सरकार बनेगी। प्रदेश में केन्द्र, राज्य और अब शहर की सरकार मिलकर तेजी के साथ विकास कार्यों को पूरा करेगी। नगर निकायों के चुनावों में भाजपा के मेयर, चेयरमैन और पार्षद भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कुरुक्षेत्र के थानेसर में कार्यकर्ताओं से बातचीत कर रहे थे। नायब सिंह ने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों पर लगातार विश्वास जता रही है। हरियाणा विधानसभा चुनावों में भी प्रदेश की जनता ने भाजपा को लगातार तीसरी बार जन सेवा का दायित्व सौंपा है और दिल्ली में हुए चुनावों में भी भारतीय जनता पार्टी ने भारी बहुमत से अपनी जीत दर्ज की

**दावा**

▶▶ समस्त हरियाणा और प्रत्येक हरियाणवी की तरक्की और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है

है। हरियाणा निकाय चुनावों में भी भाजपा अपनी जीत का परचम लहराएगी। भाजपा चुनाव को लेकर हमेशा गंभीर रहती है और स्थानीय निकाय चुनावों में भी पार्टी कार्यकर्ता पूरे जोश व मेहनत से लगे हुए है। उन्होंने कहा कि ह्रसुशासन से सेवा के संकल्प के साथ जनसेवा का दायित्व संभालते ही वर्तमान राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकासऔर हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूलमंत्र पर चलते हुए समस्त हरियाणा और प्रत्येक हरियाणवी की तरक्की और उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### खनन घोटाले की वजह से प्रदेश के राजस्व को हुआ 50000 करोड़ का नुकसान- हुड्डा

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि कैग रिपोर्ट में खनन को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। 1 साल के भीतर अवैध खनन के चलते प्रदेश के राजस्व को 5000 करोड़ का घाटा हो चुका है। यानी भाजपा के पूरे कार्यकाल के दौरान सिर्फ अवैध खनन के चलते 50000 करोड़ की चपत लग चुकी है। इस मुद्दे को कांग्रेस आने वाले विधानसभा सत्र में जोर-जोर से उठाएगी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव को कांग्रेस स्थानीय मुद्दों पर लड़ेगी। बीजेपी ने शहरों की हालत खस्ताहाल कर दी है। सड़के पूरी तरह टूटी पड़ी है और सीवरेज व्यवस्था चरमराई हुई है। सफाई व्यवस्था नाम की कोई चीज नजर नहीं आती। इन मुद्दों को कांग्रेस चुनाव के दौरान जनता के बीच लेकर जाएगी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अमेरिका से डिपोर्ट किए गए भारतीयों के मुद्दे पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारतीयों को हथकड़ी और बेड़िया बांधकर भेजना पूरी तरह निंदनीय है। भारत सरकार को इसके विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए। जिस तरह हरियाणा की बीजेपी सरकार ने अमेरिका से लौटे हरियाणवियों को लाने के लिए कैदियों वाली गाड़ी भेजी, यह उनका अपमान है।

### हरियाणा से बाहर के लोगों को सरकारी नौकरी देकर बीजेपी हमारे योग्य युवाओं का मार रही है हक: अभय सिंह चौटाला

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने बीजेपी सरकार पर ए और बी कैटेगरी की सरकारी नौकरियों में हरियाणा प्रदेश से बाहर के लोगों का चयन करने पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि ऐसा करके बीजेपी हमारे योग्य युवाओं का हक मार रही है। बीजेपी सरकार हरियाणा के युवाओं को जो पीएचडी, पोस्ट ग्रेजुएट और बीटेक किए हुए होनहार युवा हैं उनको सिर्फ डी कैटेगरी जिसमें बेलदार, चपरासी, चौकीदार और झाड़ू लगाने वाली नौकरी के लायक समझते हैं। हाल ही में जहां आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर की भर्ती में भी ज्यादातर हरियाणा प्रदेश के बाहर के लोगों की भर्ती की गई है वहीं इस भर्ती में कुल 805 पद थे उसमें से सिर्फ 530 पद ही भरे हैं और 275 पद खाली छोड़ दिए हैं। एएमओ भर्ती में एससी के 113, बीसी के 82 और ईडब्ल्यूएस कैटेगरी के 47 और सामान्य वर्ग के 33 पदों पर भर्ती ही नहीं की गई है। इससे पहले की सरकारी नौकरियों की भर्तियों में भी बीजेपी ने अधिकतर उच्च पदों पर हरियाणा प्रदेश से बाहर के लोगों का चयन किया है। इसके अलावा भी बोर्डों और निगमों में चेयरमैन पदों और कई यूनिवर्सिटी में वाइस चांसलर के पद पर बाहर के लोगों को नियुक्त किया हुआ है। आज जो युवा अमेरिका से डिपोर्ट किए जा रहे हैं वो भी बीजेपी सरकार की देन है। हरियाणा के युवा अवैध तरीके से अमेरिका इसलिए गए क्यों कि यहां उन्हें सरकारी नौकरी तो दूर की बात है बीजेपी सरकार कोई छोटा मोटा रोजगार भी नहीं दे पाई। अब उन डिपोर्ट किए गए युवाओं की हालत बेहद दयनीय हो चुकी है और भारी कर्जे के नीचे दब गए हैं।

### निकाय चुनाव में भाजपा का कमल खिलेगा और ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी : बड़ौली

**चंडीगढ़:** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने दावा करते हुए कहा निकाय चुनाव में भाजपा का कमल खिलेगा और ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार जनहित में निर्णय लेकर प्रदेश के लोगों की सेवा कर रहे हैं। भाजपा सरकार के कार्यों से जनता खुश है और माहौल भाजपा के पक्ष में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार नहीं है, कांग्रेस का अस्तित्व खत्म हो चुका है। श्री बड़ौली ने सोमवार को भाजपा मेयर प्रत्याशी राजीव जैन के कार्यालय का उद्घाटन किया और भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने की जनता से अपील की। इस मौके पर भाजपा मेयर प्रत्याशी राजीव जैन, पूर्व मंत्री कविता जैन, जिला अध्यक्ष समेत सैकड़ों कार्यकर्ता और लोग उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि निकाय चुनाव में जनता कमल का फूल खिलाएगी और अपने क्षेत्र के नॉन स्टॉप विकास के लिए ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएगी।

# माइक्रोबायोटा और स्वास्थ्य पर संगोष्ठी का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** जे. सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ द्वारा सूक्ष्मजीव आपके स्वास्थ्य को कैसे आकार देते हैं शीर्षक से एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के जैव रसायन विभाग के प्रोफेसर डॉ. रजत संधीर मुख्य वक्ता थे। डॉ. संधीर ने संगोष्ठी में सूक्ष्म जीवों और मानव स्वास्थ्य के बीच जटिल संबंधों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि कैसे सूक्ष्म जीव हमारे शरीर का एक

**प्रभावित**

▶▶ कैसे सूक्ष्म जीव हमारे शरीर का एक अभिन्न अंग बन गए हैं, जो विभिन्न शारीरिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करते हैं

अभिन्न अंग बन गए हैं, जो विभिन्न शारीरिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करते हैं। उभरते हुए साक्ष्य बताते हैं कि माइक्रोबायोटा के डिस्बायोसिस से कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, जो भविष्य में माइक्रोबायोटा-आधारित उपचारों की क्षमता को दर्शाती है।

# विश्व में पहचान बना रहा सूरजकुंड मेला

**चंडीगढ़: फरीदाबाद के सूरजकुंड** में चल रहा विश्व के प्रसिद्ध मेलों में से एक सूरजकुंड मेला अब शिल्प के साथ-साथ सांस्कृतिक मंचों से भी अपनी अनूठी पहचान बना रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन और पर्यटन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा के नेतृत्व में मेला परिसर में पहली बार एक साथ चार मंचों पर सांस्कृतिक गतिविधियां लगातार आयोजित करवाई जा रही हैं। 38वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले में महा चौपाल पर आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या में प्रख्यात कलाकार दर्शकों का जहां मनोरंजन कर रहे हैं। वहीं बड़ी चौपाल भी देश के विभिन्न राज्यों और विदेशी



कलाकारों की शानदार कार्यक्रमों से खूब सज रही है। छोटी चौपाल पर हरियाणवी लोक कलाकार हरियाणवी स्टाइल में अपना रंग जमा रहे हैं। इस बार नाट्यशाला में नन्हें कलाकारों को मंच प्रदान किया गया है। यह मेला शिल्पकारों के हुनर को विश्वभर में नई पहचान तो दे ही रहा है , वहीं शिक्षण संस्थानों से लेकर देश-विदेश के कलाकारों को बेहतरीन सांस्कृतिक मंच भी प्रदान कर रहा है।

**निगम की पूरी टीम व्यवस्था प्रबंधन पर रख रही नजर**

हरियाणा पर्यटन विभाग की प्रधान सचिव कला रामचंद्रन व प्रबंध निदेशक डा. सुनील कुमार की देखरेख में निगम के महाप्रबंधक आशुतोष राजन, डीजीएम यू.एस.भारद्वाज, एजीएम हरिवंद्र सिंह यादव और एजीएम राजपाल सिंह मेले से जुड़े हर पहलू पर फोकस करते हुए टीम सहित नियमित रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों व अन्य गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उनका प्रयास है कि मेला में भागीदार देश विदेश के शिल्पकारों सहित आने वाले पर्यटकों को कला एवं संस्कृति की अद्भुत जानकारी हासिल हो पाए।

**जलवा कायम**

▶▶ एक साथ चार मंचों से दर्शकों का दिल जीत रहे देश-विदेश के कलाकार, मेले में जलवा कायम

# हरियाणा में मधुमक्खी पालन पर दिया जा रहा जोर : श्याम सिंह राणा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश में फसल विविधिकरण की तरफ कदम बढ़ाते हुए मधुमक्खी पालन व्यवसाय पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए मधुमक्खी पालन नीति भी बनाई गई है , ऐसी नीति बनाने वाला हरियाणा पहला राज्य है। राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक प्रदेश में 15,500 मीट्रिक टन शहद के उत्पादन का लक्ष्य रखा है। श्याम सिंह राणा ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में मधुमक्खी पालन की गतिविधियों, जैसे-शहद उत्पादन, पोलन निष्कर्षन, गुणवत्ता मूल्यांकन को बढ़ावा देने के लिए एक नया कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत मधुमक्खी पालकों को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने आगे बताया कि मधुमक्खी पालन नीति-(2021) तैयार करने वाला हरियाणा पहला राज्य है। इस नीति के अन्तर्गत विभिन्न गुणवत्ता हस्तक्षेपों के माध्यम से गुणवत्तापरक शहद उत्पादन पर ध्यान केन्द्रित करने के उद्देश्य से 10 वर्षीय कार्य योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत शहद का उत्पादन वर्तमान 4500 मीट्रिक टन से बढ़ा कर वर्ष 2030 के अंत तक 15,500 मीट्रिक टन करने का लक्ष्य है। कृषि मंत्री ने बताया कि कुरुक्षेत्र जिला में "एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र, रामनगर" स्थापित किया गया है। इस केंद्र में मधुमक्खी पालकों को प्रशिक्षित किया जाता है ताकि वे अपना व्यवसाय शुरू कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि इस केंद्र से सामान खरीदने पर मधुमक्खी पालकों को विशेष रियायतें दी जा रही हैं।

# जल सुरक्षित राष्ट्र कॉन्फ्रेंस में शामिल होंगे रणबीर गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** राजस्थान के उदयपुर में 18 व 19 फरवरी, 2025 को दो दिवसीय अखिल भारतीय "जल सुरक्षित राष्ट्र" विषय पर राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित होगी। इस कॉन्फ्रेंस में देश के सभी राज्यों के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्रियों के साथ हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा भाग लेंगे।

यह कांफ्रेंस 2047-विकसित भारत के परिप्रेक्ष्य में रखी गई है। कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जल स्थिरता और सुरक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दों पर राज्यों के साथ विचार विमर्श किया जाएगा।

# शिल्प मेला में सुगंध बिखेर रही ओडिशा की धूप अगरबत्तियां

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** फरीदाबाद में अरावली की वादियों में चल रहे 38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन आत्मनिर्भर भारत की झलक साफ तौर पर देखने को मिल रही है। देश भर में जहां शिल्पकार, बुनकर और कलाकार अपनी कला के जरिये प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं, वहीं सरकार द्वारा कला और संस्कृति के प्रोत्साहन में हर व्यक्ति को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करते हुए उन्हे स्किल्ड बनाया जा रहा है, ताकि 2047 तक आत्मनिर्भर भारत में शिल्पकारों का भी पूरा योगदान हो। मेले में आए देश विदेश के कलाकार, शिल्पकार व स्वयं सहायता समूह बेहतरीन प्लेटफार्म मिलने से खुश हैं। वे हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद कुमार शर्मा का आभार जता रहे हैं। कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को स्वयं सहायता समूह द्वारा मूर्त रूप दिया जा रहा है। सूरजकुंड मेले में अबकी बार थीम स्टेट उड़ीसा की विजयलक्ष्मी महापात्रा स्टाल नंबर-114 पर अपनी अनूठी धूपबत्तियों के साथ विशेष पहचान बना रही हैं। खुद के साथ ही स्वयं सहायता समूह बनाकर विजय लक्ष्मी दूसरों को स्वरोजगार की धारा से जोड़ रही हैं। विजय लक्ष्मी व उनके समूह द्वारा निर्मित 22 प्रकार की प्राकृतिक और सुगंधित धूपबत्तियां मेले में आने वाले पर्यटकों को न केवल आकर्षित कर रही हैं बल्कि आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उत्पादों की उपयोगिता का भी संदेश दे रही हैं।

इस समूह ने पूरी तरह से प्राकृतिक सामग्री से बनी धूपबत्तियाँ तैयार की हैं। इनमें चंदन, केवड़ा, गुलाब, नागचंपा, रजनीगंधा, लौंग, इलायची और हवन विशेष जैसी 22 सुगंधें शामिल हैं। इनकी खासियत यह है कि इनमें कोई रासायनिक मिश्रण नहीं होता, जिससे पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचता और शुद्धता बनी रहती है। सूरजकुंड मेले में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को इस स्वयं सहायता समूह की धूपबत्तियाँ खूब पसंद आ रही हैं। न केवल इनकी सुगंध बल्कि उनकी गुणवत्ता और प्राकृतिकता भी ग्राहकों को लुभा रही है। ओडिशा की विजयलक्ष्मी महापात्रा का कहना है, हमारे समूह का उद्देश्य सिर्फ उत्पाद बेचना नहीं है, बल्कि लोगों को शुद्ध और प्राकृतिक धूपबत्तियों से परिचित कराना है। हम चाहते हैं कि लोग स्वदेशी उत्पादों को अपनाएँ और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में योगदान दें। इस समूह से जुड़ी महिलाएं न केवल धूपबत्तियाँ बनाती हैं।

# हरियाणा का वर्तमान और भविष्य चौपट करने में लगी है भाजपा सरकार: कुमारी सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार हरियाणा का वर्तमान और भविष्य चौपट करने में लगी हुई है एक ओर जहां बेरोजगारी बढ़ती जा रही है तो दूसरी ओर बच्चे स्कूलों से दूर होते जा रहे है, एक साल में प्रदेश भर के साढ़े पांच लाख विद्यार्थियों का बीच में ही पढ़ाई छोड़ देना गंभीर चिंता का विषय है। सरकार को बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में जल्द से जल्द कदम उठाना चाहिए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में ड्रॉप आउट छात्रों की समस्या बढ़ती जा रही है। सरकार को एससी और एसटी समुदायों के साथ सड़क पर रहने वाले बच्चों, भिखारियों, अनाथ, बेघरों, प्रवासियों, विमुक्त जनजातियों के समूहों की आबादी को शिक्षा के साथ जोड़ने के लिए कदम उठाने चाहिए। प्रदेश में 28 स्कूल ऐसे हैं, जिनके एक भी बच्चा नहीं पढ़ता। इन स्कूलों में शिक्षक आते हैं और बिना बच्चों को पढ़ाए चले जाते हैं। प्रदेश के शिक्षा निदेशालय के दिए आंकड़ों खुद बोल रहे है कि एक साल में प्रदेश भर के साढ़े पांच लाख विद्यार्थियों ने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी।

एक साल में हरियाणा के सरकारी स्कूलों के 2.58 लाख से अधिक बच्चों ने पढ़ाई छोड़ दी है जबकि इसी अवधि में प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले 2.91 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने बीच में ही स्कूल छोड़ा है। कुमारी सैलजा ने कहा कि गांवों में सीनियर सेकेंडरी स्कूलों की संख्या कम है ऐसे में बच्चे आगे नहीं पढ़ जाते, जहां पर स्कूलों की दूरी दो किमी से दूर होती है वहां पर अभिभावक लड़कियों की शिक्षा बीच में ही छुड़वा देते है ऐसे में अधिकतर लड़कियां स्कूल जाना छोड़ देती है।

# रेरा ट्रिब्यूनल ने दिए मानेसर में पुराने राव ढाबे को हटाने के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा रेरा ट्रिब्यूनल ने एक ऐतिहासिक निर्णय में भूमि-उपयोग नियमों का उल्लंघन करने पर मानेसर में पुराने राव ढाबे को हटाने का आदेश दिया है। ट्रिब्यूनल ने गुरुग्राम के जिला नगर नियोजन (डीटीपी) के प्रवर्तन विंग को 27 जनवरी, 2025 को निर्देश देते हुए कहा कि यह अनधिकृत संरचना 90 दिन के अंदर - अंदर हटाई जाए और भूमि को उसकी मूल स्थिति में बहाल कर रिपोर्ट सौंपी जाए। यह निर्णय लाल सिंह यादव बनाम हरियाणा राज्य (अपील संख्या 17/2021) के मामले में आया है। ट्रिब्यूनल ने पाया कि यह ढाबा राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे प्रतिबंधित नियंत्रित क्षेत्र के रूप में नामित भूमि पर अवैध रूप से बनाया गया था। इसने "जोनिंग-लॉ" अनुपालन नहीं किया था।

**अनधिकृत निर्माणों पर ट्रिब्यूनल का रुख**

ट्रिब्यूनल के चेयरमैन जस्टिस (सेवानिवृत्त) राजन गुप्ता ने इस मामले में निर्णय सुनाते हुए कहा , हरियाणा राज्य साइट को उसकी मूल स्थिति में बहाल करने के लिए स्वतंत्र है। ट्रिब्यूनल ने इस बात पर भी जोर दिया कि अनधिकृत निमार्णों को, खास तौर पर राजमार्गों के आसपास बने रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती। ट्रिब्यूनल ने 18 अगस्त, 2021 के अपने पहले के आदेश को बरकरार रखते हुए फिर से पुष्टि की कि ऐसी संरचनाएं नियंत्रित क्षेत्र के नियमों का उल्लंघन करती हैं और उन्हें हटाया जाना चाहिए।

**प्रवर्तन और अनुपालन**

कार्यवाही के दौरान ट्रिब्यूनल ने पूछा कि क्या गुरुग्राम के डीटीपी (प्रवर्तन) इस ढाबे को हटाने की प्रक्रिया पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। रेरा ट्रिब्यूनल का यह निर्णय भूमि-उपयोग कानूनों को लागू करने और राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे अनधिकृत वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को रोकने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# छेनी और हथौड़ों की ठक-ठक से उकेरी जा रही है शिलाओं पर विभिन्न संस्कृति

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** कहते हैं जिस पत्थर को छेनी और हथौड़े की मार से दर्द हो वह कभी मूर्ति नहीं बन सकती। मूर्ति बनने के लिए चाहिए सहनशक्ति, एकाग्रता, विश्वास और इन्हीं तत्व से मिलकर मूर्ति को उसका रूप दिया जाता है। यही कहानी कुछ इस तरह की फरीदाबाद के सूरजकुंड के अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में बयां हो रही है, जहां पर विभिन्न मूर्तिकार तांबे की धातुओं पर विभिन्न संस्कृति से रूबरू कराती हुई मूर्तियां बना रहे हैं। उनकी ठक-ठक की आवाज से हर एक उनकी ओर खिंचा आता है। मूर्ति बनाने को लेकर बनाए गए इस पंडाल में करीब 25 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मूर्ति कलाकार



अपनी छैनी और हथौड़े के बल पर विभिन्न संस्कृतियों को अपनी मूर्तियों में उकेर रहे हैं।

इस कला को मूर्त रूप देने का काम कला हरियाणा एवं संस्कृति कार्य विभाग बखूबी रूप से कर रहा है, जिसका श्रेय विभाग के आयुक्त डॉ. अमित कुमार अग्रवाल तथा महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग के साथ-साथ विभिन्न अधिकारियों को जाता है, जिन्होंने इस कला को आगे बढ़ाने का काम किया। कला एवं संस्कृति कार्य विभाग के कला एवं संस्कृति अधिकारी (मूर्तिकला) हृदय कौशल भी अपनी छैनी और हथौड़े से तांबे की प्लेट पर वार कर अपने मनोभावों को दर्शा रहे हैं।

**एकाग्रता**

▶▶ मूर्ति बनने के लिए चाहिए, एकाग्रता, विश्वास और इन्हीं तत्व से मिलकर मूर्ति को उसका रूप दिया जाता है

हृदय कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि विलुप्त होती कला को बचाने का यह एक पड़ाव है, जो निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग के निर्देश पर मूर्तिकला को बचाने की यह अहम भूमिका अदा की गई है। इसके लिए करीब 25 मूर्ति कला विशेषज्ञ इसमें अपने भावों को उकेर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह एक ऐसी कला है जो रेवाड़ी के ठठेरा गली से पनपी थी और वहीं पर समाप्त हो गई, लेकिन इसे आगे बढ़ाने का काम विभाग द्वारा किया जा रहा है।

इस पंडाल में युवाओं को इससे जोडने की मुहिम पर जोर दिया जा रहा है, जिसमें हैदराबाद से डा. ललिता प्रसाद, गुरुग्राम से ललित, कला अकादमी से जुड़ी गायत्री देवी, जोधपुर से डा. लीला दीवान जो स्वयं मूर्ति कला आर्ट को बनाने के काम के साथ-साथ एक लेखक भी हैं, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद याकूब और फारूक खान जोकि अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र के कलाकार हैं उनकी पांचवीं पीढ़ी इस कार्य में लगी जैसे महान कलाकार इस कला को आगे बढ़ा रहे हैं।

# हर अधिकारी में है समस्याओं के समझाने व समाधान करने की क्षमता

## शिविर में पहुंची विभिन्न विभागों से जुड़ी 112 समस्याएं, पुलिस अधीक्षक ने कहा हर समस्या का होगा समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** मुख्यमंत्री नायब सिंह के सफल प्रयास पूरे प्रदेश में विकास को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। हर जिले में लोगों की समस्याओं का समाधान प्रशासन द्वारा समाधान शिविर आयोजित करके किया जा रहा है। हर व्यक्ति समस्याओं से मुक्त होकर सशक्त होता जा रहा है। सरकार द्वारा लगाये जा रहे समाधान शिविर का शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विशेष रूप से लाभ मिल रहा है।

जिला सचिवालय के सभागार में सोमवार को जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक लौकेंद्र सिंह ने कहा कि हर फरियादी के लिए समाधान शिविर रोशनी की किरण है। अधिकारियों को समाधान शिविर में नागरिकों की आने वाली समस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक रूप से कार्य कर उनकी समस्या का समाधान करना चाहिये।

पुलिस अधीक्षक लौकेंद्र सिंह ने कहा कि अधिकारी जब दिल से कार्य करेंगे तो समस्याएं कम आयेंगी व उनका समाधान



भी बहुत ही जल्दी होगा। इसमें कोई दो राय नहीं अधिकारियों के प्रयासों से समस्याएं संभावनाओं में बदल जायेंगी। हर अधिकारी में समस्याओं को समझाने व समाधान करने की क्षमता है।

जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा ने जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए कहा कि हमारा पूरा ध्यान समस्या के समाधान पर होना चाहिये। शिविर में आने वाली समस्याएं इतनी बड़ी नहीं हैं की उनका समाधान ना हो सके। उन्होंने कहा कि जनता समाधान शिविर के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है। इसका कारण जन समस्याओं की तिव्रता से हो रही सुनवाई है। जिले के नागरिक खुले मन से समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं और समाधान करवा रहे हैं।

समाधान शिविर से जुड़े संजीव शर्मा व जोगेंद्र ने बताया कि जनता समाधान शिविर में सोमवार को जिले के 112 नागरिकों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखी जिनमें ज्यादातर पेंशन, पुलिस व क्रीड विभाग से जुड़ी हुई थी। पुलिए, अधीक्षक व जिला विकास एवं पंचायत

**विशेष रूप से लाभ**

▶▶ सरकार द्वारा लगाये जा रहे समाधान शिविर का शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को विशेष रूप से लाभ मिल रहा है

अधिकारी ने अधिकारियों के सहयोग से ज्यादातर का मौके पर निदान किया।

शिकायतकर्ता मोहित वासी कैथ ने पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह के समक्ष शिकायत रखी की कि उनके साथ बड़ा धोखा हुआ है। कबूतरबाजी के तहत उनके परिवार के साथ अन्याय हुआ है। उन्होंने न्याय की मांग की।

प्रार्थी ईश्वर सिंह वासी काबड़ी रोड़ ने प्रशासन से निवेदन किया कि अभी तक उनकी मजदूरी की ऑफलाइन कॉपी आधार कार्ड व फैमली आईडी से लिंक नहीं हो पाई है। उन्होंने प्रशासन से इसे लिंक करने की प्रार्थना की।

प्रार्थी ऊषा रानी वासी गुरूनानक कच्चा कैंप ने प्रशासन से गुहार लगाई कि मेरा लड़का जितेंद्र अकेला कमाने वाला है व मजदूरी करके जीविका चलाता है। परिवार का कोई भी सदस्य नौकरी पर नहीं है। हमारे नाम कोई जमीन है। मेरा बीपीएल श्रेणी से राशन कार्ड बना हुआ है। वो कट गया है। उन्होंने राशन कार्ड जोड़ने की प्रार्थना की। प्रार्थी जगदेव वासी रूदलपुर जो जिला देवरिया के रहने वाले है व अभी पानीपत में रह रहे है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि उनका ईलाज पीजीआई चण्डीगढ़ में चल रहा है। जिसके लिए मुझे दिल्ली से चण्डीगढ़ रेल से सफर करना पड़ता है। मेरे इस दौरान 5700 रुपए चोरी हो गए। अब मेरे पास किराया नहीं है। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाने एसएचओ को जांच के निर्देश दिए। रेजिडेंट वेलफेयर एसोशिएशन ने सैक्टर 6 से अवैध कब्जे हटवाने के लिए अनुरोध किया। पुलिस अधीक्षक ने ईओएचएसवीपी को जांच के निर्देश दिए। प्रार्थी विष्णु वासी सैक्टर 6 ने प्रशासन से अनुरोध किया कि उनके घर में चोरी हो गई। उन्होंने इस मामले की जांच सीआईए 1 द्वारा करवाने का अनुरोध किया।

# विधायक भडाना लोगों की समस्याओं का कर रहे समाधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा: विधायक** मनमोहन भडाना विधायक बनने के बाद जहां गांव-गांव जाकर धन्यवादी दौरा करते हैं और लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान कर रहे हैं, वही शहर में भी समस्याओं को लेकर वह गंभीर है। इसको लेकर उनके प्रतिनिधि विजय शेखर प्रतिदिन बाजार में खुद जाकर लोगों से मिलते है और उनकी समस्याएं सुनते हैं वही नहीं वह सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सुबह के समय गलियों में घुमते हैं ओर सफाई को लेकर पूछताछ करते हैं। विधायक

**जनता के बीच**

▶▶ गांव-गांव जाकर धन्यवादी दौरा करते हैं और लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान कर रहे हैं

प्रतिनिधि विजय ने बताया कि विधायक मनमोहन भडाना के आदेश पर हर रोज बाजार में सफाई का कार्य देखने के लिए जाता हूं। शहर वासी स्वच्छ वातावरण में रहे और शहर साफ सुथरा रहे।

# पेट-सीटी, मेडिकल इमेजिंग में साबित हो रही एक गेम चेंजर

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** कैंसर दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। कैंसर मरीजों के लिए सटीक निदान, स्टेजिंग और री-स्टेजिंग उनके सर्वोत्तम उपचार प्रबंधन के लिए आवश्यक हैं। चिकित्सा इमेजिंग ने हाल के वर्षों में



काफी प्रगति की है, और इसमें सबसे क्रांतिकारी नवाचारों में से एक है पॉज़िट्रॉन एमिशन टोमोग्राफी-कम्प्यूटेड टोमोग्राफी एफडीजी पेट-सीटी विभिन्न प्रकार के कैंसर की पहचान के लिए एक प्रभावी इमेजिंग तकनीक बनकर उभरी है। यह अत्याधुनिक तकनीक पेट की कार्यात्मक इमेजिंग को सीटी स्कैन की शारीरिक संरचना की सटीकता के साथ जोड़ती है। इन दोनों तकनीकों का संयोजन पेट या सीटी के अलग-अलग उपयोग की तुलना में अधिक लाभकारी होता है और उनकी व्यक्तिगत सीमाओं को कम करता है। मैक्स अस्पताल, शालीमार बाग के न्यूक्लियर मेडिसिन एवं पेट-सीटी विभाग की एसोसिएट डायरेक्टर एवं प्रमुख डॉ. प्रमिला पंकज ने बताया कि पेट-सीटी ने कैंसर के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। यह कोशिकाओं द्वारा बढ़ी हुई ग्लूकोज ग्रहणशीलता के आधार पर महत्वपूर्ण कार्यात्मक जानकारी प्रदान करता है और विभिन्न बीमारियों, विशेष रूप से कैंसर, का बहुत पहले पता लगाने में सक्षम है—यहां तक कि लक्षण प्रकट होने या शरीर में कोई संरचनात्मक परिवर्तन होने से पहले ही।

# बाल अधिकारों के प्रति सरकार गंभीर, कोताही बर्दाश्त नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग की सदस्य मीना शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार बाल अधिकारों के प्रति गंभीर है। कहीं भी बाल अधिकारों के उल्लंघन का मामला आता है तो संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। किसी भी प्रकार की कोताई सहन नहीं की जाएगी। आयोग की सदस्य आज यहां एडीआर सेंटर के कॉन्फ्रेंस हॉल में पोक्सो एक्ट एवं जेजे एक्ट की अनुपालना में हितधारकों (स्टेकहोल्डस) के साथ बैठक कर रही थी। इस मौके पर पुलिस, श्रम विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, सूचना एवं जनसंपर्क, किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति आदि के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि को सभी स्कूलों में यौन उत्पीडन.कमेटी और




बालिका मंच के गठन संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। मीना शर्मा ने कहा कि बच्चों से जुड़े मामलों में सभी अधिकारी एक-दूसरे से तालमेल बनाए रखें और पूर्ण निष्ठा से कर्तव्य का वहन करें। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्रों से किसी भी बच्चे को मुक्त कराने के लिये सभी प्रकार की औपचारिकताएं पूरी की जाना चाहिए। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि पोक्सो एक्ट अथवा बाल शोषण से संबंधित मामलों में समय पर एफआईआर दर्ज की जाये। उन्होंने बाल संस्थाओं में रह रहे बच्चों के स्कूल में दाखिले, फीस तथा एसएलसी आदि से संबंधित मामले तुरंत निपटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। यह निर्देश भी दिये कि सभी स्पेशल ज्यूवेनाइल यूनिट (एसजेपीयू) के तहत कार्यरत पुलिस अधिकारियों का वाट्स एप ग्रुप बनाया जाए, ताकि बच्चों से जुड़े मामलों में शीघ्र कार्रवाई की जा सके।

डीएसएलए से जुड़े एडवोकेट मुकेश ने बताया कि बच्चों से संबंधित किसी भी स्तर पर सुनवाई न होने पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के फोन नंबर 0184-2266138 अथवा एनएसएलए के

**तालमेल**

▶▶ मीना शर्मा ने कहा कि बच्चों से जुड़े मामलों में सभी अधिकारी एक-दूसरे से तालमेल बनाए रखें

हेल्पलाइन नंबर 15100 पर सुबह 9 से शाम 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। आयोग के सदस्य मांगे राम, डीएसपी मीना कुमारी, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष उमेश चानना, सदस्य निरुपमा, जेजेबी सदस्य बलराज सांगवान व सुषमा, जिला बाल कल्याण परिषद सुमन शर्मा, डा. केशव, बाल कल्याण संस्थाओं के अधीक्षकध्प्रबंधक, पीपीओ भानू शर्मा, पूनम श्योराण, डा. पूनम शर्मा, निधि, गुरमीत आदि मौजूद रहे।

# निवेशक जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीवॉक-रिटेल एवं लॉजिस्टिक्स मैंनेजमेंट विभाग द्वारा क्रिया फाउंडेशन के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए वित्तीय साक्षरता व निवेशक जागरूकता विषय पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आज की विकासशील दुनिया में वित्तीय साक्षरता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वित्तीय साक्षरता व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन के जटिल परिदृश्य को समझने और सही वित्तीय निर्णय लेने में मददगार साबित होती है।

## न्यूज फ्लैश

# नगर निगम चुनाव में मेयर पद के लिए 4 उम्मीदवारों ने किया नामांकन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि मेयर पद के लिए सोमवार को 4 उम्मीदवारों ने नामांकन किया, वहीं 2 उम्मीदवारों ने कवरिंग उम्मीदवार के तौर पर अपना पर्चा भरा। उन्होंने बताया कि 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लडने.वाले प्रत्याशियों, मतदान केन्द्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा तथा 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी और इसी दिन नतीजे घोषित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि सोमवार को भारतीय जनता पार्टी से रेनू बाला गुप्ता, कांग्रेस से मनोज वधवा, आजाद उम्मीदवार यश देव ने अपना नामांकन भरा। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार रेनू बाला गुप्ता के कवरिंग कैंडिडेट के रूप में बृज भूषण गुप्ता तथा काग्रेस के उम्मीदवार मनोज वधवा के कवरिंग कैंडिंडेट के रूप में आशा रानी वधवा ने अपना नामांकन भरा। उन्होंने बताया कि इससे पहले निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मुकेश रघुवंशी ने अपना नामांकन भरा है।

# क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़कों का डामरीकरण 10 दिन बाद शुरू हो जाएगा

**गन्नौर ।** क्षेत्र में निमार्णाधीन सड़कों का डामरीकरण 10 दिन बाद शुरू हो जाएगा। लगातार ठंड के मौसम और कम तापमान के चलते सड़कों पर डामर बिछाने का काम रुक गया था। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों का कहना है कि सर्दी के मौसम में



डामर सही तरीके से नहीं बैठ पाता। जिससे सड़क की गुणवत्ता पर असर पड़ता और सड़कों में गड्ढे और दरारें पड़ने की संभावना रहती है। इसीलिए डामरीकरण का काम फरवरी के अंत तक टाल दिया गया था। अब मौसम में बदलाव के बाद निमार्णाधीन सड़कों को जल्द ही पूरा कर दिया जाएगा। जिससे लोगों को आवगमन में काफी राहत मिलेगी।

**-इन सड़कों पर शुरू होगा काम**

पीडब्ल्यूडी द्वारा शेखपुरा संपर्क मार्ग, खेड़ी गुर्जर-भौरा रसूलपुर मार्ग और गुमड़-गढ़ी झंझारा संपर्क मार्गों पर रोड़े डाल दिए गए थे, लेकिन कम तापमान होने की वजह से इन पर डामरीकरण नहीं हो पाया। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों की अधूरी हालत से यातायात प्रभावित हो रहा है। राहगीरों को धूल और उबड़-खाबड़ रास्तों से गुजरना पड़ रहा है। कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं।

**-तेजी से पूरा किया जाएगा काम**

पीडब्ल्यूडी जेई नवनीत सेहरावत ने कहा कि अधूरे पड़े सड़कों का निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जाएगा। 10 दिन बाद कार्य शुरू कर मार्च के मध्य तक सड़कों को सुचारू रूप से तैयार कर लिया जाएगा।

# गाजे-बाजे के साथ निकला भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन का नामांकन जुलूस

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** नगर निगम सोनीपत मेयर उप चुनाव के लिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजीव जैन का नामांकन जुलूस और रोड शो पुरखास अड्डा स्थित उनके कार्यालय से गाजे बाजे के साथ निकला। इस मौके पर उनके कार्यालय में हवन यज्ञ व सभा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेकर राजीव जैन को भारी मतों से जीत दिलवाने का संकल्प लिया। सभा में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक निखिल मदान, विधायक देवेंद्र कादियान, पूर्व मंत्री कविता जैन, पूर्व विधायक अनिल ठक्कर, पूर्व विधायक निर्मल चौधरी,



डा.ओम प्रकाश आत्रेय, जिला प्रभारी सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष जसबीर दोदवा, ललित बत्रा, देवेंद्र कौशिक, नविन मंगला, नीरज आत्रेय, योगेश पाल अरोड़ा सहित भाजपा के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली सहित सभी दिग्गज नेताओं ने सभा में सोनीपत की जनता से मेयर प्रत्याशी राजीव जैन के लिए वोट करने की अपील की । वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा की राजनीति में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रच चुके मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व अब प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार भी बनेगी। सभी ने मेयर प्रत्याशी राजीव जैन को बड़े भारी मतों से जीत दिलाने का आह्वान किया। इस मौके पर राजीव जैन ने कहा कि उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता सोनीपत को प्रदेश का सबसे सुंदर व स्वच्छ शहर बनाना है । उन्होंने कहा कि जो काम पूर्व मंत्री कविता जैन के पिछले कार्यकाल में अधूरे रह गए उनको प्राथमिकता के साथ पूरा करवाऊंगा । उन्होंने कहा कि सोनीपत की जनता का आशीर्वाद उनके साथ है। वे लंबे अर्से से निस्वार्थ पार्टी की सेवा कर रहे हैं । शहर के आम लोगों के लिए उनके घर के दरवाजे चौबीस घंटे खुले रहते हैं । इसी का परिणाम है कि पार्टी ने अब उनको सोनीपत के प्रथम नागरिक की उपाधि से नवाजने के लिए मेयर उप चुनाव में टिकट दिया है। राजीव जैन ने जोर देकर कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनने के बाद योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ आम जनता को मिल रहा है। अब नगर निगम में भी ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से शहर का सर्वांगीण विकास होगा। आपके शहर के विकास के लिए धन व खजाना की कोई कमी नहीं होगी। सभा के बाद राजीव जैन के कार्यालय से गाजे बाजे के साथ नामांकन जुलूस निकली, जिसमे सभा में मौजूद सभी नेता व हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उत्साहपूर्वक नाचते गाते शामिल हुए।

# पुलिस पर्यवेक्षक ने ईवीएम और नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** अटेली व कनीना नगर पालिका चुनाव-2025 के लिए एचपीएस ध्यान चंद, पुलिस अधीक्षक पीटीसी सुनारिया को पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पुलिस पर्यवेक्षक ने आज सोमवार को अटेली व कनीना का दौरा किया और ईवीएम व नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने चुनाव के मध्यनजर कानून व्यवस्था के लिए बनाई गई रणनीति के संबंध में संबंधित पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। पुलिस पर्यवेक्षक के द्वारा चुनाव के मद्देनजर लगाए गए नाकों को भी चेक किया गया। इस दौरान संबंधित थाना प्रबंधक भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने सभी से निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित बनाने को कहा। पुलिस पर्यवेक्षक ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने को लेकर किए गए प्रबंधों की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने नाकों को भी चेक किया, नाकों पर तैनात कर्मचारियों से जानकारी ली और चैकिंग संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने नाकों पर लगाए गए रजिस्टर को भी चेक किया और कर्मचारियों को रजिस्टर में वाहनों की चैकिंग संबंधी जानकारी नोट करने के निर्देश दिए।

# पंजाब के मंत्री चोर हैं: शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा ने कांग्रेस के प्रत्याशी पर नामांकन प्रक्रिया के दौरान निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रत्याशी के साथ नामांकन प्रक्रिया के दौरान चार आदमी भी नहीं थे। भाजपा पर प्रशासन के दुरुपयोग का आरोप कांग्रेस वाले लगाते हैं, लेकिन कांग्रेस वालों के हालात ऐसे हो चुके है कि इनके साथ कोई नामांकन के दौरान जाने वाला भी नजर नहीं आता।

इसके साथ ही उन्होंने पंजाब के मंत्रियों को चोर तक बता दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के मंत्री चोर हैं। उन लोगों ने पंजाब के अंदर गदर मचा रखा है। इन लोगों ने



पंजाब को कंगाल कर दिया, पंजाब को बर्बाद कर दिया। अब वे अपनी साख बचाने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं। इनका आका केजरीवाल को लोगों ने पानी में बैठा दिया, क्योंकि उसने लोगों से बहुत ज्यादा झूठ बोला था।

अमेरिका से डिपोर्ट होने वाले अप्रवासी भारतीयों के सवाल पर महिपाल ढांडा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री इस मामले पर नजर लगाए हुए हैं। उनकी डेप्लोमेटिक बात भी शायद शुरू हुई है। चर्चा करके

**घेरा**

▶▶ कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा ने कांग्रेस के प्रत्याशी पर नामांकन प्रक्रिया के दौरान निशाना साधा

कोई न कोई हल जरूर निकाला जाएगा। डिपोर्ट के दौरान हथकड़ी में भारतीयों को बांधे जाने के सवाल पर ढांडा ने कहा कि इस तरह की बाते शुरूआती दौर में सामने आई थी। उसके बाद मामले को संज्ञान में लिया गया है।

# सब्जबाग: तीसरे बैच में करनाल के 9 युवक अमेरिका से डिपोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** अमेरिका अप्रवासी भारतीयों को डिपोर्ट कर रहा है। डिपोर्टेशन की तीसरी खेप में करनाल जिला के 9 युवक डिपोर्ट होकर घर पहुंच गए। एजेंटों ने अमेरिकन डॉलर में कमाई के सब्जबाग दिखाए और युवा उन झूठे सपनों में इतनी गहराई से घुस गए कि अपनी जमीने बेच दी और मोटा कर्ज उठाकर डंकी से अमेरिका का रुख कर गए।

जुंडला गांव का 35 वर्षीय अनुज अपनी कार वर्कशॉप का मालिक था और अमेरिका जाने के लिए 45 लाख रुपए खर्च कर दिए, लेकिन पहुंचा तो उसे डिपोर्ट कर दिया गया। ऐसे ही राहड़ा गांव का अमित अपने भाई की तरह ही विदेश में कमाई करना चाहता था, लेकिन वह भी अमेरिका से डिपोर्ट हो गया।

घरौंडा का अरूण पाल अपना आधा एकड़



जमीन का टुकड़ा बेचकर अमेरिका के लिए निकला। वह 14 महीने बाद किसी तरह से अमेरिका पहुंचा तो 20 दिन बाद ही डिपोर्ट कर दिया गया। अब इन लोगों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और सबसे बड़ी चिंता कि अब कर्ज कैसे उतारेंगे।

अरुण बताता है कि उसकी जान पहचान हिमाचल के एक एजेंट सुनील से हुई थी। जिसने 50 लाख में डिल की थी और 20 दिन में अमेरिका पहुंचाने का वादा किया था। जिसके लिए अरुण ने आधा किला बेच दिया और पैसे ब्याज पर उठाए। अरूण 9 दिसंबर 2023 को घर से दिल्ली के लिए निकल गया था। 9 दिसंबर को दिल्ली से हैदराबाद चला गया। 10 दिसंबर को हैदराबाद से दुबई पहुंचा। एजेंट ने कहा था कि दुबई में 20 दिन लग जाएंगे, लेकिन दुबई में तीन महीने तक रोका गया।

अरूण ने बताया कि मार्च 2024 में वह दुबई से थाईलैंड पहुंचा, जहां डेढ़ महीने तक रुका रहा। मई महीने में थाईलैंड से लाउस भेजा गया। जहां दो महीने तक रोका गया। अगस्त में लाउस से मुंबई वापस भेज दिया। वहां मुंबई में एक सप्ताह मुंबई रुके और फिर दिल्ली आ गया। यहां से उसकी दोबारा दुबई की फ्लाइट करवाई गई। जहां पर फिर 15 दिन रोका गया। फिर दुबई से वापिस दिल्ली भेज दिया गया। दिल्ली में फिर 15 दिन रखा गया। इसके बाद दिल्ली से साउथ अमेरिका गुवाना का वीजा मिला। फिर दिल्ली से मुंबई पहुंचा और मुंबई से 6 सितंबर 2024 को गुवाना गया। गुवाना में डेढ़ महीना रखा। आगे टेक्सी से ब्राजील पहुंचा। ब्राजील में 58 दिन रखा गया। वहां से टैक्सी की गई और टैक्सी से पेरू पहुंचा। पेरू से बोलीविया। बोलीविया से इक्वाडोर पहुंचा। इक्वाडोर से कोलंबिया और कोलंबिया से कपूर गाना तक का सफर किया। कपूर गाना से किश्ती से पानी का रास्ता तय किया। जो करीब डेढ़ घंटे का था। जिसके बाद कैलेडोनिया पहुंचे। फिर 10 मिनट की कश्ती का सफर किया। उसके बाद पनामा पहुंचे। उसने बताया कि पनामा जंगल में दो दिन पैदल चले। जंगल में बुरा हाल था। खाने के लिए बीफ और चावल देते हैं। हमें बीफ खाना नहीं था और कच्चे पक्के चावल दिए जाते थे। उसके लिए भी डोंकर पांच डॉलर तक चार्ज करता था। पनामा के बारे में जैसा सुना था वैसा ही था। कहीं पर लाशें तो कहीं पर कंकाल पड़े होते थे। पनामा से निकलकर कोस्टरेका कंट्री पहुंचे। यही पर फिंगर आइडेंटिफिकेशन हुई। 30 डॉलर का टिकट दिया। इसके बाद निकारगुवाह पहुंचे। निकारगुवाह से होड्रंस और होंड्रस से ग्वाटामाला। ग्वाटामाला से किश्ती का सफर और फिर तपाचोला में पहुंच गए।

**HOUSING BOARD HARYANA SONIPAT**
**OFFICE OF ESTATE MANAGER**
**PUBLIC NOTICE**

It is for the information to the General Public as well as to the concerned that House No. 439-GF in Housing Board Colony Sector-17 Sonipat, was allotted in the name Sh. Ramesh S/o Sh. Aya Ram vide this office letter No. 3967 dated 4/9/2019

Now Ramesh (Through GPA) Sh. Joginder Pal S/o OmParkesh has submitted documents for transfer of above said house in favour of Asha Rani w/o Joginder Pal R/0-38, W-14, Deepak mandir Prem colony, Sonipat

If Any person has any objection regarding transfer of this house he/she should file objection with documentary proof, in writing, in person to this office(on address given below) within 15 days from the date of publication of this notice. If no objection is received from any person within this stipulated period, the permission for transfer of House will be granted in favour of Asha Rani w/o Joginder Pal by this office on the basis of documents submitted by allottee. As per policy of the Board No claim/objection shall be entertained after that in this regard.

**Estate Manager,**
**Housing Board Haryana,**
**Sonipat**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पंकज चौधरी पुत्रः** शुभ राम **पताः** मकान नंबर 14/10, ईस्ट पटेल नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 55/2019, U/s 323/325/341/506 IPC थानाः राजिंदर नगर दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज चौधरी,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पंकज चौधरी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 55/2019, U/s 323/325/341/506 IPC थानाः राजिंदर नगर दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **पंकज चौधरी,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री प्रीति**
**जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 150**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1590/CD/2025**
**(Court Matter)**

## संपादकीय

# ज्ञान और साहित्य को देश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता

**यह सर्वविदित** है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैं' संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया है' वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप है' यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया है' जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी' मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा है' शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती है' शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया है' वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती है' पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया है' यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया है' शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है' पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है'

दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है ' राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है। स्वतंत्रता के पहले तथा बाद में राजनीतिक घटनाक्रम जिस नव परिवर्तन युग की तरफ अग्रसर हुए हैं वह अत्यंत उल्लेखनीय है' भारतीय सभ्यता समाज और संस्कृति जितनी जटिल तथा गूढ है उसको जितना समझा जाए, उसका जितना अध्ययन किया जाए तो उससे नवीन बातें समझ में आती है, और उसके नए नए अर्थ हमारे सामने आते हैं, जिसका बहु आयामी उपयोग हम अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने के लिए सदैव कर सकते हैं।

# संभाजी की वीरता की कहानी है फिल्म 'छावा'



अर्चित सक्सेना-

> "इस फिल्म का सबसे दमदार और प्रभावी दृश्य वह है जब औरंगजेब धोखे से कैद किये संभाजी महाराज से कहता है कि, हमारी तरफ आ जाओ ऐश से जीवन गुजारोगे, बस अपना धर्म बदलना पड़ेगा तब संभाजी जो जबाव देते हैं वह सुनने व समझने लायक है। वे कहते हैं हमारी तरफ आ जाओ सारी सुख सुविधाएं मिलेंगी और धर्म भी नहीं बदलना पड़ेगा । फिल्म का यह इतना जबरदस्त संदेश है जो हर किसी को ग्रहण करना चाहिए क्योंकि, हिन्दवी स्वराज्य की असल संकल्पना यही है। जहां किसी भी धर्म या जाति से कोई विरोध नहीं है। औरंगजेब का सम्प्रदाय अपना मुल्क बनाने सबको एक रंग में रंगने पर अड़ा रहा जबकि, हिन्दू समाज विविधता में एकता के सिद्धांत पर चलता हुआ आगे बढ़ रहा है। औरंगजेब ने संभाजी पर जो अत्याचार किए उसकी एक बानगी भी यह फिल्म दिखाती है"

**भारतीय वीर** सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज की वीर गाथाएं तो हम सब जानते हैं लेकिन,उनके सुपुत्र संभाजी महाराज की वीर गाथा कुछ अनसुनी और अनकही सी ही है। हमारी पीढ़ी तो विशेष कर उनकी वीरता की गाथा से अनजान ही है। स्वतंत्रता के लिए हमारे देश में अनगिनत वीरों ने बलिदान दिया है। हमारी पाठ्यपुस्तकों में जो पढ़ाया गया उसमें मुगलों के तो दास दासियों का भी विस्तार से वर्णन है लेकिन उसी समय के अनगिनत वीर योद्धाओं को तो मानो गुमनामी में धकेल दिया गया है। यह तो उन लेखकों और इतिहासकारों की अनुकंपा और अपने राष्ट्र के प्रति अगाध प्रेम रहा जो उन्होने इतिहास के उन अनसुने नायकों के बारे में लिखने का जोखिम लिया और ऐसे वीर सपूतों की वीरगाथाएं जीवंत रह पायी। भारतीय इतिहास के ऐसे ही वीर योद्धा थे छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी महाराज।

वर्षों पहले संभाजी महाराज पर मराठी के सुप्रसिद्ध लेखक शिवाजी सावंत ने "छावा" नाम से उपन्यास लिखा था। अब उस उपन्यास पर शानदार फिल्म बनी है "छावा"। संभाजी महाराज भी छत्रपति शिवाजी की तरह ही बलशाली, साहसी, पराक्रमी और कर्मठ शासक व योद्धा थे। इस पर मराठी के जाने-माने लेखक शिवाजी सांवत ने गहन शोध के पश्चात वृहत उपन्यास लिखा जिस पर छावा फिल्म आधारित है। इतना बड़ी कहानी और घटनाओं को मात्र ढ़ाई-तीन घंटे में समेटना कोई आसान काम नहीं था लेकिन, निर्देशक ने अपनी सूझबूझ और समझ से कुछ चुनिंदा घटनाओं को लेकर सारा कथानक प्रस्तुत किया जो दर्शनीय भी है। मराठी शब्द छावा का अर्थ है शेर का बच्चा ।विक्की कौशल ने अपने अभिनय में छावा अर्थात शेर का बच्चा शब्द को ऐसा आत्मसात किया कि, ज्यादातर समय दर्शक दहलते हुए ही नजर आए। वैसा दिखने के लिए विकी ने अपने शरीर पर भी काम किया तो बलशाली भी दिखाई दिए हैं। रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा, दिव्या दत्ता सभी ने अपनी भूमिकाओं के साथ न्याय करने का प्रयास किया।मुख्य अभिनेता के बाद किसी ने दर्शकों का ध्यान अपनी तहफ आकर्षित किया तो वे औरंगजेब के किरदार में नजर आए अक्षय खन्ना ही है। इस फिल्म का सबसे सशक्त पहलू हिन्दवी स्वराज्य की अवधारणा को स्पष्ट करना और यह बताना है कि, इसके लिए हमारे देश के वीरों ने अपनी जान की बाजी लगा दी है। लेकिन तब भी देश में गद्दारों की कमी नहीं थी। संभाजी महाराज भी औरंगजेब की गिरफ्त में अपने करीबी और रिश्ते में उनके अपने साले की गद्दारी की वजह से आए। जिन्होंने राज्य की लालसा में वीर मराठा संभाजी को धोखा देकर पकड़वा दिया था।

इस फिल्म का सबसे दमदार और प्रभावी दृश्य वह है जब औरंगजेब धोखे से कैद किये संभाजी महाराज से कहता है कि, हमारी तरफ आ जाओ ऐश से जीवन गुजारोगे, बस अपना धर्म बदलना पड़ेगा तब संभाजी जो जबाव देते हैं वह सुनने व समझने लायक है। वे कहते हैं हमारी तरफ आ जाओ सारी सुख सुविधाएं मिलेंगी और धर्म भी नहीं बदलना पड़ेगा । फिल्म का यह इतना जबरदस्त संदेश है जो हर किसी को ग्रहण करना चाहिए क्योंकि, हिन्दवी स्वराज्य की असल संकल्पना यही है। जहां किसी भी धर्म या जाति से कोई विरोध नहीं है।औरंगजेब का सम्प्रदाय अपना मुल्क बनाने सबको एक रंग में रंगने पर अड़ा रहा जबकि, हिन्दू समाज विविधता में एकता के सिद्धांत पर चलता हुआ आगे बढ़ रहा है।

औरंगजेब ने संभाजी पर जो अत्याचार किए उसकी एक बानगी भी यह फिल्म दिखाती फिर चाहे संभाजी महाराज के हाथ के नाखूनों को निर्दयता से नोंचना हो या उनके शरीर के जख्मों पर नमक डालना हो या उनकी आंखों में दहकती हुई लोहे की सलाखें भरना या उनकी जुबान को काटना। इतनी निर्ममता को भी संभाजी महाराज जगदम्बा भवानी का नाम जपते हुए सहन कर लेते हैं। संभाजी के रुप में विकी ने इस दृश्य को जीवंत रुप में प्रस्तुत किया है। इसके अलावा फिल्म में छत्रपति संभाजी महाराज के नौ साल के शासन, उनका मंत्रिमंडल, उनके सलाहकार, उनके सेनानायक ,उनकी अनोखी युद्ध नीतियां और पारिवारिक पृष्ठभूमि को भी अल्प ही सही परंतु दशार्ने का भरपूर प्रयास किया है। मुगलों ने किस तरह से हमारे राजा-महाराजाओं को कष्ट दिए यह इतिहास में नहीं पढ़ाया गया वहां केवल, अकबर महान बताया जाता रहा तो हम सब भी वही सच मानते रहे जबकि, महान तो वे सभी योद्धा रहे जिन्होंने प्राण दे दिए मगर, धर्म और राष्ट्रभक्ति से समझौता नहीं किया। यह देखने के लिए भी इस फिल्म को देखा जाना चाहिए ताकि, सबको वास्तविक इतिहास भी पता चल सके। विक्की कौशल की छावा ने ओपनिंग डे पर धमाल मचा दिया है। इस पीरियड ड्रामा एक्शन ने पहले दिन ना सिर्फ उम्मीद से कहीं अधिक कमाई की है, बल्कि 2025 में ओपनिंग डे पर सबसे अधिक बिजनेस करने वाली हिंदी फिल्म भी बन गई है। छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी महाराज के जीवन पर लक्ष्मण उतेकर के डायरेक्शन में बनी छावा विक्की कौशल के करियर की पहली फिल्म है, जिसने ओपनिंग डे पर 10 करोड़ से अधिक का बिजनेस किया है। इस फिल्म का बजट 130 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस फिल्म ने रिलीज से पहले ही 13.79 करोड़ रुपये की तगड़ी एडवांस बुकिंग की थी। बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार 14 फरवरी को छावा ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार 31करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। शुक्रवार को छावा के शोज में सुबह से ही अच्छी खासी भीड़ नजर आई। देशभर में 3500 से अधिक स्क्रीन्स पर यह फिल्म रिलीज हुई है। छावा की शानदार ओपनिंग को देखते हुए अब लग रहा है कि यह फिल्म 100 करोड़ क्लब में एंट्री कर लेगी।

साल 2025 में छावा से पहले ओपनिंग डे पर सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म अक्षय कुमार की स्काई फोर्स थी, जिसने 12.25 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। विक्की कौशल की फिल्म ने इससे 153% अधिक कमाई की है। यही नहीं, छावा ने पहले दिन की कमाई के मामले में 2024 की चार बड़ी फिल्मों स्त्री 2, भूल भुलैया 3, सिंघम अगेन और पुष्पा 2 को छोड़कर बाकी सभी को पीछे छोड़ दिया है। वैलेंटाइन वीक में भी किसी फिल्म की यह सबसे बड़ी ओपनिंग है। इससे पहले रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की गली बॉय ने 2019 में वैलेंटाइन वीक में सबसे अधिक 19.40 करोड़ रुपये की ओपनिंग ली थी। विकी की छावा ने गली बॉय से 59.79% अधिक का कारोबार किया है। ओपनिंग डे पर सबसे अधिक कमाई करने वाली पीरियड ड्रामा फिल्मों की फेहरिस्त में भी छावा ने ओपनिंग डे पर सबसे अधिक कमाई की है। संभाजी महाराज की कहानी को महाराष्ट्र में भी जबरदस्त रेस्पॉन्स मिला है। छावा की धमाकेदार ओपनिंग का जलवा सिर्फ कमाई तक नहीं है। इसने टिकटों की बिक्री में भी धूम मचाई है। प्रमुख टिकटिंग प्लेटफॉर्म बुक माय शो के मुताबिक, विक्की कौशल की फिल्म ने एनिमल और गदर 2 को छोड़कर बाकी हर हिंदी फिल्म की ओपनिंग डे टिकट बिक्री को पीछे छोड़ दिया है। छावा के लिए बीएमएस से कुल 14 लाख टिकटों की बिक्री पहले दिन के लिए हुई । इसमें से करीब 5 लाख टिकट रिलीज के दिन बिके । यह 2025 में अभी तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। रिलीज के दिन सबसे अधिक टिकटों की बिक्री के मामले में रणबीर कपूर की एनिमल सबसे आगे है, जिसके 8.90 लाख टिकट बिके थे। गदर 2 के लिए 6.70 लाख टिकट बीएमएस के जरिए बिके थे। टिकटिंग प्लेटफॉर्म के मुताबिक, एक घंटे में सबसे अधिक टिकट बेचने के मामले में भी छावा ने बाजी मारी है। एक घंटे में इसके सबसे ज्यादा 42.98 हजार टिकट बिके।

## कविता

### मौत

लोकतंत्र में मौत !
अलोकतांत्रिक है
वह समतावादी नहीं है
वह पूँजीवादी है
वह व्यवस्थावादी है

लोकतंत्र में मौत !
अमीरों से डरती है
राजेताओं से बचती है
मठाधीशों के पाँव चूमती है
विशिष्ट से कितनी शिष्ट है

लोकतंत्र में मौत !
सत्तावादी है
विपक्ष की साथी है
निर्बलों की घाती है
श्रद्धा के लिए श्राद्ध है

लोकतंत्र में मौत !
तंत्र की मूक बनाती है
वह भीड़ पर टूटती है
वह आस्था को निगलती है
वह विश्वास को तोड़ती है

प्रभुनाथ शुक्ल

# यूपी में सस्ती शराब से पीने वालों की होली!

**अजय कुमार**

**अंग्रेजी श**राब के ठेके नए सिरे से होने हैं. इसके लिए ऑनलाइन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है. ऐसे में जिन दुकानदारों के पास ज्यादा स्टॉक है, वो रियायती दरों पर शराब बेचकर अपना स्टॉक क्लियर करने की कोशिशों में लगे हैं.ताकि कोटे की बची शराब से कुछ और कमाई हो जाये। यही वजह थी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिला मुरादाबाद में अंग्रेजी शराब की एक दुकान पर जैसे ही दुकानदार ने शराब के रेटों में भारी छूट का बोर्ड लगाया तो देखते ही देखते वहां भीड़ उमड़ पड़ी. लोग पूरी की पूरी पेटियां खरीदकर ले जाने लगे, हालात ऐसे बन गए कि शराब की दुकान के बाहर लंबी लाइन लग गई और लोग शराब खरीद कर ले जाते मिले.जल्द ही यह नजारा अन्य जिलों में भी देखने को मिल सकता है,जिससे होली के रंग अंग्रेजी के साथ और चटक हो सकते हैं। बहरहाल,आज भले ही कुछ जगह सस्ती शराब मिल रही हो, लेकिन एक अप्रैल से यूपी में शराब और बीयर पीने वालों को बड़ा झटका लगने वाला है. इन्हें अब अपनी जेब ढ़ीली करनी पड़ेगी. उत्तर प्रदेश में पहली अप्रैल से शराब और बीयर महंगी हो जाएगी. प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई नई आबकारी नीति के तहत लाइसेंस फीस और आबकारी शुल्क में बढ़ोतरी किए जाने की वजह से ऐसा होगा. नया वित्तीय वर्ष शुरू होने पर सभी लाइसेंसी फुटकर दुकानों पर बीयर और देसी तथा अंग्रेजी शराब के दामों में बढ़ोतरी हो जाएगी. नई दरें दो दिन बाद यानी एक अप्रैल से नए वित्तीय वर्ष में लागू हो जाएंगी. नये दामों की बात की जाये तो पहली अप्रैल से यूपी में बीयर के केन में औसतन 10 रुपये प्रति केन और बोतल पर 20 रुपये प्रति बोतल की मूल्यवृद्धि होगी. एक प्रमुख कंपनी ने तो मार्च के इन अंतिम दिनों में ही अपने दाम बढ़ा दिए हैं. कुछ और अच्छे ब्राण्ड की बीयर के दाम और ज्यादा बढ़ सकते हैं. इसी तरह देसी शराब का 42.8 डिग्री तीव्रता का पउआ पहली अप्रैल से 75 रुपये के बजाए 90 रुपये का होगा. 36 डिग्री तीव्रता का देसी शराब का पउवा 65 रुपये के बजाए 70 रुपये का बिकेगा. अंग्रेजी शराब के पापुलर ब्राण्ड के क्वार्टर, अद्धे व बोतल के दामों में भी बढ़ोतरी होगी. अंग्रेजी शराब के क्वार्टर में 15 से 25 रुपये तक की बढ़ोत्तरी की जाएगी. बता दें कि हाल ही में योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में नई आबकारी नीति 2025-26 को मंजूरी दी गई है.अबकी से पुराने कोटेदारों की दुकान का नवीनीकरण नहीं किया जायेगा,बल्कि फिर से लॉटरी के द्वारा शराब की दुकानों की नीलामी होगी। योगी सरकार ने नई आबकारी नीति के जरिए 55 हजार करोड़ रुपये का राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा है. नई आबकारी नीति के तहत मॉल्स, मल्टीप्लेक्स एरिया में प्रीमियम ब्रांड की दुकानें को इजाजत नहीं दी जाएगी. वहीं अंग्रेजी शराब और बीयर की दुकानें लॉटरी सिस्टम से मिलेंगी और कंपोजिट दुकानों को भी लाइसेंस जारी किया जाएगा।

## विचार

# दुनिया के महान साधक थे रामकृष्ण परमहंस

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**रामकृष्ण प**रमहंस भारत के एक महान संत, आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक थे। इन्होंने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। अतः ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताया। स्वामी रामकृष्ण मानवता के पुजारी थे। साधना के फलस्वरूप वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं। वे ईश्वर तक पहुँचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। 19 वीं शताब्दी में श्री रामकृष्ण परमहंस एक रहस्यमयी और महान योगी पुरुष थे। जिन्होंने काफी सरल शब्दों में अध्यात्मिक बातो को सामान्य लोगो के सामने रखा। जिस समय हिन्दू धर्म बड़े संकट में फंसा हुआ था उस समय श्री रामकृष्ण परमहंस ने हिन्दू धर्म में एक नयी उम्मीद जगाई। रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी जिन्होने उन्हे अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्व मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभुति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हे कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये। रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था। तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। उनको अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई हैं और वे निराकार परमशिव में पूरी तरह समाहित हो चुके हैं। वे समाधिस्थ हो गये। ये उनकी पहली समाधी थी जो तीन दिन चली। तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधी टूटने पर कहा। मैं पिछले 40 वर्षो से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधी मुझे कभी नही लगी।

श्री रामकृष्ण परमहंस का जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी। ज्योतिषियों की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अदभुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी- देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हे कंठस्थ याद हो गई थी। 1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था। रामकृष्ण जब नौ वर्ष के हुए इनके यज्ञोपवीत संस्कार का समय निकट आया। उस समय एक विचित्र घटना हुई। ब्राह्मण परिवार की परम्परा थी कि नवदिक्षित को इस संस्कार के पश्चात अपने किसी सम्बंधी या किसी ब्राह्मण से पहली शिक्षा प्राप्त करनी होती थी। एक लुहारिन जिसने रामकृष्ण की जन्म से ही परिचर्या की थी। बहुत पहले ही उनसे प्रार्थना कर रखी थी कि वह अपनी पहली भिक्षा उसके पास से प्राप्त करे। लुहारिन के सच्चे प्रेम से प्रेरित हो बालक रामकृष्ण ने वचन दे दिया था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# रेलवे की लापरवाही को उजागर करता दिल्ली रेल हादसा

**मनोज कुमार**

**नई दिल्ली** रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे के बाद भारतीय रेलवे की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगने लगे हैं। शनिवार रात नईदिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो चुकी है और 12 से अधिक लोग घायल हैं। पूर्व में भी महाकुंभ के दौरान रेलवे प्लेटफार्म पर ऐन वक्त पर ट्रेन का प्लेटफार्म बदलने पर भगदड़ में लोगों की जान जाने की बड़ी दुर्घटना घटित हुई थी। प्रयागराज जंक्शन पर बारह वर्ष पूर्व 2013 के महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन भगदड़ हुई थी। उसमें 42 श्रद्धालुओं की मौत हुई थी, जबकि 46 से अधिक श्रद्धालु घायल हुए। ठीक 12 वर्ष बाद, 15 फरवरी को नई दिल्ली स्टेशन पर उसी घटना की पुनरावृत्ति हुई है। हमारी सरकार और उसकी मशीनरी पुरानी दुर्घटनाओं के बुरे अनुभव से भी कोई सबक नहीं लेते हैं वरना इस हादसे को टाला जा सकता था। दिल्ली रेलवे स्टेशन देश का एक प्रमुख और अत्यधिक भीड़-भाड़ वाला रेलवे स्टेशन है, यह घटना उस समय घटी, जब बड़ी संख्या में यात्री एक विशेष ट्रेन के आगमन की प्रतीक्षा कर रहे थे। जैसे ही ट्रेन का वक्त पास आया, भीड़ भगदड़ में बदल गई। यह भगदड़ इतनी भयावह थी कि इसमें 18 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए। यह घटनाक्रम एक बार फिर भारतीय रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी कमजोरियों को उजागर करता है। इस दुखद और हृदय विदारक घटनाक्रम के बाद सबसे पहला और प्रमुख सवाल यह उठता है कि इस घटना के लिए भारतीय रेलवे प्रशासन जिम्मेदार है या नहीं ? रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ की स्थिति को नियंत्रित करने में विफलता, सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन न करना, और आपातकालीन प्रतिक्रिया की कमी यह सब भारतीय रेलवे के जिम्मेवार विभागों की लापरवाही को दशार्ते हैं। रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी भारतीय रेलवे की होती है, लेकिन इस घटना में साफ दिखता है कि उपयुक्त योजना और प्रबंधन की कमी थी।

# सुखदर्शन के शिकायतकर्ता

**डॉ. सुरेश कुमार**

**यह कहानी** उस समय की है जब मैं एक छोटे से गाँव में रहता था। गाँव का नाम था "सुखदर्शन," लेकिन इसका नाम एकदम गलत था। वास्तव में, सुखदर्शन में कभी भी सुख का दर्शन नहीं होता था, बस एक ही चीज थी जो हर समय देखने को मिलती थी—लोगों की शिकायतें। गाँव में हर एक व्यक्ति को शिकायत करने का एक अद्भुत कौशल था। मेरे पड़ोसी, रामू चाचा, ने तो शिकायत करने का एक संपूर्ण विज्ञान विकसित कर लिया था। उन्होंने मुझे बताया कि शिकायत करने के लिए एक सटीक विधि होनी चाहिए। पहले आपको किसी विषय का चयन करना होता है। फिर उस विषय पर चिंता और आक्रोश की गहरी भावना को जगाना होता है। और अंत में, आपको उस पर एक भव्य भाषण देना होता है, जैसे कि आप कोई महान नेता हों। रामू चाचा ने मुझसे कहा, "बेटा, अगर तुम शिकायत करने में होशियार बनना चाहते हो, तो तुम्हें सबसे पहले अपने मन की गहराइयों में झाँकना होगा।" मैंने सोचा, "वाह, यह तो गहरा ज्ञान है।" मैंने फैसला किया कि मैं भी शिकायत करने का नया शौक शुरू करूँगा। सबसे पहले, मैंने अपने रोजमर्रा की जिंदगी की छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान दिया। सुबह-सुबह चाय में चीनी कम होने पर मैंने कहा, "यह चाय कितनी बुरी है! क्या मैं बगैर मिठास के जीवन जी सकता हूँ?"

फिर मैंने सोचा, "यह तो कुछ भी नहीं है।" मैंने गाँव के पानी के बारे में सोचना शुरू किया। पानी की गुणवत्ता पर एकदम विद्रोह की स्थिति थी। जब मैं अपने बर्तन में पानी भरता, तो वह एक सफेद चादर की तरह दिखाई देता था। मैंने सोचा, "क्या मैं इस गंदे पानी को पी सकता हूँ? यह तो हमारी सेहत के लिए खतरा है!"

इसके बाद, मैंने अपने पड़ोसियों से शिकायत करना शुरू किया। मैंने सभी को बुलाया और कहा, "सुनो, हम सभी को इस गंदे पानी के खिलाफ खड़ा होना होगा।" सबने मेरी बात पर सहमति जताई, लेकिन कोई भी कुछ करने को तैयार नहीं था। सबने बस मेरी शिकायतों पर हंसते हुए कहा, "अरे, तुम तो शिकायत करने में निपुण हो गए हो।"

## न्यूज फ्लैश

### अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** शहर थाना व एसएजी सेक्टर-7 यूनिट ने अलग-अलग अवैध हथियार की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राहुल उर्फ ताऊ निवासी दहिया कॉलोनी का है। वहीं रोंका उर्फ शाखा निवासी खुबडु सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमें दर्ज कर लिए है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### बार चुनाव-बार परिसर व चेंबर्स में होर्डिंग व बैनर लगाने पर लगाया प्रतिबंध

**सोनीपत:** जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारियों ने बार परिसर व चेंबर्स में किसी भी प्रत्याशी के होर्डिंग व बैनर लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव 28 फरवरी को होने हैं। इसे लेकर उम्मीदवार होर्डिंग, बैनर और पोस्टर नहीं लगा सकेंगे। इस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी पवन दहिया जारी पत्र में लिखा है कि जिला बार एसोसिएशन की ओर से प्रत्याशियों को कहा गया कि वह अपने चुनाव प्रचार में अनावश्यक रूप से होर्डिंग, बैनर और पोस्टर आदि नहीं लगाएंगे। जिसे ने लगाए हैं तो उन्हें बैनर, पोस्टर, होर्डिंग और पंफलेट को हटाने को कहा गया है। ऐसा न करने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिवक्ता अधिनियम और बार काउंसिल की तरफ से बनाए गए चुनाव नियम की पालना नहीं करने पर उम्मीदवारों के नामांकन को रद्द भी किया जा सकता है।

**जारी किया चुनावी शेड्यूल-**

नामांकन वापसी : 17 फरवरी को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक
छटनी : 17 फरवरी को दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक
मतदान : 28 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक
मतगणना : 28 फरवरी को शाम 4 बजे के बाद
किस पद के लिए किसने किया नामांकन–
प्रधान पद के लिए : अनिल ढुल, अजय दहिया व कमल हुड्डा
उप प्रधान पद के लिए : अमित कुमार मलिक, सोनू भारद्वाज व कुलदीप दहिया
सचिव पद के लिए : संदीप खर्ब, रजनीश मलिक, रविंद्र कुमार शर्मा व अंकित त्यागी
**सह सचिव पद के लिए : कीर्तिका व स्वाति वशिष्ठ**
खजांची पद के लिए : प्रदीप व प्रवीन कुमार ढिल्लो

नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सोमवार को छंटनी व नामांकन वापसी का दिन है। चुनाव प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता से करवाई जा रही है। सभी सदस्य सहयोग कर रहे है। परिसर में होर्डिंग, बैनर लगाने पर पाबंदी लगाई गई है। नियमों की अवहेलना करने वाले प्रत्याशियों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम को भेंट की एंबुलेंस

**फतेहाबाद:** नेशनल हाइवे बाईपास पर स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में रह रहे मंदबुद्धि लोगों, बुजुर्गों और महिलाओं की सेवा के लिए शहर के गर्ग परिवार द्वारा एम्बुलेंस भेंट की गई है। इस एंबुलेंस की कीमत करीब सात लाख रुपये है। सोमवार को आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में गर्ग परिवार की तरफ से यह एम्बुलेंस आश्रम के प्रमुख सेवादार विनोद तायल व अशोक भुकर को सौंपी गई। संत शिरोमणि परमहंस श्री श्री 108 डॉक्टर स्वामी सदानंद जी महाराज की प्रेरणा से अशोक गर्ग ने अपनी पत्नी मोनिका गर्ग के साथ अपनी माता सावित्री देवी गर्ग के आशीर्वाद एवं अपने पिता परमधामवासी राजकुमार गर्ग, सोमा सिटी वाले की पुण्य स्मृति में यह एम्बुलेंस भेंट की है।

# अब प्रदेश में बनेगी नगर निकाय के रूप में तीसरी सरकार: नायब

## हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनावों में भी पार्टी कार्यकर्ता जी-जान से लगे हुए है : सीएम

**प्रशिक्षण**

**इन चुनावों में भाजपा के मेयर, चेयरमैन और पार्षद भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि घर-घर तक सरकार की योजनाओं का फायदा पहुंचाने के लिए अब प्रदेश में नगर निकाय के रूप में तीसरी सरकार बनेगी। इस प्रदेश में केन्द्र, राज्य और अब शहर की सरकार मिलकर तेजी के साथ विकास कार्यो को पूरा करेगी। इन चुनावों में भाजपा के मेयर, चेयरमैन और पार्षद भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में नगर परिषद थानेसर की उम्मीदवार माफी ढांडा और पार्षद पद के 32 उम्मीदवारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नगर परिषद थानेसर की अध्यक्ष पद उम्मीदवार माफी ढांडा, वार्ड 1 से भाजपा उम्मीदवार गौरव कुमार भट्टड, वार्ड 2 से प्रवीण रानी, वार्ड 3 से सिमरन, वार्ड 4 से कमल किशोर, वार्ड 5 से संदीप कोहली, वार्ड 6 से ज्योति जांगड़ा, वार्ड 7 से निशा मदान, वार्ड 8 से सतीश कुमार गर्ग, वार्ड 9 से मणक सिंह, वार्ड 10 से पंकज खन्ना,वार्ड 11 से सुषमा मेहत्ता, वार्ड 12 से दरबारा सिंह सैनी, वार्ड 13 से दुष्यंत हरयाल बख्शी, वार्ड 14 से बख्शीश कौर सैनी, वार्ड 15 से मोहन लाल अरोड़ा, वार्ड 16 से सरिता देवी, वार्ड 17 से प्रेम नारायण अवस्थी, वार्ड 18 से श्याम लाल सिंगला, वार्ड 19 से मुकंद लाल सुधा, वार्ड 20 से मनिंद्र सिंह छिंदा, वार्ड 21 से एकता गोयल सिकरी, वार्ड 22 से चेतन धानक, वार्ड 23 से गुरजीत सिंह सैनी, वार्ड 24 से पूजा यादव, वार्ड 25 से आशु बाला, वार्ड 26 से प्रिया नांरग, वार्ड 27 से धनराज, वार्ड 28 से रेखा, वार्ड 29 से रामराज कौशिक, वार्ड 30 से वेद प्रकाश, वार्ड 31 से कवि बजाज व वार्ड 32 से सुधीर चुघ से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की और चुनाव जीतने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, प्रदेश सचिव राहुल राणा, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष साहिल सुधा ने नगर परिषद थानेसर की अध्यक्ष पद की उम्मीदवार माफी ढांडा का सहायक रिटर्निंग अधिकारी नायब तहसीलदार परमजीत सिंह के पास नामांकन पत्र दाखिल करवाया। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव को लेकर हमेशा गंभीर रहती है, चुनाव चाहे छोटा हो या बड़ा। प्रत्येक कार्यकर्ता उसे गंभीरता से लड़ता है। हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनावों में भी पार्टी कार्यकर्ता जी-जान से लगे हुए है और इन चुनावों में भी भाजपा अपना परचम लहराएगी। इस नगर परिषद थानेसर में अध्यक्ष पद और पार्षद पद पर चुनाव लडने वाले भाजपा के सभी उम्मीदवार भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्षद पद का चुनाव लडने वाले सभी उम्मीदवारों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याओं और मांगों की सूची तैयार की गई है। इसी तरह अध्यक्ष पद की

# हादसा स्थल से गाड़ी चोरी, मुकदमा दर्ज

**जांच जारी**

**गाड़ी चालक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** मुरथल थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 के सर्विस रोड पर हादसे में क्षतिग्रस्त गाड़ी के चोरी होने का मामला सामने आया है। हादसे में घायल गाड़ी चालक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गली नंबर-17 संगम विहार निवासी विनोद गिरी ने बताया कि उसका गत दो फरवरी को जीटी रोड पर नीलकंठ ढाबे के सामने एक्सीडेंट हो गया था। गाड़ी को क्रेन की मदद से हादसा स्थल से सर्विस रोड पर खड़ा करवा दिया था। गाड़ी चलने की हालत में नहीं थी। गाड़ी में सवार सुनील, ईशा चौधरी जो इलाज के लिए निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उनका उपचार करवाया। उसके बाद हादसा स्थल पर गाड़ी लेने के लिए पहुंचे, लेकिन गाड़ी नहीं मिली। जब क्रेन वाले से बातचीत की तो उसने बताया कि स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार तीन लड़के मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने गाड़ी जटवाड़ा छोड़ने की बात कही। उन्होंने अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश करने रहे। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एसआई पवन कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**ओमेक्स सिटी के पास से दो-पहिया वाहन चोरी-** बहालगढ़ थाना क्षेत्र के ओमेक्स सिटी के पास सड़क पर खड़ा दो-पहिया वाहन चोरी हो गया। गांव बड़ी के रहने वाले जितेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से ओमेक्स सिटी के पास गए थे। वहां उन्होंने सड़क किनारे अपनी स्कूटी खड़ी कर दी। बाद में जब वापस आए तो स्कूटी वहां नहीं मिली। स्कूटी को कोई चोरी कर ले गया। मामले को लेकर पुलिस

# स्पेशल अभियान के तहत यातायात पुलिस ने 55 वाहनों के काटे चालान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** यातायात पुलिस सोनीपत का सड़क सुरक्षा स्पेशल अभियान लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। अभियान के तहत सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु भारी वाहनों को लेन ड्राइविंग (बाँईं लेन) में चलने के नियमों की उल्लंघना करने पर पुलिस कर्मचारियों ने कार्यवाही करते हुए 55 वाहनों के चालान के चालान काटे। वहीं बुलेट पटाका छोड़ने वाली पांच बाइकों के चालान करके 91 हजार पांच सौ रुपये जुर्माना वसूला गया। पुलिस विभाग की तरफ से भारी वाहन चालकों को गाड़ी बाईं लाइन में चलाने हेतु जागरूक करने का काम किया जा रहा है। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके व शहर में बुलेट बाइक से पटाखे छोड़ने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। पुलिस विभाग की तरफ से जिले में यातायात कर्मचारियों की तरफ से सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतु भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राइविंग (बाँईं लेन) निर्धारित करने व बाँईं लेन में चलने हेतु वाहन चालकों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है।

# महाशिवरात्रि के उपलक्ष में खुखरैन भवन में कार्यक्रम आयोजित

**धूमधाम से**

**ईश्वर वही हो सकता है जो सर्वोच्च हो, जो सबका गुरु हो, जिसे अपना कोई गुरु ना हो, जो सबका शिक्षक हो**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अंबाला:** ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम, 36-37, दयाल बाग, अंबाला कैंट द्वारा महाशिवरात्रि महापर्व के उपलक्ष में खुखरैन भवन, अंबाला कैंट, में विशाल भव्य कार्यक्रम बहुत धूमधाम से मनाया गया। मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी जी डायरेक्टर सोनीपत रिट्रीट सेंटर जी ने कहा कि ईश्वर वही हो सकता है जो सर्वोच्च हो, जो सबका गुरु हो, जिसे अपना कोई गुरु ना हो, जो सबका शिक्षक हो, उसका कोई शिक्षक ना हो, जो सबका माता-पिता हो उसका कोई मात पिता ना हो, जो सबका दाता हो उस भगवान को देने वाला कोई नहीं हो। देव आत्माएं अनेक है लेकिन परमात्मा एक है। उस एक परमपिता परमात्मा का कल्याणकारी नाम शिव है। अगर बच्चे का जन्म रात को भी हो तब भी उसका बर्थडे बनाते हैं लेकिन केवल एक परमात्मा शिव के साथ रात्रि शब्द लगाते हैं। क्योंकि भगवान जब इस संसार पर आते हैं तब इस धरा में अज्ञान का अंधकार होता है। अज्ञान अंधकार को मिटा ज्ञान का उजाला करने के लिए परमात्मा इस धरा पर आते हैं। परमात्मा को प्रसन्न करने के लिए बुराइयों का व्रत करना है। मुख्य अतिथि आचार्य स्वामी राजेश्वरानंद जी महाराज जी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी बहनों के नाम के आगे राजयोगिनी कहते हैं, राजयोगिनी अर्थात जो भगवान के योग में सदा राजी है। ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनें सदा ईश्वरीय सेवा में युक्त रहती है। यह बहनें हमें प्रभु से मिलने के लिए योग सिखाती हैं। अंत में उन्होंने सबसे सभा में मौजूद सभी गणमान्य व्यक्तियों से आग्रह किया की ब्रह्माकुमारी बहनों से मेडिटेशन सीख कर उस परमात्मा से सच्ची सुख शांति प्राप्त करने ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र जरूर आए। अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी ने कहा कि आज यहां पर जो भी सुना है उसका लाभ तभी होगा जब वह स्वयं में धारण करके जाएंगे।

# अब तक हो चुकी है 16 लाख 30 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई

**दिशा-निर्देश**

**प्रबंधन की तरफ से किसानों को जल्द से जल्द पुरानी पर्चियां जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** दी सहकारिता चीनी मिल के पेराई सत्र को प्रबंधन की तरफ से सुचारू रूप से चलाने को प्रयास किया जा रहा है। पेराई सत्र के दौरान हर रोज क्षमता के हिसाब से गन्ने की पेराई हो रही है। वहीं प्रबंधन की तरफ से किसानों को जल्द से जल्द पुरानी पर्चियां जमा करवाने के निर्देश दिए गए है। गन्ना उत्पादक 20 फरवरी तक अपनी पर्ची जमा करवा सकते है। प्रबंधन की तरफ से चीनी मिल के एप के जरिए किसानों को जानकारी दी गई है। बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित दी सहकारिता चीनी मिल की तरफ से नवंबर 2024 में पेराई सत्र का शुभारम्भ किया गया था। उसके बाद से गन्ने की पेराई तेजी से की जा रही है। सोनीपत चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। अब तक मौजूदा पेराई सत्र में 16 लाख 30 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा किया जा चुका है। पिछले 24 घंटे में सोनीपत चीनी मिल में करीब 19 हजार 900 क्विंटल गन्ने की पेराई की गई है। रविवार सुबह 11 बजे के रिकार्ड अनुसार लगभग 28 हजार 800 क्विंटल गन्ने की टोकन बुकिंग किसानों द्वारा की गई है। वहीं चीनी मिल ने करीब 3 लाख क्विंटल गन्ना आहुलाना चीनी मिल में ट्रांसफर किया है। आहुलाना चीनी मिल की तरफ से भी गन्ना उत्पादकों को पर्चियां जारी की जा रही है। गन्ना उत्पादकों को अगर चीनी मिल में गन्ना डालकर आना है या नहीं आना है, यह किसान पर निर्भर है। ऐसे में अगर कोई किसान आहुलाना मिल में पर्ची डालने नहीं जाता है तो ऐसी स्थिति में किसान को जल्द से जल्द अपनी पर्ची जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

मिल प्रशासन ने 20 फरवरी के बाद पुरानी पर्ची न लेने का फैसला किया है, ताकि गन्ने की वास्तविक उपलब्धता का पता लगाया जा सके। पेराई सत्र को समय अनुसार सुरक्षित तरीके से चलाने के लिए प्रयासरत है। अब तक कारखाने में करीब साढ़े सोलह लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की जा चुकी है।

# अलग-अलग स्थानों पर स्थित मकानों से चोरों ने नकदी व जेवरात किए चोरी

**मुकदमा**

**पीड़ितों ने मामलों को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी के मुकदमे दर्ज कर लिए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** शहर थाना क्षेत्र की दहिया कॉलोनी व गढ़ी घसीटा स्थित मकानों से चोरों ने हजारों रुपये की राशि व सोने-चांदी के जेवरातों के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामलों को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी के मुकदमे दर्ज कर लिए है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गढ़ी घसीटा निवासी पूनम ने बताया कि वह पटेल नगर में अपनी ननद के घर चले गए थे। उसके देवर ने फोन कर बताया कि उनके घर की छत पर लगी खिड़की उखड़ी हुई है। चोरी का अंदेशा है। उन्होंने वापस आकर देखा तो घर में सामान बिखरा पड़ा था। जांच की तो ढाई तोले का सोने का मंगलसूत्र, पांच अंगूठी, एक तोले सोने की चेन, दो जोड़ी टॉप्स, दो जोड़ी चुटकी, एक पायजेब और 50 हजार रुपये गायब मिले। वहीं, चोरों ने दहिया कालोनी की गली-5 में घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मकान मालिक मोहित ने बताया कि वह अपनी भांजी के जन्मदिन पर खांडा गांव गए थे। वापस लौटे तो घर के ताले टूटे मिले। जांच की तो घर में रखे 50 हजार रुपये, सोने की दो अंगूठी, चांदी की पायजेब, चेन और ब्रेसलेट गायब मिला। थाना शहर पुलिस ने दोनों मामलों में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जाएगी।

### कंपनी से निकला श्रमिक संदिग्ध हालत में लापता

**सोनीपत:** राई थाना क्षेत्र में झुंडपुर कंपनी से निकले श्रमिक के संदिग्ध हालत में लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस श्रमिक की तलाश कर रही है। गांव मांचा भोगली कानपुर देहात यूपी निवासी अभिषेक फुड कंपनी में नौकरी करता है। वह गत 12 फरवरी को करीब आठ बजे कंपनी से किसी को बिना बताए कहीं चला गया। सीसीटीवी की जांच की तो वह अकेले ही जाता दिखाई दे रहा था। जांच अधिकारी एचसी अमित कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# तुम मुझे यूं भुला न पाओगे... गीत से दी लता को श्रद्धांजलि

**"सुरीली शाम**

**तीसरा वार्षिक संगीतमयी कार्यक्रम "सुरीली शाम-गुदगुदी के नाम" आयोजित किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सोशल ऑर्गेनाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा रेलवे स्टेशन के नजदीक अग्रवाल धर्मशाला में रविवार सायं तीसरा वार्षिक संगीतमयी कार्यक्रम "सुरीली शाम-गुदगुदी के नाम" आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए सचिव सुनील अंगीरस ने बताया कि संस्थापक अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संचालक मंडल,समूह की महिला सदस्याओं और मार्गदर्शक मंडल सदस्यों उद्योगपति एवं समाजसेवी आशीष सभ्रवाल व राधिका सभ्रवाल,अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला,जिला जूडो संघ कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी संजीव छाबड़ा और व्यवसायी गगनदीप ढींगरा आशु ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करके किया। स्वर कोकिला लता मंगेशकर और संगीतकार व पार्श्वगायक बप्पी लहरी की स्मृति में हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु,गणेश और सरस्वती वंदना से विधिवत शुरू हुआ। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक जितेंद्र बंसल के मार्गदर्शन में गाता रहे मेरा दिल ग्रुप प्रभारी सुनील भटनागर और कार्यक्रम अधिकारी पंकज शर्मा ने शब्दों को बहुत ही खूबसूरती से पिरोकर किया। स्वागत द्वार पर नन्हीं बालिका रिद्धि बंसल, कणव बंसल, रुद्रांश तायल और कृष्णा जुनेजा ने आंगुतकों का तिलक लगाकर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण अम्बाला से जूनियर बप्पी लहरी इंद्र परथी याका रहे,जिन्होंने बप्पी दा के एक से बढ़कर एक गीत "याद आ रहा है तेरा प्यार"....., "आव्वा आव्वा

# नगर निगम के मेयर व एमसी सदस्यों के लिए 9 मार्च को होगी पोलिंग

**दिशा-निर्देश**

**सोमवार को कार्यालय में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के साथ बैठक कर कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए**



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** आगामी 9 मार्च को नगर निगम के मेयर व एमसी सदस्यों के प्रस्तावित चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से कराने को लेकर प्रशासन ने तैयारियां प्रारंभ कर दी है। एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर ब्रह्मप्रकाश ने सोमवार को कार्यालय में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के साथ बैठक कर कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर प्रशासन तैयार है। जल्द ही इस बारे में अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 21 फरवरी से 27 फरवरी तक नामांकन पत्र दाखिल होंगें। 23 व 26 फरवरी को अवकाश होने के कारण नामांकन नहीं हो पायेगा। 28 फरवरी को नामांकनों की जांच का कार्य होगा व 1 मार्च को प्रत्याशी अपने नामांकन पत्र वापस ले सकते है।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 1 मार्च को चुनाव लडने.वाले प्रत्याशियों को सिंबल दिए जाएंगे जिसका समय 3 बजे निर्धारित है। 9 मार्च को रविवार के दिन पोलिंग होगी। जिसका समय 8 से 6 बजे तक का निर्धारित है।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 26 वार्डो के इस चुनाव के लिए 7 सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये गए है। अब तक की सूचना अनुसार 4 लाख 80 हजार 377 पुरुष व महिला मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। 19 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वार्ड नम्बर 7,22, 25 एससी के लिए आरक्षित है। वार्ड नम्बर 8,14,18 व 26 बीसी क्लास ए महिला के लिए, आरक्षित है। वार्ड नम्बर 11 बीसी क्लास बी महिला के लिए आरक्षित है। वार्ड 2, 16, 17, 19 व 24 महिलाओं के लिए आरक्षित है।

निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वार्ड 1 से 26 तक मेयर के नामांकन जिला सचिवालय एसडीएम कोर्ट कमरा नम्बर 63 में रिटर्निंग अधिकारी ब्रह्मद प्रकाश के समक्ष स्वीकृत किये जाएंगें। एमसी सदस्य के लिए वार्ड नम्बर 1 से 5 के नोमिनेशन जीएम रोडवेज विक्रम कामबोज के आफिस में, वार्ड नम्बर 6 से 10 के नोमिनेशन डीडीपीओ आफिस, वार्ड 11 से 15 के नोमिनेशन आईटीआई प्रिंसीपल श्री कृष्ण कुमार के कार्यालय, वार्ड 16 से 20 के नोमिनेशन यूएचबीवीएन के कार्यकारी अभियंता सुरेश हुडडा के कार्यालय, वार्ड 21 से 26 के नोमिनेशन संजय शर्मा कार्यकारी अभियंता पीएचईडी नियर सिविल अस्पताल डिवीजन नम्बर 2 में जमा होंगे।

# पांच हजार रुपये के इनामी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**काबू**

**गिरफ्तार आरोपित मंजीत निवासी असंध करनाल हाल में किसान कॉलोनी गोहाना को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** पुलिस ने रात को सड़कों पर चलाएं स्पेशल अभियान के दौरान पांच हजार रुपये के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मंजीत निवासी असंध करनाल हाल में किसान कॉलोनी गोहाना को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है।

वहीं क्राइम यूनिट की टीम ने अफीम सहित आरोपित हरबीर निवासी कांसड़ी को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त नरेंद्र कादयान ने बताया कि पुलिस विभाग की तरफ से नाइट डोमिनेशन रात्रि चेकिंग का विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें शहर के होटल, धर्मशालाएं, सार्वजनिक स्थान व आने-जाने वाले वाहन चालकों की चेकिंग की गई। अभियान के दौरान क्राइम यूनिट सेक्टर-27 की टीम द्वारा एक पांच हजार रुपए के ईनामी उद्घोषित अपराधी व थाना गन्नौर में दर्ज वर्ष 2024 की हथियार दिखाकर किसी व्यक्ति को मारने की धमकियां देने की घटना में संलिप्त आरोपित मंजीत निवासी कांसड़ी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है।

वहीं अभियान के तहत टीम ने 815 ग्राम अफीम मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। आरोपितों के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं टीमों ने 58 नाका प्वाइंट लगाकर आने वाले दो पहिया, चार पहिया, लाइट व्हीकल व बड़े वाहन की चेकिंग की गई।

# विद्यार्थियों के साथ आईएएस बनने के अनुभवों को उपायुक्त ने किया सांझा

## उपायुक्त नेहा सिंह ने लघु सचिवालय के सभागार में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ मन की बात को साझा किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पांचवी कक्षा से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के साथ संघर्ष कर आईएएस बनने के अनुभवों को उपायुक्त नेहा सिंह ने साझा किया। इन नन्हें-नन्हें विद्यार्थियों के साथ करीब 10 मिनट ना केवल अपने मन की बात को साझा किया अपितु एक-एक विद्यार्थी से भी उनकी मन की बात को जानने का प्रयास किया। जब उपायुक्त नेहा सिंह विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद कर रही थी तो हर विद्यार्थी टक-टकी लगाकर और अपना पूरा ध्यान केन्द्रित करके उपायुक्त को सुन रहा था। इस वातालाप से विद्यार्थियों के चेहरों पर उत्साह, जोश, लग्न और भविष्य के लक्ष्य को निर्धारित



करने की चमक साफ नजर आ रही थी।

उपायुक्त नेहा सिंह ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ मन की बात को साझा किया। यहां पर उपायुक्त नेहा सिंह ने सबसे पहले पांचवी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों से परिचय किया और अपना परिचय भी दिया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त नेहा सिंह ने करीब 10 मिनट विद्यार्थियों के साथ अपनी आईएएस बनने के अनुभवों के साथ-साथ विद्यार्थियों के मन की बात को टटोलने का काम किया। उपायुक्त ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि

**संवाद**

**उपायुक्त संवाद कर रही थी तो हर विद्यार्थी अपना पूरा ध्यान केन्द्रित करके उपायुक्त को सुन रहा था**

अनुशासन की सीढ़ी पर चढ़कर कोई भी विद्यार्थी अपने हर लक्ष्य को हासिल कर सकता है, अगर इस सीढ़ी पर चढते हुए कहीं भी अनुशासन में कमी रही तो लक्ष्य को हासिल करना मुश्किल हो जाएगा। परीक्षाओं के दिनों में विद्यार्थियों को खूब मेहनत और लगन से तैयारी करनी चाहिए। इस तैयारी के लिए विद्यार्थियों को अपना 100 फीसदी ध्यान केवल परीक्षा की तैयारी में लगाना चाहिए, जो विद्यार्थी पूरी तैयारी के साथ परीक्षा देगा वह निश्चित ही अच्छे अंक हासिल करेगा। प्रत्येक विद्यार्थी के लिए शिक्षा के क्षेत्र में मुकाम हासिल करना सहज नहीं रहता, इसलिए विद्यार्थी को खेलों, अभिनय, कला और अन्य क्षेत्रों में भी मुकाम हासिल करने का प्रयास करना चाहिए। इन क्षेत्रों में भी विद्यार्थी देश का नाम पूरे विश्व में रोशन कर सकता है। इसलिए विद्यार्थी को सिर्फ मेहनत और लगन करने की जरूरत है और अपने जीवन में निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के अथक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों, अपने गुरुजनों को पूरा मान-सम्मान करना चाहिए।

# माफी ढांडा समेत सभी प्रत्याशियों की होगी ऐतिहासिक जीत: अनिल वर्मा

**दावा**

**भी वार्ड पार्षद भारी मतों से जीतकर शहर में ट्रिपल इंजन की सरकार के सपने को साकार करेंगे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** नगर परिषद के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की चेयरपर्सन की प्रत्याशी माफी ढांडा सहित सभी वार्ड पार्षद भारी मतों से जीतकर शहर में ट्रिपल इंजन की सरकार के सपने को साकार करेंगे। उक्त विचार बीजेपी नेता और भारतीय जनता पार्टी के कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने व्यक्त किए।अनिल वर्मा ने कहा कि नगर के लोगों के भारी जनसमर्थन से पहले ही केंद्र में और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की बहुमत वाली डबल इंजन की सरकार तीव्र गति से चल रही है ऐसे में नगरवासियों का यह सपना है कि स्थानीय स्तर पर भी भाजपा की चेयरपर्सन और पार्षद विकास के कार्यों को अंजाम दें और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान दें।अनिल वर्मा ने कहा कि नामांकन के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी जी की गरिमामय उपस्थिति में पूर्व मंत्री सुभाष सुधा,युवा नेता साहिल सुधा,पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा,जिलाध्यक्ष सुशील राणा,सुभाष कलसाना,रविंद्र सांगवान,राहुल राणा,परमजीत कौर ,वंदना,मलकीत ढांडा,सुनील बक्शी,अश्विनी अरोड़ा,रेणु खुग्गर सहित अन्य पदाधिकारियों और ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने सभी प्रत्याशियों को जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए आगामी 2 मार्च को उनके पक्ष में भारी मतदान की अपील भी की।

अनिल वर्मा ने कहा कि जनता विपक्षी पार्टी समर्थित प्रत्याशियों के प्रति पूर्णतया उपेक्षा का भाव लिए हुए है क्योंकि उनको मालूम है कि वार्डों के विकास कार्यों में सत्तारूढ़ दल भाजपा के पार्षद ही मुख्य भूमिका निभाने में काबिल सिद्ध होंगे और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ जन-जन को दिलवा सकेंगे।

# महिला रसोई प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम की हुई शुरूआत



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र शहर की सुप्रसिद्ध संस्था जन सहयोग कुरुक्षेत्र के सार्थक प्रयासों से हरियाणा सरकार की बागवानी खाद्य टेक्नीशियन टीम कुरुक्षेत्र की ओर से डॉक्टर कृष्ण जी के सानिध्य में चार दिवसीय महिला रसोई प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई जिसमें 20 कामकाजी महिलाओं ने हिस्सा लिया। आज के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को टमाटर की चटनी व हरी मिर्च के आचार एवं चटनी बनाना सिखाया गया। सबके लिए जलपान व दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई। संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र जी ने बताया कि हरियाणा सरकार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर-के समय-समय पर काम के अजीब घरेलू महिलाओं को

**प्रशिक्षण**

**प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को टमाटर की चटनी व हरी मिर्च के आचार एवं चटनी बनाना सिखाया गया**

प्रशिक्षित करती रहती है इसी कड़ी में आने वाले तीन दिनों में इन महिलाओं को गाजर की बर्फी,टमाटर का सूप,कैच अप,मशरूम का अचार,जैम,पेठा की बर्फी,घीया की चटनी इत्यादि बनाना सिखाया जाएगा प्रशिक्षण ले रही महिलाओं में सीमा रानी,बबली देवी,संगीता गर्ग,खुशबू,मोनिका रानी,आंचल,स्वीटी चौहान व अन्य कामकाजी महिलाएं और टीम खाद्य तकनीशियन से डॉ कृष्ण सिंह,नेहा सिंह, प्रीतम ग्रोवर एवं अनुराधा उपस्थिति रहे।

# नाटक के माध्यम से समझाया नाट्यशास्त्र का महत्व

**परिभाषा**

**नाट्यशास्त्र के रचयिता श्री भारतमुनि द्वारा नाट्यशास्त्र और उसके तत्वों की परिभाषा समझाई**





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला शहर स्थित एमडीएसडी कॉलेज के सभागार में कलाधारा ग्रुप के कलाकारों ने लघु नाटिका की प्रस्तुति दी। जिसमें नाट्यशास्त्र के रचयिता श्री भारतमुनि द्वारा नाट्यशास्त्र और उसके तत्वों की परिभाषा समझाई। नाटक में भारतमुनि अपने शिष्यों को नाट्य का पाठ करवा रहे होते हैं। वही अन्य ऋषि गण नाट्यशास्त्र से संबंधित अपने प्रश्नों के उत्तर लेने पहुंचते हैं। ऋषिगण भरत मुनि जी से नाट्यशास्त्र के तत्वों के बारे में पूछते हैं। तब भारतमुनि कहते हैं कि नाट्यशास्त्र सनातन धर्म के चारों वेदों सामवेद, ऋग्वेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद से मिला कर बना पंचम वेद है। जिसमें पाठ, गान, भाव और रस का समावेश है। जब ऋषि पूछते हैं कि नाटक कला को समाज इतना महत्व क्यों नहीं देता तब भरतमुनि उत्तर देते हैं कि समाज के कई लोगों नाट्यशास्त्र जैसे महान ग्रन्थ के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है। जिससे कलाकार और दर्शक कला के असली मर्म को समझे और जन जन को कला से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। नाटिका का निर्देशन ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने किया।

भरत मुनि जी की भूमिका अभिषेक निगम ने निभाई। मनीष, यश, आनंद, अंकुश और करन ऋषिगण बने। नाटिका में नर्तकी की भूमिका में मनीषा, गायन जतिन और तबला वादन भरत ने किया। मेकअप और ड्रेस का कार्य रॉबिन और मानसी ने किया। दिवस काठीवोडा ने आचार्य की भूमिका निभाई।

# संदिग्ध हालत में युवक की मौत, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:शहर** थाना क्षेत्र के गोहाना रोड पर दुकान के बाहर संदिग्ध हालत में युवक का शव मिला। राहगीरों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है। जांच अधिकारी बिजेंद्र ने बताया कि रविवार सुबह सूचना मिली कि गोहाना बाईपास पर स्थित फास्ट फूड की दुकान के बाहर संदिग्ध हालत में युवक का

**जांच जारी**

**टीम ने जरूरी नमूने एकत्रित करके शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया है**

शव पड़ा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां एफएसएल की टीम को बुलाया। टीम ने जरूरी नमूने एकत्रित करके शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

# वार्डवासियों की समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** नगर परिषद चुनाव के मद्देनजर आज वार्ड नं. 19 से पार्षद पद के निर्दलीय प्रत्याशी ओंकार नाथ मिश्रा ने अपनी टीम के साथ नॉमिनेशन दाखिल किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी टीम का धन्यवाद देते हुए कहा कि टीम के सदस्यों के सहयोग व उनसे प्राप्त ऊर्जा से ही आगामी पार्षद चुनाव में खड़े होकर वार्डवासियों की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। मिश्रा ने कहा कि आगामी चुनाव में भारी मतों से विजयी होने के पश्चात वार्डवासियों की समस्याओं का समाधान ऐसे डिजीटल तरीके से किया जाएगा जिसकी वार्ड स्तर पर अभी तक



किसी ने परिकल्पना नहीं की होगी। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों की आम समस्याओं के अतिरिक्त वार्ड के आधुनिकरण संबंधी तमाम प्रयास पूरे जोर-शोर से किया जाएगा तथा इस बात को सुनिश्चित किया जाएगा कि वार्डवासियों को अपनी समस्याओं के लिए आए दिन परेशान न होना पड़े। इस अवसर पर उनके साथ टीम के सदस्य राम नरेश सिंह, प्रीतम सिंह, अंकुश मिश्रा, अंकित मिश्रा, पवन सिंह, त्रिभुवन पाल, प्रभु नारायण मिश्रा, अर्जुन मिश्रा, राम राज गुप्ता, विनय, राजकुमार, ललन यादव, रमाकांत यादव, शिव जतन दूबे, दिलीप शर्मा, रीना दूबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कुरुक्षेत्र में प्रदेशाध्यक्ष व मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्री होंगे एकत्रित

**सरगर्मियां**

**आगामी निकाय चुनावों को लेकर प्रदेशभर में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिलाध्यक्ष सुशील राणा की अध्यक्षता में कुरुक्षेत्र भाजपा पार्टी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। आगामी निकाय चुनावों को लेकर प्रदेशभर में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इस संदर्भ में कल कुरुक्षेत्र में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी , प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली सहित राज्य के सभी मंत्री एक महत्वपूर्ण बैठक में एकत्रित होंगे। यह बैठक विशेष रूप से निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर आयोजित की जा रही है, जिसमें पार्टी के नेताओं द्वारा चुनावी रणनीतियों, संगठनात्मक ताकत, और प्रशासनिक तैयारियों पर चर्चा की जाएगी।जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स ने बताया कि बैठक का आयोजन राज्य की आगामी निकाय चुनावों के मद्देनजर किया जा रहा है, ताकि इन चुनावों में पार्टी की सफलता सुनिश्चित की जा सके।शैलेश वत्स ने आगे बताया कि प्रदेशाध्यक्ष बड़ोली, मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ प्रदेशभर के मंत्री, विधायक, सभी नगर निगमों के मेयर,परिषदों के चेयरमैन, कारपोरेशन के चेयरमैन व 18 जिलों के जिलाध्यक्ष व प्रभारी और पार्टी के वरिष्ठ नेता इस बैठक में शामिल होंगे, जिसमें चुनावी रणनीतियों के साथ-साथ स्थानीय मुद्दों पर भी विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी और प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली की अध्यक्षता में इस बैठक में हरियाणा के विभिन्न जिलों से जुड़े मंत्री और नेता भाग लेंगे। बैठक में पार्टी के चुनावी परिदृश्य पर गहन चर्चा की जाएगी और चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों के चयन के लिए अंतिम निर्णय लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पार्टी के सभी मंत्री, विधायक और कार्यकर्ता एकजुट होकर आगामी चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकने का संकल्प लेंगे।

**निकाय चुनावों पर जोर**

बैठक में मुख्य रूप से निकाय चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन, प्रचार रणनीतियों और स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देने पर चर्चा की जाएगी। पार्टी की कोशिश होगी कि इन चुनावों में राज्यभर के हर क्षेत्र में अपनी मजबूती बनाए रखे और लोगों के बीच पार्टी का सकारात्मक संदेश पहुंचाए।

इसके अतिरिक्त, बैठक में हरियाणा के विकास कार्यों पर भी चर्चा की जाएगी, जिसमें राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रमुख विकास कार्यों को चुनावी मुद्दा बनाकर जनता तक पहुंचाया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने राज्य के हर कोने में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है, जो पार्टी के चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा होंगे।

# पत्रकार एकता संघ ने किया जिला कार्यकारिणी का गठन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पत्रकार एकता संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक सेक्टर 17स्थित संघ कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष डी आर भटनागर एवं जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार कौशिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार वालिया उपस्थित रहे। बैठक में जिले की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष डी आर भटनागर ने बताया कि पत्रकार एकता संघ पत्रकारिता की गरिमा, मयार्दा के साथ समाज कल्याण और राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि



पत्रकारिता के क्षेत्र में आज अनेक चुनौतियाँ हैं, पत्रकारिता का स्वरूप लगातार बदल रहा है। पत्रकार एकता संघ मीडियाकर्मियों की बुलंद आवाज बनेगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने चयनित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी चयनित पदाधिकारी अपने दिए गए दायित्व को ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करेंगे। जिला कार्यकारिणी में मुख्य संरक्षक दलबीर मालिक,

**बैठक**

**प्रदेश उपाध्यक्ष डी आर भटनागर एवं जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार कौशिक की अध्यक्षता में बैठक हुई**

उपप्रधान संजीव कुमार गोयल, महासचिव गुलशन ग्रोवर, मीडिया प्रभारी हरिदास चनालिया, कोषाध्यक्ष राजकुमार कौशिक, सचिव अजय शर्मा, ऑडिटर राजेश भटनागर, प्रचार सचिव राजेंद्र स्नेही व अनिल वर्मा एवं संगठन सचिव सूरज कमल सेठ को बनाया गया। बैठक में पत्रकार एकता संघ के प्रचार सचिव राजेंद्र कुमार स्नेही के भाई की दुःखद मृत्यु पर सभी पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजली अर्पित की एवं दो मिनट का मौन धारण किया गया।

आपको बता दें कि पत्रकार एकता संघ देशभर में एक्टिव एकमात्र ऐसा संगठन है जो पत्रकारों के हित के लिये काम करता है।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष देसराज भटनागर, जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार कौशिक के अलावा वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार वालिया, राजकुमार कौशिक,अजय शर्मा, संजीव गोयल , हरि चनालिया, राजेन्द्र कुमार स्नेही, सूरजकमल सेठ, दलबीर मलिक, अनिल वर्मा उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव के मद्देनजर शस्त्र लाइसैंस धारक अपने हथियार जमा करवाएं: वरुण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** निकाय चुनावो के मद्देनजर कुरुक्षेत्र पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है । एडवाइजरी जारी करते हुए अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने कहा कि शस्त्र लाइसैंस धारक अपने लाइसैंसी हथियार नजदीकी पुलिस थाना या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा करवायें । जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री वरुण सिंगला ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निकाय चुनावो की घोषणा कर दी गई है। पुलिस



अधीक्षक ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से शस्त्र लाइसैंस धारक अपना हथियार बिना किसी देरी के अपने नजदीकी थाना में या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा कराएं । पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि आपके क्षेत्र में जिन लोगों के पास लाइसैंसी हथियार है उन सभी के हथियारों को चुनाव से पहले संबंधित पुलिस थाने या प्राधिकृत गन हाउस में जमा करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति थाना के अलावा प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास अपने हथियार जमा करवा सकता है परंतु हथियार जमा करवाने की रसीद को संबधी थाने में दिखाना अनिवार्य है। चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसैंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे।

# चुलकाना की गलियो मे मेरे श्याम का ठिकाना है: विजय कौशल

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा/कुलदीप सिंह**

**श्री** श्याम बाबा सेवा मंडल द्वारा नई अनाज मंडी मे मनाये जा रहे फाल्गुनोत्सव मे विजय कौशल महाराज ने तीसरे दिन श्रीराम कथा का शुभारंभ भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण जी के मधुर भजनो से की। "श्री राम चन्द्र कृपालु भगवन व सावरे से मिलने का सत्संग ही बहाना है,चुलकाना की गलियो मे मेरे श्याम का ठिकाना है" भजनो पर श्रोताओ को झूमने को मजबूर किया।

ब्यास गद्दी पर विराजमान विजय कौशल महाराज ने राम वन गमन की कथा को जारी रखते हुए माता कौशल्या,सीता व लक्ष्मण के साथ राम का संवाद से लेकर केवट द्वारा श्रीराम लक्ष्मण ओर माता



सीता को गंगा नदी पार कराने तक की लीला का वृतांत सुनाया। कौशल महाराज जी ने कथा के बीच मे सत्यवादी राजा हरिश्चन्द्र तथा सिख गुरू गोबिन्द सिंह के दोनो पुत्रो जोरावर सिंह व फतेह सिंह को इस्लाम धर्म कबूल न करने पर जिन्दा दिवार मे चुनवा देने की कहानी भी सुनाई। उन्होने सुमित्रा की तुलना माता गुजरी से करते हुए कहा कि जिस तरह माता गुजरी ने धर्म की रक्षा के लिए अपने दोनो बेटो को न्यौछावर कर दिया था,उसी प्रकार माता सुमित्रा ने भी अपने पुत्र लक्ष्मण को श्रीराम की सेवा मे न्यौछावर किया। स्वामी विजय कौशल ने लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला के त्याग

**आनंद ही आनंद**

**सावरे से मिलने का सत्संग ही बहाना है, भजनो पर श्रोताओं को झूमने को मजबूर किया।**

की बात बताते हुए कहा कि स्वामी तुलसीदास के मुताबिक कोई भी महिला अपने पिता व पति के घर मे ही सुरक्षित रह सकती है अन्य किसी भी रिश्तेदार के घर उसकी इज्जत सुरक्षित नही रह सकती। इसीलिए अपने पति लक्ष्मण को हंसी खुशी श्रीराम की सेवा मे भेजकर उर्मिला ने 14 वर्षो तक अयोध्या के राजमहल मे संयासी की तरह जीवन बिताया।

विजय कौशल महाराज ने बताया कि राजा दशरथ तो श्रीराम को अयोध्या के राज सिहासन पर बैठाना चाहते थे लेकिन देवताओ ने मिलकर राम वन गमन का षडयंत्र रचा।ओर इसके लिए उन्होने रानी कैकयी की दासी मंथरा को माध्यम बनाया। उन्होने श्रोताओ का आह्वान करते हुए कहा कि भले ही आप किसी सत्संग मे मत जाना,कथा मत सुनना लेकिन किसी की कुसंगति मत करना क्योकि एक दो कोडी की नौकरानी मंथरा के कारण राजतिलक का महोत्सव उदासी मे बदल गया,भगवान राम को राज्य छोड़कर वन जाना पड़ा,राजा दशरथ को असमय मरने पर मजबूर किया ओर अयोध्या को अनाथ बना दिया था।

# जल संरक्षण की अलग जगा रहे डॉ. राज कुमार को नवाजा जाएगा 'डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी' की उपाधि से

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** डॉ. राज कुमार जल संरक्षण के क्षेत्र में पिछले कई सालों से सक्रिय कार्य कर रहे हैं। हरियाणा के लोगों को जागरूक करने के लिए मीडिया के माध्यम से एक अलग तरह का अभियान चला रहे हैं। उन्होंने जल संरक्षण अभियानों का हरियाणा के किसानों पर पड़ने वाले प्रभावों को स्टडी करने के लिए पीएच.डी. करके रिसर्च रिपोर्ट प्रस्तुत की है। डॉ. राज कुमार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह में हरियाणा के राज्यपाल और मुख्यमंत्री की उपस्थिति में पीएचडी की उपाधि



प्रदान की जाएगी । मीडिया के माध्यम से जल संरक्षण अभियान चलाने के लिए डॉ. राज कुमार लगभग आधे देश का भ्रमण कर चुके हैं। आजकल डॉ. राज कुमार प्रसिद्ध उद्योगपति और कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल की कम्युनिकेशन, डेवलपमेंट, इनोवेशन, रिसर्च, सोशल कैंपेन और सोशल वेलफेयर पॉलिसी मेकिंग टीम के एक अहम सदस्य के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। डॉ. राज कुमार स्वतंत्र रूप से सामाजिक एवं शैक्षणिक विषयों पर फिल्म निर्माण लेखन और निर्देशन के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। कई रिसर्च पेपरों और एक पेटेंट को अपने नाम कर चुके हैं । अभी जल संरक्षण, पर्यावरण और मेरीगोल्ड पर दो पेटेंट का भी रिसर्च कार्य चल रहा है ताकि जल संकट से जूझते हरियाणा के लिए ठंडी हवा का झोंका लाया जा सके। डॉ. राज कुमार ने हरियाणा का जल बचाने के लिए सेवन स्टेप वाटर लिटरेसी कम्युनिकेशन मॉडल बनाया है। इस मॉडल के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के लिए जागरूक किया जाएगा। इस वाटर मॉडल के माध्यम से हरियाणा के गांवों को शत प्रतिशत जल साक्षर करने की योजना डॉ. राज कुमार द्वारा बनाई गई है। इस वाटर लिटरेसी कम्युनिकेशन मॉडल की प्रभावकारिता जानने के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर आदि बद्री से कैथल तक पावन सरस्वती नदी के तट पर बसे 7 गांवों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। अब तक जल संरक्षण विषय पर 100 फिल्में बना चुके हैं और 101वीं हरियाणवी फिल्म "एक था पाणी" पर कार्य चल रहा है। इस फिल्म के पोस्टर का, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा अनावरण किया जा चुका है। सन 2015 में डॉ. राज कुमार अपनी 51 फिल्में राज्यपाल हरियाणा को सौंप चुके हैं।

# जिला पुलिस में तैनात 7 सब इंस्पेक्टर पदोन्नति उतरांत बने इंस्पेक्टर

**प्रेरित किया**

**अधिकारियों के कंधों पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी और भविष्य में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/( कमाल हुसैन )**

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने पदोन्नति पाने वाले सभी पुलिस अधिकारियों के कंधों पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दी और भविष्य में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने पदोन्नति पाने वाले सब इंस्पेक्टर सतपाल, सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, सब इंस्पेक्टर ओमप्रकाश, सब इंस्पेक्टर महाबीर, सब इंस्पेक्टर सतीश, सब इंस्पेक्टर बलवान सिंह व सब इंस्पेक्टर नरेश के कंधों पर स्टार लगाकर इंस्पेक्टर पदोन्नत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। पुलिस अधीक्षक लाकेंद्र सिंह ने कहा कि एक पुलिस अधिकारी का ईमानदार व कर्मठ होना बहुत जरूरी है। जीवन में की गई मेहनत और ईमानदारी का फल अवश्य मिलता है। हमें जीवन में आगे बढ़ने का निरंतर प्रयास अवश्य करना चाहिए। जब भी कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने वर्तमान पद से पदोन्नत होता है तो उसे अधिक जिम्मेदारी दी जाती है। पुलिस अधीक्षक लाकेंद्र सिंह ने पदोन्नत होकर इंस्पेक्टर बने सभी पुलिस अधिकारियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि अब विभाग के प्रति उनकी जिम्मेदारियां और अधिक बढ़ गई हैं।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता ने हजारों समर्थकों की भीड़ के साथ किया नामांकन पत्र दाखिल



**करनाल।** आज भाजपा प्रत्याशी रेणु बाला गुप्ता ने अपने हजारों समर्थकों के साथ नामांकन यात्रा निकाली नामांकन से पूर्व उन्होंने चुनाव कार्यालय अग्रवाल धर्मशाला में हवन किया। इस नामांकन यात्रा में उनके साथ हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री महीपाल ढांडा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं करनाल नगर निगम चुनाव प्रभारी ज्ञान चंद गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष एवं असंध विधायक योगेन्द्र राणा, करनाल विधायक जगमोहन आनंद, जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मैहता, भाजपा जिला करनाल कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, जिला महामंत्री सुनील गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा, कर्ण मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, रामनगर मंडल अध्यक्ष मोहित सचदेवा, अर्बन मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना, वरिष्ठ भाजपा नेता भगवान दास अघी, भारत भूषण कपूर, जिला मीडिया प्रभारी डा.अशोक कुमार सहित अन्य कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। नामांकन यात्रा रेलवे रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला भाजपा के नगर निगम चुनावी कार्यालय से शुरू होकर घंटाघर चौक, पुरानी जी रोड, नेहरू पैलेस मार्केट से होती हुई, सनातन धर्म मंदिर, परशुराम चौक, सैक्टर 12 पैट्रोल पंप के सामने पहुंची और उसके बाद लघु सचिवालय में नामांकन किया गया। भाजपा के सभी 20 वार्डों के प्रत्याशियों ने भी अपने समर्थकों के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रेणु बाला के नामांकन के समय उनके साथ कैबिनेट मंत्री महिपाल ढांडा, करनाल निगम चुनाव प्रभारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, विधायक जगमोहन आनंद, करनाल जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा मौजूद रहे। रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि भाजपा की जन कल्याणकारी नीतियों के चलते भाजपा की केन्द्र व प्रदेश में सरकार है और प्रदेश में होने वाले निकाय चुनावों में करनाल के सभी 20 वार्डों में भाजपा के सभी प्रत्याशी भारी वोटों से विजय प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार अब ट्रिपल इंजन की ओर अग्रसर है, ताकि एक ही कड़ी में सब लोग मिलजुल कर विकास कार्यों को और गति दे सकें!

### बीडीपीओ कार्यालय राई में राई खंड के सरपंचों ने किया विधायक कृष्णा गहलावत का अभिनंदन



**गन्नौर:** राई खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में विधायक कृष्णा गहलावत का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित करते हुए सरपंचों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सरपंचों ने कहा कि अब वे अपने हलके तथा खंड और गांवों के विकास को लेकर निश्चिंत हो गए हैं, क्योंकि उन्हें एक जनसेवक और सच्ची जनहितैषी विधायक मिली हैं। जिन्हें कुछ भी कहने की जरूरत नहीं है, वे स्वयं ही समस्याओं व मांगों का संज्ञान लेकर विकास को गति देती हैं। विधायक कृष्णा गहलावत ने सभी सरपंचों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके विशेष सहयोग के बूते ही वे आज विधायक बनी हैं। जनसेवा का यह अवसर प्रदान करने के लिए वे हृदय से सबकी आभारी हैं। अब वे जनसेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। उनके तो जीवन का लक्ष्य ही जनसेवा है। विधायक बनने पर वे जनसेवा को और मजबूती से कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि राई के हर गांव का विकास शहरी तर्ज पर किया जाएगा। गांवों में कोई भी समस्या शेष नहीं रहने दी जाएगी। सरपंचों की मांगों को भी पूरा किया जाएगा। उन्होंने सरपंचों का आह्वान किया कि वे कार्यकताओं व ग्रामीणों के साथ मिलकर विकास को गति प्रदान करें। इस अवसर पर राई खंड के सरपंच संजय, मोनिका, रविंद्र, शिवम, सरीता देवी, सुमन, सुनील कुमार, कमलेश, राजेश कुमार, पुष्पा देवी, राज करण, धीर सिंह, प्रियंका, विरेंद्र, गीतेश, सतीश कुमार, महातका, योगेश, नीतू, तीर्थराम, योगेश कुमार, रीना, नरेश कुमार, सुमन देवी, धर्मबीर सिंह, रानी, उमेश दहिया, पूजा, वर्षा रानी, अनिल, सरला देवी, साहब सिंह, पंकज कुमार, प्रीति, विनीता, अशोक कुमार, सुखबीर दत्त, रेनू, प्रशांत और अंशू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# व्याख्यान एवं साहित्य महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**प्रतिभा**

**छात्रों ने भाषण, कहानी सुनाओ, कविता पाठ व लोकगीत प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** गीता यूनिवर्सिटी में व्यासाख्यान एवं साहित्य महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली, उत्तर प्रदेश व हरियाणा के 19 कॉलेजों के सैकड़ो छात्रों ने हिस्सा लिया । छात्रों ने वाद- विवाद, भाषण, कहानी सुनाओ, कविता पाठ व लोकगीत प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बतौर मुख्यातिथि पहुंचे कवि दिनेश सिंधल ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्रों में रचनात्मकता का विकास करने के उद्देश्य से जीयू में व्याख्यान एवं साहित्य उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों ने वाद-विवाद, भाषण, कहानी, कविता, और लोकगीत



प्रतियोगिता में हिस्सा लिया । प्रतियोगिता में दिल्ली हरियाणा व उत्तर प्रदेश के विभिन्न कॉलेजों के सैकड़ो छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कवि दिनेश सिंधल, मनीष गोस्वामी व कवि आर्य ने कविताओं के माध्यम से जीवन, समाज और मानवीय संवेदनाओं को अभिव्यक्त किया। वाद विवाद में जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत तो कविता पाठ, लोकगीत व कहानी में जीयू के छात्रों ने मारी बाजी। जीयू में आयोजित व्याख्यान एवं साहित्य उत्सव की वाद-विवाद प्रतियोगिता में जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत ने प्रथम स्थान। भाषण प्रतियोगिता में सीआरए सोनीपत की टीम न प्रथम स्थान। लोकगीत, कविता और कहानी सुनाओ प्रतियोगिताओं में गीता यूनिवर्सिटी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के समापन समारोह पर जीयू के प्रो चांसलर निशांत बंसल, कुलपति डा विकास सिंह, कवि दिनेश सिंधल, मनीष गोस्वामी व कवि आर्य ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ भावना शर्मा, डॉ अजय शर्मा व डा पूजा गुप्ता ने किया।

# किसानों को एकजुट होना होगा : रतनमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** मुजफ्फरनगर में आयोजित की गई राष्ट्रीय किसान महापंचायत में किसानों के एक बड़े जत्थे ने कूच किया। जत्थे की अगुवाई भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने की। मेरठ रोड के नगला चौक के समीप बड़ी संख्या में किसान एकत्रित हुए, जहां से किसानों ने नारेबाजी करते हुए राष्ट्रीय किसान पंचायत में शामिल होने के लिए कूच किया। उत्तरी हरियाणा प्रभारी मेहताब कादयान ने इस अवसर पर कहा कि किसानों को एकजुट होकर सरकार की किसान विरोधी नीतियों का मुकाबला करना होगा। प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने बताया कि इस राष्ट्रीय किसान महापंचायत का आयोजन राष्ट्रीय किसान मोर्चा के तत्वाधान में किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कृषि बाजार के लिए भेजा गया ड्राफ्ट पूर्ण रूप से किसानों को बर्बाद करने वाला है।

# ग्रामीणों को बैंक कार्य की सुविधा घर में ही मिलेगी : कृष्णा गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई। राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री** कृष्णा गहलावत ने राई में खोली बैंक की नई शाखा को लोकार्पित करते हुए ग्रामीणों को बधाई दी। गहलावत का भाजपा युवा नेता पुनीत राई व बैंक अधिकारियों ने स्वागत किया । राई में येस बैंक की नवीनतम शाखा का शुभारंभ करते हुए राईवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अपने ही क्षेत्र में बैंक की सुविधा मिलना बड़ी बात है। इससे ग्रामीणों को बैंक कार्य की सुविधा घर में ही मिलेगी। लोन आदि के लिए भी उन्हें कहीं दूर-दराज जाने की



जरूरत नहीं पड़ेगी। ग्रामीणों को बैंकों की सभी सुविधाएं उनके घर-द्वार पर ही मिलेंगी, जिससे उनको समय की भी बचत मिलेगी। युवा भाजपा नेता पुनीत राई ने कहा कि घरद्वार में ही बैंक खुलने से ग्रामीणों को बैंक की सभी सुविधाएं सरलता के साथ बेहतरीन रूप में मिलेगी।

# अर्थशास्त्र विभाग में हुआ विस्तार व्याख्यान का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** आर्य कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग ने ने इंटरनेशनल इकोनॉमिक एसोसिएशन द्वारा चल रही शोध परियोजना के अंतर्गत "अर्थशास्त्र में महिलाओं की उन्नति" शीर्षक पर कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की वक्ता परियोजना की शोध सहायक प्रो. अनु रही, जिन्होंने प्रतिष्ठित आईईएस अधिकारी की कहानी को उजागर करके ग्रामीण छात्राओं को अर्थशास्त्र को करियर के रूप में चुनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अर्थशास्त्र के विविध अवसरों जैसे आरबीआई



ग्रेड 2 अधिकारी, आईईएस, आईएएस, डेटा विश्लेषक, नीति विश्लेषक, अनुसंधान विश्लेषक, अर्थशास्त्र में प्रोफेसर और कॉर्पोरेट क्षेत्र में विभिन्न अन्य अवसरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आयोजक के रूप में अर्थशास्त्र की सहायक प्रोफेसर डॉ. रजनी शर्मा ने स्वागत भाषण देकर और पौधा भेंट करके अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. सतवीर सिंह ने स्नातक छात्रों को कैरियर के रूप में स्नातकोत्तर करने के लिए प्रेरित किया।

# निकाय चुनाव में खिलेगा कमल: योगेंद्र राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

करनाल। असंध शहर से नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी सुनीता अरडान ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन यात्रा से पूर्व हवन यज्ञ कर प्रभु से प्रार्थना करी कि भाजपा के सभी उम्मीदवारों को प्रचंड बहुमत के साथ विजयी हो । असंध विधायक योगेन्द्र राणा ने उन्हें जीत का आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि भाजपा परिवार के हमारे कर्मठ कार्यकताओं की तपस्या से निकाय चुनावों में भी मजबूती से कमल खिलने जा रहा है।

# वार्षिक विज्ञान-जेंडर मेले का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**केजीबीवी** जलमाना में वार्षिक विज्ञान - जेंडर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा जेंडर और विज्ञान से जुड़े मॉडल्स को प्रस्तुत किया गया । विज्ञान जेंडर मेले का उद्घाटन ऊएड/ उढ्ढउ सुभाष भारद्वाज, ब्लॉक रिसोर्स कॉर्डिनेटर बिजेंद्र नरवाना, असिस्टेंस प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर कुल भूषण , केजीबीवी जलमाना प्रधानाचार्य ज्ञानी राम कौशिक, गोयला कला स्कूल के प्रधानाचार्य राज किशन जैन, प्राइमरी स्कूल जालपाड़ सतीश एवं अन्य अतिथियों द्वारा फीता काट कर और दीप प्रज्वलित करके किया गया । इस मेले का आयोजन स्वतालीम



और तारा फाउंडेशन द्वारा " मैं भी क्यूरी" प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित किया गया। स्वतालीम फाउंडेशन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय , जलमाना पानीपत में लगभग चार वर्ष से कार्यरत हैं। " मैं भी क्यूरी" प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को विज्ञान और जेंडर से जोड़ना है ताकि भविष्य में छात्राएं इनके प्रति जागरूक हो सके। प्रतिभागी छात्रों द्वारा उनके पाठ्यक्रम के अनुसार मॉडल बनाए गए जोकि जेंडर और विज्ञान पर आधारित थे। छात्राओं द्वारा मानव मस्तिष्क, मानव हृदय, लैंगिक समानता, मादा प्रजनन तंत्र, भोजन एवं स्वस्थ्य, वाटर फिल्ट्रेशन, मृदा परिचिका, नर परजन्न तंत्र, मासिक धर्म ,अच्छा एवम् बुरा स्पर्श, सड़क सुरक्षा, ड्रिप इरिगेशन, अम्ल एवं क्षार, सड़क सुरक्षा, अम्लीय वर्षा, मानव पाचन तंत्र, बिजली के सुचालक एवं कुचालक, चंद्रमा की कलाएं , मानव कंकाल तंत्र, क्रिस्टलाइजेशन प्रक्रिया, जैविक कृषि आदि के साथ ही 35 अन्य मॉडल का प्रदर्शन किया गया।

इस मेले में स्कूल सभी छात्राओं और उनके अभिभावकों द्वारा मेले का भ्रमण किया गया। सभी अभिभावकों और अतिथिगण द्वारा मेले में भ्रमण कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया ,साथ ही उन्हें आगे भी इसी प्रकार से नए मॉडल्स को बनाने को कहा गया ताकि बच्चे अलग अलग जगह जाकर अपने मॉडल्स के बारे में बता सके ।

# महिला जागृति शिविर का आयोजन, किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** सामाजिक कार्यकताओं के सहयोग से गन्नौर गांव स्थित खेल ग्राउंड में महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं के समाधान और विशेष दिनों में बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी निर्मल, कानून एडवाइजर बिमलेश, सर्कल सुपरवाइजर वीना और योगाचार्य मंजू पहल ने भाग लिया।

# वसंतोत्सव: पुष्प प्रदर्शिनी एवं पुष्प प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**प्रतियोगिता**

**पुष्प प्रदर्शनी का उदघाटन मुख्य अतिथि सोसाइटी पानीपत के संरक्षक रोशन लाल मित्तल ने किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**
**एसडी** पीजी कॉलेज पानीपत में दो दिन तक चलने वाले ग्याहरवें राज्य स्तरीय वसंतोत्सव 2025: पुष्प प्रदर्शिनी एवं पुष्प प्रतियोगिता का भव्य आयोजन आज प्रातः 10 बजे शुरू हो रहा है। पुष्प प्रदर्शनी का उदघाटन मुख्य अतिथि एसडी एजुकेशन सोसाइटी पानीपत (रजि.) के संरक्षक रोशन लाल मित्तल करेंगें । एसडी एजुकेशन सोसाइटी पानीपत (रजि.) के प्रधान अनूप कुमार और सचिव नरेश कुमार गोयल कार्यक्रम में बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर शिरकत करेंगे । एसडी पीजी कॉलेज प्रबंधकारिणी के प्रधान दिनेश



गोयल, उप-प्रधान राजीव गर्ग, जनरल सेक्रेटरी महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विशाल गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा मेहमानों का स्वागत करेंगे । वसंतोत्सव पुष्प प्रदर्शनी एवं पुष्प प्रतियोगिता का प्रथम आयोजन वर्ष 2013 में किया गया था। पानीपत एक औद्योगिक शहर है। पानीपत में बड़े और लघु उद्योगों की भरमार है। पानीपत में प्रदूषण और औसत तापमान निरंतर चिंता का विषय रहे हैं। पानीपत समाज की पर्यावरण एवं प्रकृति से संबंधित विषयों के प्रति जागरूकता हो, सामूहिक प्रयास से हम अपने लिए स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर पाए, साथ ही जिंदगी की दौड़ धूप और जल्दबाजी से जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव है, प्रकृति के सानिध्य में सरल एवं तरोताजा होकर आगामी जीवन के शुभ संकल्प में इन दृष्टिकोणों से प्रत्येक वर्ष पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है।

वसंतोत्सवः पुष्प प्रदर्शिनी में हरियाणा प्रदेश और पानीपत जिले के स्कूल, कॉलेज, संस्थान तथा नर्सरियों के माली भाग लेगे । आईओसीएल हर बार की तरह इस बार भी प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहा है । विदित रहे कि यह आयोजन कॉलेज में ही स्थापित पर्यावरण बचाओ सोसाइटी और कॉलेज एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में हो रहा है और इस बार की प्रतियोगिता में 70 अलग-अलग कटेगरी में पुरस्कार दिए जायेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने का कोई शुल्क नहीं है ।

वसंतोत्सवः पुष्प प्रदर्शिनी आमजन के लिए दोनों दिन खुला है और यह प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक चली ।

कॉलेज इस प्रदर्शनी का लगातार ग्याहरवीं बार आयोजन कर रहा है।

# ओमप्रकाश ने शिक्षा अधिकारी के समक्ष संगठन के बारे में विस्तार से बताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ, कुरुक्षेत्र की जिला इकाई जिला प्रधान अमर सिंह के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा से मिला। सर्वप्रथम जिला प्रधान ने संगठन की तरफ से शिक्षा अधिकारी को जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। पूर्व राज्यकोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सरोहा ने शिक्षा अधिकारी के समक्ष संगठन के बारे में विस्तार से बताया। जिला संरक्षक रमेश थाना ने शिक्षा अधिकारी से



अपील की के संगठन अध्यापकों के यदि किसी कार्य के लिए आते हैं तो आप उसे सकारात्मक रूप देते हुए जल्द करने का कार्य करें। जिला महासचिव रामेश्वर ने साथियों का परिचय शिक्षा अधिकारी से कराया और कर्मचारियों से संबंधित कुछ मुद्दों पर भी शिक्षा अधिकारी से चर्चा की। राज्य कार्यकारिणी सदस्य रमेश रंगा ने साथियों को एकजुट रहकर संगठन को मजबूत करने की अपील की। जिला शिक्षा अधिकारी ने विश्वास दिलाया के संगठन की जब भी कोई समस्या या मांग हो आप तुरंत आकर मुझे मिले जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास रहेगा।

# कार्यकर्ता धन्यवाद सभा का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हाल ही में संपन्न हुए दिल्ली विधानसभा चुनावो में भले ही भाजपा ने चुनाव जीत लिया हो, लेकिन जिस तरह कांग्रेस ने चुनाव लड़ा उसने सारे समीकरण बदलकर रख दिए। पिछले 11 वर्षों से दिल्ली की सत्ता में काबिज रही आम आदमी पार्टी को दिल्ली की सत्ता से बेदखल करने में कांग्रेस को बड़ा कारण माना जा रहा है। इन्हीं चुनावों में गोकुलपुरी विधान सभा से शानदार तरीके से चुनाव लड़े कांग्रेस प्रत्याशी ईश्वर चंद बागड़ी ने धन्यवाद बैठक का आयोजन कर विधानसभा के सभी साथी कार्यकर्ताओ और क्षेत्रवासियों का धन्यवाद किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में करावल नगर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदेश




भारद्वाज ने शिरकत की। इनके अलावा इस समारोह में पूर्व प्रत्याशी एसपी सिंह, पूर्व निगम पार्षद विमला शर्मा और राम विलास शर्मा भी मौजूद थे। इस अवसर पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि झूठ बोलकर सत्ता हासिल करने वाली आम आदमी पार्टी से दिल्ली की जनता नाराज थी और उसे भाजपा और कांग्रेस में से किसी एक को चुनना था। और शायद हम अपनी बात ढंग से जनता के सामने नहीं रख सके और चुनाव हार गए। लेकिन हमारे लिए सबसे बेहतर बात यह है कि लोग आज भी आम आदमी पार्टी के मुकाबले हमारी कांग्रेस की सरकार को बेहतर सरकार मानते हैं। लेकिन लोकतंत्र में जनता जनार्दन होती है और स्वेच्छा से सरकार चुनती है। हम जनता की भावनाओं की कद्र करते हुए अपने कर्त्तव्य मार्ग पर हमेशा की तरह चलते रहेंगे और आम जन की आवाज बनकर सत्ता से टकराने का काम करते रहेंगे। कांग्रेस हमेशा से पीड़ितों, वंचितों, दलितों और गरीबों के हक की लड़ाई लड़ती आई है और लड़ती रहेगी।

# मुकुंदपुर वार्ड: क्षेत्र के विकास पर ध्यान दें जनप्रतिनिधि: श्याम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में भाजपा सरकार बनने के बाद जहां भाजपा के कार्यकर्ताओं में जोश देखते बन रहा है, वहीं दूसरी ओर दिल्ली की जनता भी भाजपा सरकार से कई उम्मीदें लगाए बैठी है। मोदी की गारंटी के भरोसे दिल्ली की जनता भाजपा को प्रचंड जीत दिलाकर आम आदमी पार्टी का दिल्ली की सत्ता से बाहर किया और भाजपा को चुना है, जिससे भाजपा के दिल्ली के होने वाले सीएम की जिम्मेदारी ज्यादा बढ़ गई है क्योंकि जहां एक ओर तो दिल्ली में सालों से रूके हुए विकास करवाने है तो वहीं दिल्ली की जनता से किए हुए तमाम वादों पर भी खरा उतरना पडेगा। बुराडी विधानसभा स्थित मुकुंदपुर वार्ड में



रहने वाले व कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी श्याम सिंह ने कहा कि भाजपा व उसके कार्यकर्ता दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने में खुश तो है लेकिन वह यह भूल गए है कि सरकार बनने के बाद लोगों के लिए तमाम काम भी करने पड़ते है जिसमें की भाजपा रिकार्ड रहा कि भाजपा की सरकार जैसे ही केंद्र में फेल साबित हुई है वैसे ही दिल्ली में भी विफलता कुछ दिनों के बाद ही देखने को मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि जैसे कि मुकुंदपुर वार्ड से भाजपा के निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर है, जिन्होंने पूरे क्षेत्र में गंदगी का माहौल पैदा कर रखा है। क्षेत्र में एक भी सफाई कर्मचारी नहीं आता है जिसकी वजह से पूरे इलाके में दस-दस दिनों तक कूड़ा पडा रहता है जो कि हवा से सहारे उडकर लोगों की दुकानों व घरों में घुस जाता है, जिससे कि लोगों बहुत दिक्कतें हो रही है। राधा विहार इलाके में तो नलियों का ऐसा हाल है कि पूछो ही मत, नालियों का पानी नाली में कम गलियों में ज्यादा भरा हुआ दिखाई पडता है।

# शिरोमणी कमेटी अध्यक्ष हरजिन्दर सिंह धामी के इस्तीफे का दिल्ली कमेटी प्रबन्धकों ने किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका एवं महासचिव जगदीप सिंह के द्वारा हरजिन्दर सिंह धामी के शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफे का स्वागत करते हुए इसे देर से सही पर अर्न्तआत्मा की आवाज सुनकर लिया गया फैसला बताया है। सः हरमीत सिंह कालका और सः जगदीप सिंह काहलो ने कहा वैसे तो सः हरजिन्दर सिंह धामी को 2 सितम्बर को ही अपना पद छोड़ देना चाहिए था जब शिरोमणि





अकाली दल ने श्री अकाल तख्त साहिब से पांच सिंह साहिबानों द्वारा बनाई गई 7 सदस्यी टीम के गठन सहित अन्य फैसलों को दरकिनार करते हुए केवल एक परिवार को बचाने के लिए कौम को दाव पर लगा दिया। उसके बाद सिंह साहिब ज्ञानी हरप्रीत सिंह पर बेबुनियाद आरोप एक ऐसे शख्स द्वारा लगाए गए जो श्री अकाल तख्त साहिब से तनख्वाह भुगत रहा था पर उसे आधार बनाकर उनकी जांच के लिए 3 सदस्यी कमेटी का गठन कर दिया गया। उस समय भी सः धामी को इसका विरोध करते हुए अपना पद छोड़ देना चाहिए था पर चलो देर ही सही पर आज जिस प्रकार सः हरजिन्दर सिंह धामी ने अपनी अर्न्तआत्मा की आवाज सुनकर फैसला लिया और अपने पद से इस्तीफा दिया उससे उनके सम्मान में बढ़ौतरी हुई है। साथ ही उनका यह भी मानना है कि सः धामी को पंथ के प्रति अपना फर्ज समझते हुए हालांकि श्री अकाल तख्त साहिब से लिए गये फैसलों को लागू करवाया जाना चाहिए था।

# दिल्ली कांग्रेस ने एनएचआरसी से जांच की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के निदेर्शानुसार दिल्ली कांग्रेस के लीगल और मानव अधिकार विभाग के एक प्रतिनिधिमंडल ने 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलवे के कुप्रबंधन के कारण भगदड़ मचने से हुई लोगों मौत की शिकायत करने हेतू राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें इस दुखद घटना की जांच के लिए समिति के गठन और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व दिल्ली कांग्रेस के लीगल और मानव अधिकार विभाग के चेयरमैन एडवोकेट सुनील कुमार ने किया। प्रतिनिधिमंडल में राजेश गर्ग चेयरमैन बूथ प्रबंधन, एडवोकेट साजिद



चौधरी, एडवोकेट शेख इमरान आलम, एडवोकेट निष्कर्ष गुप्ता, एडवोकेट मेघा सेहरा, एडवोकट बाबर, एडवोकेट प्रताप सिंह, एडवोकेट दीपक पाईलेट और लॉ स्टूडेंट कार्तिकेय गर्ग शामिल थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर विभाग के कुप्रबंधन के कारण लोगों की मौत हुई जिसके लिए सीधा रेलवे विभाग जिम्मेदार है। भविष्य में ऐसी भगदड़ न मचे रेलवे दिशा-निर्देश जारी करें और दिल्ली और दूसरे राज्यों के दिल्ली से कुंभ जाने वालों की जान को बचाया जा सके। कुंभ में अव्यवस्था के कारण 29 जनवरी को भी प्रयागराज में भगदड़ मचने से 35-40 लोगों की मृत्यु हुई थी, लेकिन केन्द्र व राज्यों सरकारों ने इस पर कोई संवेदनशीलता नहीं दिखाई। रेलवे की लापरवाही और कुप्रबंधन के कारण दिल्ली में लोगों ने अपनी जान गंवाई। देवेन्द्र यादव ने कहा कि 144 साल बाद पवित्र कुंभ में करोड़ों भारतीयों की आस्था है कि वो गंगा समागम में डुबकी लगाए, जिसके लिए केन्द्र सरकार सहित राज्य सरकारें भी लोगों को प्रोत्साहित कर रही है, लेकिन लोगों के लिए न तो राज्यों के रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, और यातायात की कोई व्यवस्था है और न ही कुंभ स्थल को आम नागरिकों के लिए व्यवस्थित किया गया है। उन्होंने कहा कि जब केन्द्र सरकार और उत्तर प्रदेश की सरकार कुंभ में करोड़ों लोगों के डुबकी लगाने का श्रेय लूट रही है तब कुंभ में या कुंभ के लिए जाने वालें लोगों की मृत्यु के लिए भी भाजपा की केन्द्र सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।




वजीरपुर जेजे कॉलोनी में विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज का स्वागत करते हुए खटीक समाज के लोग।

# मस्जिद-मंदिर तलाश करने वाले इस देश की एकता के दुश्मन: मदनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जमीअत उलेमा अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सुप्रीम कोर्ट में पूजा स्थलों के संरक्षण कानून से संबंधित दायर याचिकाओं पर भारत के मुख्य न्यायाधीश के समक्ष सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई ने पिछली सुनवाई में दिए गए स्टे को बरकरार रखा है जोकि एक सराहनीय कदम है। मुख्य न्यायाधीश के आदेश के अनुसार, अब तीन सदस्यीय पीठ अप्रैल के पहले सप्ताह में इस मामले की सुनवाई करेगी। जमीअत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने आज की कानूनी कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि स्टे को बरकरार रखने का निर्णय बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे सांप्रदायिक ताकतों की उकसाने वाली गतिविधियों पर रोक लगी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह एक अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण मामला है, क्योंकि इस कानून के बने रहने से ही देश की एकता और भाईचारा सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने आगे कहा कि सांप्रदायिक ताकतों ने एक बार फिर अपने उग्र इरादों को उजागर कर दिया है, और निचली अदालतों द्वारा इस तरह के मामलों में दिए गए गैर-जिम्मेदाराना फैसलों से स्थिति और भी खराब हो गई है।




आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया को जीत की बधाई देते हुए भाजपा नेता अमित मित्तल व अन्य।

# भाजपा के पास केजरीवाल जैसा विजनरी नेता नहीं: अवध ओझा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेता अवध ओझा ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर कहा कि आठ फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आ गए थे। लेकिन आज दस दिन बाद भी भाजपा दिल्ली का मुख्यमंत्री घोषित नहीं कर पाई है। ओझा ने कहा कि भाजपा के पास अरविंद केजरीवाल जैसा विजनरी नेता नहीं है। दिल्ली को चलाना और आगे बढ़ाना केवल आम आदमी पार्टी को ही आता है। उन्होंने कहा आआपा पिछले दस साल से दिल्ली की सरकार चला रही थी, जिसमें हम मानव संसाधन पर



काम कर रहे थे। आज दुनिया के जितने भी ताकतवर देश हैं, वह अपने मानव संसाधन के बल पर ही बने हैं।

अवध ओझा ने आगे कहा कि मानव संसाधन के दो सबसे मजबूत स्तंभ हैं। पहला शिक्षा है और दूसरा स्वास्थ्य है।

# समग्र चुनाव संचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिल्ली की सीईओ को मिला राज्य पुरस्कार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) कन्वेंशन सेंटर में सोमवार को आयोजित एक समारोह में उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने लोकसभा आम चुनाव 2024 और दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान चुनावी प्रक्रिया में उनके असाधारण योगदान के लिए प्रतिष्ठित अधिकारियों को सम्मानित किया। चुनाव प्रबंधन में उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र कुमार, दिल्ली पुलिस आयुक्त



संजय अरोड़ा, एमसीडी आयुक्त अश्विनी कुमार, एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा, एलजी के प्रधान सचिव आशीष कुंद्रा, प्रधान सचिव, गृह ए. अनबरसु, दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज और विभिन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। यह पुरस्कार कई श्रेणियों में दिए गए, जिनमें वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करना, आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का प्रवर्तन, आईटी नवाचार, सोशल मीडिया निगरानी, चुनावी आउटरीच और मीडिया प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन शामिल है। एलजी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025 में समग्र चुनाव संचालन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिल्ली की मुख्य चुनाव अधिकारी आर एलिस वाज को सर्वोत्तम चुनावी प्रथाओं के लिए राज्य पुरस्कार प्रदान किया।

इसी क्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष श्रेणी के पुरस्कारों में, राजेश कुमार (विशेष सीईओ) को वैधानिक प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सम्मानित किया गया।

# 'अरबी भाषा को भी एनआईओएस की तैयार विषय-सूची में शामिल किया जाये'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मरकजी तालीमी बोर्ड के सचिव सैयद तनवीर अहमद ने एनआईओएस को एक पत्र लिखकर उसके द्वारा तैयार विषयों की सूची में अरबी भाषा को भी शामिल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि अरबी भाषा को एनआईओएस द्वारा तैयार की गई विषय सूची में शामिल किया जाता है तो मदरसों में पढ़ने वाले बड़ी संख्या में छात्रों को इसका लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। केंद्रीय शिक्षा नीति, एनईपी 2020, विदेशी भाषाओं को सीखने पर जोर देती है और छात्रों को उन्हें सीखने के लिए प्रोत्साहित करती है। ऐसे में, अरबी भाषा को शामिल करने से छात्रों में इस भाषा सीखने में रुचि जागृत होगी और विदेशी भाषा सीखने के लिए प्रेरणा मिलेगा।

सैयद तनवीर अहमद ने एनआईओएस को सलाह दी कि जो छात्र उर्दू माध्यम से मैट्रिक और 12 वीं में परीक्षा देना चाहते हैं, उन्हें गैर-उर्दू केंद्र में प्रवेश दिया जाना चाहिए। वर्तमान में एनआईओएस उर्दू छात्रों को केवल उन्हीं स्थानों पर प्रवेश लेने की अनुमति देता है, जहां उर्दू केंद्र स्थापित हैं, जबकि अधिकांश शहरों में उर्दू केंद्र उपलब्ध नहीं हैं। इसके कारण छात्र परीक्षा में बैठने से वंचित रह जाते हैं, जो उनके अधिकारों का हनन है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यवाहक मुख्यमंत्री के आरोपों की आलोचना की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी के आरोपों की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना ने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए भी अनेक बार अपने पद की गरिमा को तार-तार किया और आज जब कार्यवाहक मुख्यमंत्री हैं तब भी अपने पद की गरिमा का ध्यान रखे बिना बयानबाजी कर रही हैं।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने प्रदेश कार्यालय पर पत्रकारों को संबोधित



करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पद पर नियुक्त होने पर आतिशी मालेर्ना ने मुख्यमंत्री की कुर्सी के साथ खाली कुर्सी रखी। वहीं बार-बार आम आदमी पार्टी मुखिया अरविंद केजरीवाल ने उन्हे अस्थाई मुख्यमंत्री कह कर मुख्यमंत्री पद की गरिमा को तोड़ा। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आतिशी मालेर्ना बतायें कि आज उन्हे मुख्यमंत्री नियुक्ति की चिंता हो रही है परन्तु उन पांच महीने वह चिंता कहां थी, जब केजरीवाल जेल में थे और पद लावारिस था। सचदेवा ने कहा कि यह खेदपूर्ण है कि आतिशी मालेर्ना कार्यवाहक मुख्यमंत्री रहते हुए भी अब लगातार अपने पद का दुरुपयोग कर दिल्ली में बिजली कटौती से लेकर नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों द्वारा लूट जैसी अनर्गल टिप्पणियां कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आतिशी मालेर्ना जानती हैं की वह पुनः विधायक जरूर चुन गई हैं।

# ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें: मुखी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भाजपा नेता इन्द्रजीत मुखी ने कहा कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में कई लोगों के हताहत होने की सूचना अत्यंत दुःखद है।



मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि हादसे में घायलों को जल्द से जल्द स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें और दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है। इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि गरीब व असहाय की सेवा करना पुण्य का कार्य है। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी गरीबों की मदद के लिए आगे आये। उन्होंने आगे बताया कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति और सभ्यता से अवगत कराओं।



बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक दीपक चौधरी को जीत की बधाई देते हुए भाजपा नेता प्रदीप गोयल।

# प्रयागराज ने दिखाया भारत का पोटेंशियल: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया 'युवा उद्यमियों से संवाद'-एक वर्ष में राम मंदिर में आया 700 करोड़ का चढ़ावा: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह महाकुम्भ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या, काशी और प्रयागराज में जिस प्रकार श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, उसने भारतीय संस्कृति को नई पहचान तो दी ही है, अर्थव्यवस्था को भी बड़ा बूस्ट दिया है। अयोध्या, काशी और प्रयागराज ने भारत के पोटेंशियल को दर्शाया है। मुख्यमंत्री योगी, सोमवार को महाराष्ट्र से आये 'युवा उद्यमियों से

**शांति**

**▶▶ परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है**

संवाद' कर रहे थे। युवा भारत संस्था के तत्वावधान में मुंबई के औद्योगिक घरानों से जुड़े उद्यमी संवाद में शामिल हुए। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ पर उंगली उठाने वालों को करारा जवाब दिया। बोले कि, महाकुम्भ का विरोध करने वालों से हमारी इकॉनमिक्स बेहतर है। उन्होंने उद्यमियों से पूछा कि अगर केंद्र व राज्य की तरफ से मिलकर 7500



करोड़ रुपये खर्च करके अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है तो कौन सा सौदा सही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या, प्रयागराज, काशी, चित्रकूट, गोरखपुर, नैमिषारण्य में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर है। अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण, इंटरनेशनल एयरपोर्ट निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के दौरान यह लोग विरोध कर रहे थे, लेकिन जब सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति से निर्णय लिया तो रिजल्ट सामने है। एक वर्ष में रामजन्मभूमि मंदिर में 700 करोड़ का चढ़ावा आया। इन लोगों को अब यह भी बुरा लगेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुम्भ में अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की पावन डुबकी लगा चुके हैं। अगले 9 दिन तक यह उत्सव इसी रूप में चलेगा। यही भारत की पोटेंशियल है। भारत की आस्था को यदि सम्मान दिया गया होता तो भारत और भी ऊंचाइयों को प्राप्त किया होता। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से कहा कि आप सभी को अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि, प्रयागराज, काशी समेत कई स्थलों को देखने का सौभाग्य प्राप्त होगा। वर्तमान में देश-दुनिया से श्रद्धालु तीनों स्थानों पर आकर भारत की आस्था को दुनिया के सामने भी दिखाकर अपनी ताकत का अहसास भी करा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य यूपी में 25 करोड़ की आबादी निवास करती है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में पिछले 10 वर्ष के अंदर पहली बार देश की आस्था को सम्मान प्राप्त हुआ। उन्होंने भारत के इस पोटेंशियल को पहचाना। उन स्थलों को फिर से मान्यता प्राप्त हुई, जिनके लिए भारत जाना जाता था। 500 वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और रामलला विराजमान हुए।

# महाकुम्भ के सेक्टर-08 में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगर: प्रयागराज** महाकुम्भ में सोमवार को एक बार फिर से आग लगने की घटना सामने आयी। कुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर 08 स्थित बजरंग दास मार्ग पर स्थित श्री कपि मानस मंडल शिविर में आग लग गई। आग लगने से टेंट व अन्य सामान जलकर राख हो गया। हालांकि फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पूरी तरह से काबू पा ?लिया है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। महाकुम्भ में आग लगने की यह पांचवी घटना है। फायर ब्रिगेड के अनुसार उपभोक्ता संरक्षण समिति शिविर में टेंट में आग लग रही थी, जिसे तत्काल फायर यूनिटों द्वारा गाड़ियों से पंपिंग करके आग को पूर्ण रूप से बुझाकर शांत किया। यहीं से आग कपि मानस मंडल के शिविर



में लगी है। आग की चपेट में आने से कवि मानस मंडल के तीन टेंट और उपभोक्ता संरक्षण समिति के दो से तीन टेंट जलकर राख हो गए। हालांकि, घटना के समय टेंट में कोई मौजूद नहीं था, लेकिन वहां रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

उन्होंने बताया कि आग कल्पवासियों द्वारा खाली किए गए तंबुओं में लगी थी। आग तेजी से फैल रही थी, लेकिन समय रहते फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीम ने आग पर काबू पा लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### अनएकेडमी: जेईई मेन 2025 सेशन 1 के नतीजों ने फिर रचा इतिहास




**नई दिल्ली -अनएकेडमी**, भारत का प्रमुख एडटेक प्लेटफॉर्म, ने जेईई मेन सेशन-1 2025 के नतीजों के साथ एक बार फिर नए कीर्तिमान स्थापित किया हैं। अनएकेडमी के 920+ छात्रों ने 99 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, जो इसकी ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा को जोड़ने वाले हाइब्रिड लर्निंग मॉडल की प्रभावशीलता को दर्शाता है। अनएकेडमी के सह-संस्थापक सुमित जैन ने इन शानदार परिणामों पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हमारे छात्रों ने एक बार फिर अपनी क्षमता और दृढ़ संकल्प को साबित किया है। ये परिणाम हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता, हमारी अध्ययन सामग्री की गुणवत्ता और हमारे हाइब्रिड लर्निंग मॉडल के प्रभाव को दर्शाते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि यह सिर्फ शुरुआत है और हमारे छात्र जेईई, नीट और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में नए रिकॉर्ड बनाते रहेंगे।
शीर्ष स्कोरों में, सौरव ने 100 परसेंटाइल हासिल किया, उनके बाद उज्ज्वल केसरी (99.999%ile), समृद्ध सरकार (99.992%ile), सृजन अग्रवाल (99.98%ile), यश कुमार (99.98%ile) और कई अन्य प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी मेहनत और लगन का प्रदर्शन किया। उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ, अनएकेडमी लगातार अपने विस्तार को जारी रखते हुए अब भारत के 50 से अधिक शहरों में 75 से अधिक केंद्रों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। यह प्लेटफॉर्म छात्रों को उत्कृष्ट संसाधनों, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और व्यापक शैक्षणिक सहयोग प्रदान करने के अपने मिशन पर दृढ़ बना हुआ है, जिससे वे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में शीर्ष रैंक प्राप्त करने के अपने सपने को साकार कर सकें।

### श्रद्धालुओं से भरी स्कार्पियो ट्रक से टकराई, चार घायल

**जौनपुर: बदलापुर** थाना क्षेत्र के सरोखनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर सोमवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। हादसा होते ही गाड़ी में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंच कर सभी को गाड़ी से बाहर निकाला ।सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया।अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे बिहार के श्रद्धालुओं की स्कॉर्पियो गाड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसे में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए।हादसे में घायल हुए लोगों में राधा देवी, हरे कृष्णा चौधरी, अमरनाथ चौधरी और नरी देवी शामिल हैं।सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्कॉर्पियो में सवार सभी श्रद्धालु मधुबनी, बिहार के रहने वाले हैं, जो अयोध्या में दर्शन करने के बाद वाराणसी की ओर जा रहे थे। तेज रफ्तार के चलते स्कॉर्पियो की ट्रक से टक्कर हो गई।

### योगी सरकार डबल इंजन नहीं डबल ब्लंडर सरकार : अखिलेश

**कन्नौज: मुख्यमंत्री** सोशल मीडिया पर बैठकर रील देखते रहते हैं। यह डबल इंजन की नहीं, बल्कि डबल ब्लंडर की सरकार है। न लखनऊ की सरकार कुछ देख पा रही है और न दिल्ली की। यह बात आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समधन कस्बे में मीडिया से कहीं। अखिलेश यादव मंगलवार को दिवंगत पूर्व चेयरमैन हाजी हसन सिद्दीकी के आवास समधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने गए थे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

### रोकने के लिए अधिवक्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**जौनपुर: उपजिलाधिकारी** सदर पवन कुमार सिंह के स्थानांतरण के विरोध में अधिवक्ताओं ने सोमवार को जिलाधिकारी मुलाकात की। कलेक्ट्रेट बार के ऑडिटर शशांक शेखर तिवारी के नेतृत्व में पहुंचे अधिवक्ताओं ने एसडीएम के कार्यकाल को सराहनीय बताते हुए उनके स्थानांतरण को रोकने की मांग की। अधिवक्ता शशांक शेखर तिवारी ऑडिटर एवं प्रदीप कुमार यादव एडवोकेट का कहना है कि एसडीएम पवन कुमार सिंह जनता की समस्याओं के समाधान के लिए देर रात तक काम करते हैं। वर्तमान में उनके पास कई महत्वपूर्ण वाद विचाराधीन हैं।

# प्रयाग कुम्भ में शुरू हुई दुनिया की पहली हवाई डाक सेवा के 114 वर्ष पूर्ण: कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर: डाक** सेवाओं ने पूरी दुनिया में एक लम्बा सफर तय किया है। भारत को यह सौभाग्य प्राप्त है कि दुनिया की पहली हवाई डाक सेवा यहीं से आरम्भ हुई। भारत में डाक सेवाओं पर तमाम लेख और एक पुस्तक इंडिया पोस्ट : 150 ग्लोरियस ईयर्ज लिख चुके पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि यह ऐतिहासिक घटना 114 वर्ष पूर्व 18 फरवरी, 1911 को प्रयागराज में हुई थी। संयोग से उस साल कुम्भ का मेला भी लगा था। उस दिन दिन फ्रेंच पायलट मोनसियर हेनरी पिक्वेट ने एक नया इतिहास रचा था। वे अपने विमान में

**ऐतिहासिक**

**▶▶ यह ऐतिहासिक घटना 114 वर्ष पूर्व 18 फरवरी, 1911 को प्रयागराज में हुई थी**

प्रयागराज से नैनी के लिए 6500 पत्रों को अपने साथ लेकर उड़े। विमान था हैवीलैंड एयरक्राफ्ट और इसने दुनिया की पहली सरकारी डाक ढोने का एक नया दौर शुरू किया पोस्टमास्टर जनरल के अनुसार प्रयागराज में उस दिन डाक की उड़ान देखने के लिए लगभग एक लाख लोग इकट्ठे हुए थे जब एक विशेष विमान ने



शाम को साढ़े पांच बजे यमुना नदी के किनारे से उड़ान भरी और वह नदी को पार करता हुआ 15 किलोमीटर का सफर तय कर नैनी जंक्शन के नजदीक उतरा जो प्रयागराज के बाहरी इलाके में सेंट्रल जेल के नजदीक था। आयोजन स्थल एक कृषि एवं व्यापार मेला था जो नदी के किनारे लगा था और उसका नाम द्वयूपी एक्जीबिशन्ह था। इस प्रदर्शनी में दो उड़ान मशीनों का प्रदर्शन किया गया था। विमान का आयात कुछ ब्रिटिश अधिकारियों ने किया था। इसके कलपुर्जे अलग अलग थे जिन्हें आम लोगों की मौजूदगी में प्रदर्शनी स्थल पर जोड़ा गया। प्रयागराज से नैनी जंक्शन तक का हवाई सफर आज से 114 साल पहले मात्र 13 मिनट में पूरा हुआ था।
कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि हालांकि यह उड़ान महज छह मील की थी, पर इस घटना को लेकर प्रयागराज में ऐतिहासिक उत्सव सा वातावरण था। ब्रिटिश एवं कालोनियल एयरोप्लेन कंपनी ने जनवरी 1911 में प्रदर्शन के लिए अपना एक विमान भारत भेजा था जो संयोग से तब प्रयागराज आया जब कुम्भ का मेला भी चल रहा था। वह ऐसा दौर था जब जहाज देखना तो दूर लोगों ने उसके बारे में ठीक से सुना भी बहुत कम था। ऐसे में इस ऐतिहासिक मौके पर अपार भीड़ होना स्वाभाविक ही था। इस यात्रा में हेनरी ने इतिहास तो रचा ही पहली बार आसमान से दुनिया के सबसे बड़े प्रयाग कुम्भ का दर्शन भी किया। भारतीय डाक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी कृष्ण कुमार यादव के अनुसार कर्नल वाई विंधाम ने पहली बार हवाई मार्ग से कुछ मेल बैग भेजने के लिए डाक अधिकारियों से संपर्क किया। जिस पर उस समय के डाक प्रमुख ने अपनी सहर्ष स्वीकृति दे दी।

# अखिलेश यादव को नकारात्मक टिप्पणी करने की आदत: गिरीश यादव

## प्रदेश के खेल मंत्री ने ग्रामीण जोन बास्केटबॉल खेल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**वाराणसी: उत्तर** प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने सोमवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। खेल मंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर हमलावर अखिलेश यादव के बयानों पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें नकारात्मक टिप्पणी करने की आदत है। जब चुनाव में वे हारते हैं तो ईवीएम को दोष देते हैं। जब चुनाव जीत जाते हैं तो

**साधा निशाना**

**▶▶ जब चुनाव में वे हारते हैं तो ईवीएम को दोष देते हैं। जब चुनाव जीत जाते हैं तो कुछ नहीं बोलते: गिरीश**

कुछ नहीं बोलते। सिगरा खेल स्टेडियम में आयोजित ग्रामीण जोन बास्केटबॉल खेल प्रतियोगिता का कैबिनेट मंत्री ने उद्घाटन किया। इसके बाद डे नाइट दिव्यांग प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच में शामिल खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महाकुंभ की सराहना पूरी दुनिया कर रही है। महाकुंभ में डुबकी लगाने वाले लाखों श्रद्धालु कर रहे हैं। अखिलेश यादव सनातन धर्म का हर समय अपमान करते है। इसी का नतीजा है मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव का परिणाम। खेलमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के बेहतर जीवन के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

### हर्ष फायरिंग में ढाई साल के मासूम की मौत

**नोएडा: सेक्टर** 41 स्थित अगाहपुर गांव में बारात चढ़ने के दौरान हुई फायरिंग में ढाई साल के मासूम की मौत हो गयी। घटना के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गयीं। मरने वाले मासूम बच्चे का नाम अंश शर्मा है। डीसीपी नोएडा रामबदन सिंह ने बताया कि अगाहपुर गांव में बीती रात बलबीर सिंह के यहां गुरुग्राम से बारात आई थी। द्वारपूजा के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में ढाई साल के अंश शर्मा को गोली लग गई और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना 49 पुलिस और वह खुद मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। इसके लिए वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही।

# अयोध्या में 300 पुलिस कर्मियों के लिए बना आवास

## 14 करोड़ की लागत से पुलिस विभाग की भूमि पर हुआ निर्माण, तुलसी कन्या इंटर कॉलेज के पास हुआ तैयार, सीएम के विजन में शामिल था प्रोजेक्ट



**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या: रामनगरी** में 300 पुलिसकर्मियों का आवास बनकर तैयार हो गया है। अयोध्या धाम में तुलसी कन्या इंटर कॉलेज के पीछे पुलिस विभाग की भूमि पर चार मंजिला इमारत के अब हैंडओवर की तैयारी की जा रही है। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो मार्च तक पुलिस विभाग को हैंडओवर हो जाएगा। पत्राचार किया जा रहा है।

**अयोध्या धाम में विभिन्न स्थलों पर ड्यूटी करने वाले:** पुलिसकर्मियों को अब तक अयोध्या ड्यूटी करने के लिए अयोध्या नगर से लगभग सात किमी जाना पड़ता था। कभी-कभी जाम या विभिन्न दिवस में लगाए जाने वाले प्रतिबंधों के समय जब वाहन प्रतिबंधित कर दिए जाते थे तो ऐसे समय में मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। अब प्रदेश की योगी सरकार ने पुलिसकर्मियों की इस बड़ी समस्या का निदान कर दिया है। 300 पुलिसकर्मियों के रहने के लिए आवास बनाए जा चुके हैं।

**भवन में पीसी हॉल, कमांडेंट कक्ष भी:** 14 करोड़ की लागत से बने चार मंजिला भवन में न सिर्फ 300 पुलिसकर्मियों के रहने के इंतजाम हैं बल्कि पीसी हॉल, कमांडेंट कक्ष समेत तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लिमिटेड के जेई रजेश ने बताया कि हमने डेडलाइन से पहले ही निर्माण पूरा कर लिया है। अब हैंडओवर होना है। इसके लिए पत्राचार किया जाना है। श्रेयांश ट्रेडिंग एंड कन्स्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर अश्वनी कुमार ने बताया कि हमने सारा कार्य जनवरी में ही पूरा कर लिया था। जीएम रचित वर्मा ने बताया कि भवन को अत्याधुनिक तरीके से तैयार कराया गया है।

# पुराने रूट से निकली प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा: वृंदावन नगर** एनआरआई ग्रीन समिति के अध्यक्ष आशु शर्मा ने सोसाइटी की ओर से प्रेमानंद महाराज से माफी मांग ली है। उन्होंने दोबारा से पदयात्रा निकालने का निवेदन भी महाराज से किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया। सोमवार की रात प्रेमानंद महाराज पदयात्रा में शामिल हुए और पुराने रूट से निकले, लेकिन उसमें कुछ बदलाव रहे। सोमवार की सुबह प्रेमानंद महाराज अपने पुराने मार्ग से होकर तो आए, लेकिन उसमें कुछ बदलाव दिखाई दिए। प्रेमानंद महाराज पहले आश्रम के लिए अपने निज निवास से पैदल निकलते थे। साथ ही पदयात्रा



करते हुए भक्तों को दर्शन देते हुए अपने आश्रम राधा केली कुंज तक जाते थे। सोमवार की सुबह प्रेमानंद महाराज सुबह चार बजे निजी निवास से कार में बैठकर निकले और बाद में अपने पुराने मार्ग पर चल दिए। लेकिन उन्होंने पदयात्रा अपने निज निवास से शुरू नहीं की। उन्होंने सोमवार को अपनी पदयात्रा आनंद कृष्ण वन होटल से शुरू की। प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा से पुराने रूट से शुरू होने से भक्त काफी खुश नजर आ रहे हैं।

**माफी के बाद**

**▶▶ प्रेमानंद महाराज पदयात्रा में शामिल हुए और पुराने रूट से निकले, लेकिन उसमें कुछ बदलाव रहे**

गौरतलब है कि बीते दिनों पदयात्रा का विरोध करने के बाद प्रेमानंद महाराज ने अपनी यात्रा में परिवर्तन किया था। लेकिन रविवार को एक वीडियो सामने आया, जिसमें एनआरआई ग्रीन समिति के अध्यक्ष आशु शर्मा स्वामी प्रेमानंद महाराज से मुलाकात कर सोसाइटी की ओर से माफी मांगते दिखाई दे रहे थे।

# यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में नकल की न रहे कोई गुंजाइश: मुख्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: मुख्य सचिव** मनोज कुमार सिंह ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से प्रस्तावित बोर्ड परीक्षा-2025 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने पारदर्शी एवं नकलविहिन परीक्षा कराये जाने के निर्देश सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि यूपी बोर्ड-2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 24 फरवरी से 12 मार्च तक प्रस्तावित हैं। यह परीक्षा कुल 8140 परीक्षा केन्द्रों पर होगी, जिनमें 576 राजकीय, 3446 सहायता प्राप्त व 4118



स्ववित्तपोषित विद्यालय हैं। परीक्षा में 27,32,216 हाईस्कूल एवं 27,05,017 इण्टरमीडिएट कुल 54,37,233 परीक्षार्थी प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में नकल की कोई गुंजाइश नहीं रहनी चाहिये। परीक्षा के पूर्व परीक्षा केन्द्रों का शत-प्रतिशत निरीक्षण कराकर यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि सभी केन्द्रों पर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि 17 जनपदों-आगरा, मथुरा, बागपत, अलीगढ़, मैनपुरी, एटा, हरदोई,

**तैयारी**

**▶▶ पारदर्शी एवं नकलविहिन परीक्षा कराये जाने के निर्देश वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दिये**

आजमगढ़, बलिया, मऊ, प्रयागराज, कौशांबी, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर, देवरिया व गोंडा को अति संवेदनशील घोषित किया गया है। इन जनपदों में विशेष तौर पर सतर्कता बरती जाए। एसटीएफ और एलआईयू द्वारा इन केन्द्रों की विशेष निगरानी रखी जाये।मुख्य सचिव ने कहा कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर समय से पहुंचने में असुविधा नहीं होनी चाहिए। परीक्षा को देखते हुए समयानुसार बसों का नियमित संचालन किया जाये। परीक्षार्थियों को कहीं भी अनावश्यक रूप से न रोका जाये। परीक्षा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया जाये। प्रयागराज, अयोध्या, बनारस के परीक्षा केंद्रों के पास पुलिस द्वारा अनावश्यक एनाउन्समेंट न किया जाये। इसके अलावा परीक्षा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। नकल माफियाओं और असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखते हुए सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये।

# उत्तर प्रदेश विधान भवन में भित्तिचित्रों का अनावरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र से पहले सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानभवन के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधानसभा परिसर में विभिन्न भित्तिचित्रों का अनावरण भी किया गया। विधानसभा को हाईटेक और अधिक कलात्मक बनाने के क्रम में इस कार्य को पूरा किया गया है। नव निर्मित भित्तिचित्रों में भारत की ऐतिहासिक घटनाओं और राजनीतिक व्यवस्था को उकेरा गया है। इनमें गीता के विभिन्न प्रसंग भी



दर्शाए गए हैं, इससे विधान भवन अब और भी अधिक भव्य और आकर्षक दिखने लगा है। पहले लकड़ी का गेट हुआ करता था, जिसे अब अत्याधुनिक और नक्काशीदार स्टील के मजबूत गेट में बदल दिया गया है।

**हाईटेक और कलात्मक रूप से सुदृढ़ हो रही विधानसभा:** विधानसभा के सौंदर्यीकरण और आधुनिकीकरण के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। विधानसभा को तकनीकी रूप से उन्नत करने के साथ-साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय और कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा 'मोना' उपस्थित रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 18 फरवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# मुख्यमंत्री योगी ने किया 'युवा उद्यमियों से संवाद'

## महाकुम्भ का विरोध करने वालों से बेहतर है हमारी इकॉनमिक्सः सीएम योगी

**प्रोत्साहित**

**▸▸ भारत की आस्था को दुनिया के सामने भी दिखाकर अपनी ताकत का अहसास भी करा रहे श्रद्धालु**




**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देकर किस तरह देश की एकता और आर्थिकी को प्रोत्साहित किया जा सकता है, यह महाकुम्भ के अवसर पर सहज ही अनुभव किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अयोध्या, काशी और प्रयागराज में जिस प्रकार श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, उसने भारतीय संस्कृति को नई पहचान तो दी ही है, अर्थव्यवस्था को भी बड़ा बूस्ट दिया है। अयोध्या, काशी और प्रयागराज ने भारत के पोटेंशियल को दर्शाया है। मुख्यमंत्री योगी, सोमवार को महाराष्ट्र से आये 'युवा उद्यमियों से संवाद' कर रहे थे। युवा भारत संस्था के तत्वावधान में मुंबई के औद्योगिक घरानों से जुड़े उद्यमी संवाद में शामिल हुए। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ पर उंगली उठाने वालों को भी करारा जवाब दिया। बोले कि, महाकुम्भ का विरोध करने वालों से हमारी इकॉनमिक्स बेहतर है। उन्होंने उद्यमियों से पूछा कि अगर केंद्र व राज्य की तरफ से मिलकर 7500 करोड़ रुपये खर्च करके अर्थव्यवस्था में तीन से साढ़े तीन लाख की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है तो कौन सा सौदा सही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या, प्रयागराज, काशी, चित्रकूट, गोरखपुर, नैमिषारण्य में बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर है। अयोध्या में सड़क चौड़ीकरण, इंटरनेशनल एयरपोर्ट निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम के दौरान यह लोग विरोध कर रहे थे, लेकिन जब सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति से निर्णय लिया तो रिजल्ट सामने है। एक वर्ष में रामजन्मभूमि मंदिर में 700 करोड़ का चढ़ावा आया। इन लोगों को अब यह भी बुरा लगेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुम्भ में अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु संगम में आस्था की पावन डुबकी लगा चुके हैं। अगले 9 दिन तक यह उत्सव इसी रूप में चलेगा। यही भारत की पोटेंशियल है।

भारत की आस्था को यदि सम्मान दिया गया होता तो भारत और भी ऊंचाइयों को प्राप्त किया होता।

### भारत की आस्था को दुनिया के सामने भी दिखाकर अपनी ताकत का अहसास भी करा रहेः सीएम

**मुख्यमंत्री** ने उद्यमियों से कहा कि आप सभी को अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि, प्रयागराज, काशी समेत कई स्थलों को देखने का सौभाग्य प्राप्त होगा। वर्तमान में देश-दुनिया से श्रद्धालु तीनों स्थानों पर आकर भारत की आस्था को दुनिया के सामने भी दिखाकर अपनी ताकत का अहसास भी करा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य यूपी में 25 करोड़ की आबादी निवास करती है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन व नेतृत्व में पिछले 10 वर्ष के अंदर पहली बार देश की आस्था को सम्मान प्राप्त हुआ। उन्होंने भारत के इस पोटेंशियल को पहचाना। उन स्थलों को फिर से मान्यता प्राप्त हुई, जिनके लिए भारत जाना जाता था। 500 वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और रामलला विराजमान हुए।

2016-17 में यूपी में जब भाजपा सरकार नहीं थी, तब यहां श्रद्धालुओं की संख्या महज 2.35 लाख हुआ करती थी, 2024 में यह संख्या बढ़कर लगभग 14-15 करोड़ से अधिक रही। सीएम ने कहा कि अयोध्या के विकास के लिए जो कुछ भी हो रहा है, वह श्रद्धालुओं के सहयोग का परिणाम है।

# प्रधानमंत्री की शीतकालीन यात्रा से पर्यटन व्यवसाय को लगेंगे पंख

**तैयारी**

**▸▸ प्रधानमंत्री नरेंद्र मदी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन युद्ध स्तर से तैयारियां में जुटा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**उत्तरकाशी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगामी 27 फरवरी को प्रस्तावित मुखवा-हर्षिल कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन युद्ध स्तर से तैयारियाओं में जुटा हैं। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने आलाधिकारियों को बैठक में प्रधानमंत्री के संभावित भ्रमण कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक तैयारियों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उत्तरकाशी जिले के सीमांत मुखवा गांव स्थित गंगा जी के शीतकालीन प्रवास स्थल स्थित गंगा मंदिर में दर्शन-पूजन कर शीतकालीन यात्रा में हिस्सा लेंगे। जिला प्रशासन के स्तर पर प्रधानमंत्री के संभावित भ्रमण कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने और विभिन्न तैयारियां को लेकर कवायद तेज कर दी गई है। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए सीमांत क्षेत्र के वाइब्रेंट विलेज-हर्षिल में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी की जा रही हैं। मुखवा में पार्किंग व रास्तों के निर्माण व सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्य कराए जा हैं। इस क्षेत्र में सड़कों की दुरस्त किए जाने के साथ ही क्रश बैरियर्स की स्थापना, सड़कों के किनारें पर दीवालों व पैरापिट निर्माण जैसे सुरक्षात्मक कार्य भी संपन्न कराए जा रहे हैं। क्षेत्र में हिमपात से पानी जमने के कारण पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने की समस्या के समाधान के लिए करीब 5 किमी लंबाई के एचडीपीई पाइप बिछाए जाने का कार्य भी प्रगति पर है। बिजली की सुचारू व निर्बाध आपूर्ति के लिए पुराने पोल व लाइन बदलने के साथ ही अन्य वैकल्पिक प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे है। क्षेत्र में कूड़ा प्रबंधन एवं टॉयलेट्स व्यवस्था को लेकर भी काम किए जा रहे हैं।

# फायर अफसरों की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टला, कोई जनहानि नहीं



**राहत की बात**

**▸▸ श्री कपि मानस मंडल और उपभोक्ता संरक्षण समिति शिविर में लगी थी आग, पाया काबू**

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 में सोमवार को श्री कपि मानस मंडल और उपभोक्ता संरक्षण समिति के शिविरों में आग लगने की घटनाएं सामने आईं। फायर सर्विस यूनिट की त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि दोनों घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि महाकुम्भ 2025 के दौरान सुरक्षा और अग्निशमन के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जिसकी मदद से आग की घटनाओं पर तत्काल प्रतिक्रिया और नियंत्रण संभव हो रहा है।

**श्री कपि मानस मंडल शिविर में आग, फायर यूनिट की त्वरित कार्रवाई**

महाकुम्भ के नोडल और मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि सोमवार सुबह श्री कपि मानस मंडल शिविर के दो टेंट में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन यूनिट ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

**सेक्टर 8 में उपभोक्ता संरक्षण समिति शिविर में भी आग पर पाया गया काबू**

उन्होंने बताया कि श्री कपि मानस मंडल की आग बुझाने के दौरान फायर यूनिट ने देखा कि सेक्टर 8 में धुआं उठ रहा है। तुरंत मौके पर पहुंचने पर पाया गया कि उपभोक्ता संरक्षण समिति शिविर में भी आग लगी थी। फायर टीम ने पंपिंग वाहनों से पानी छिड़काव कर आग को पूरी तरह बुझा दिया।

# ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशन प्रतिनिधिमंडल की सुक्खू से मुलाकात




**चर्चा**

**▸▸ कुल्लू में कृषि उद्योग और राज्य में भारतीय संचालित स्कौटिश डिस्टिलरी की स्थापना के बारे में चर्चा की गई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमलाः ब्रिटिश** डिप्टी हाई कमीशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की और यूके-हिमाचल प्रदेश के संबंधों को मजबूत करने को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूके की डिप्टी हाई कमीशनर कैरोलिन रौवेट और यूके सरकार के राजनीतिक, प्रेस और परियोजना सलाहकार राजेन्द्र एस. नागरोटी ने किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को यूके और हिमाचल के बीच चल रही तथा संभावित साझेदारियों के बारे में जानकारी दी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि प्रौद्योगिकी (एग्री टैक), ग्रीन हाइड्रोजन, इलैक्ट्रिक वाहन, पर्यटन, डेयरी उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, डेटा भंडारण और जल संसाधन प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में साझेदारी पर गहरी रूचि दिखाई। उन्होंने इस क्षेत्र में यूके की विशेष्ता का लाभ उठाकर पारस्परिक विकास और प्रगति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को यूके प्रतिनिधिमंडल के साथ आगामी की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए ताकि प्रस्तावित परियोजनाएं प्रभावी ढंग से क्रियान्वित की जा सके। बैठक के दौरान हिमाचल प्रदेश से यूके को हल्दी निर्यात को लेकर विशेष चर्चा हुई, जिस पर मुख्यमंत्री ने गहरी रूचि दिखाई और इस व्यापारिक अवसर को सुलभ यूके के निवेशों के बारे में बताया और कहा कि बैठक के दौरान कुल्लू में एक कृषि उद्योग और राज्य में भारतीय संचालित स्कौटिश डिस्टिलरी की स्थापना के बारे में चर्चा की गई।

# बायोगैस प्लांट के लिए प्रस्ताव भेजने में हिमाचल सरकार विफल : सुरेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला। हिमाचल प्रदेश में कचरे से ऊर्जा** उत्पादन योजना के तहत बायोगैस प्लांट स्थापित करने को लेकर विपक्षी दल भाजपा ने कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर निशाना साधा है। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने सोमवार को आरोप लगाया है कि राज्य सरकार ने केंद्र को कोई प्रस्ताव ही नहीं भेजा जबकि दावा किया गया था कि प्रस्ताव नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को भेजा गया है।उन्होंने कहा कि संसद के बजट सत्र के दौरान राज्यसभा में ये जानकारी सामने आई है। राज्यसभा में केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद नायक ने बताया कि मंत्रालय को हिमाचल प्रदेश से बायोगैस प्लांट लगाने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

उन्होंने जानकारी दी कि कचरे से ऊर्जा उत्पादन योजना के तहत 4800 किलो प्रतिदिन क्षमता वाले नए प्लांट पर 4 करोड़ रुपये और पहले से कार्यरत प्लांट पर 3 करोड़ रुपये की केंद्रीय वित्तीय सहायता दी जाती है। इसके अलावा फसलों के अवशेष निपटान के लिए किसानों को मशीनरी पर 50 प्रतिशत अनुदान भी दिया जाता है।

# सौर ऊर्जा से गरीबों के घर रोशन करेगी योगी सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार गरीबों को आवास मुहैया कराने के साथ-साथ उनके जीवन स्तर को भी बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (ढटअ - ॠ) और मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत दिए जा रहे पक्के आवासों को और अधिक सुविधाजनक बनाने का निर्णय लिया गया है। अब लाभार्थियों को केवल घर ही नहीं मिलेगा, बल्कि उनके आवासों तक सुगम पहुंच, जल निकासी, सोलर लाइट, निःशुल्क विद्युत और गैस कनेक्शन जैसी सुविधाएं भी दी जाएंगी। जिन लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत पक्के आवास मिले हैं, वहां तक आवागमन के लिए योगी सरकार मनरेगा के तहत सीसी रोड और खड़ंजा मार्ग बनाएगी।




# महाकुम्भ सेवा और समर्पण का अद्वितीय उदाहरणः एस.पी. सिंह बघेल

**ऐतिहासिक**

**▸▸ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यह निश्चित रूप से एक सफल और ऐतिहासिक आयोजन है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भ नगरः के**ंद्रीय राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने महाकुम्भ में पवित्र स्नान के बाद अपने अनुभव साझा किए और इस्कॉन व अदानी ग्रुप के सेवा कार्यों की सराहना की। साथ ही, विपक्ष के कुप्रबंधन के आरोपों पर करारा जवाब भी दिया। एस.पी. सिंह बघेल ने कहा, "आज महाकुम्भ में पवित्र स्नान का अवसर पाकर मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं। यह ईश्वर की कृपा और जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण है।" उन्होंने कहा कि महाकुम्भ 2025 केवल आध्यात्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह सेवा, सहयोग और समर्पण की भावना का जीवंत उदाहरण है। लाखों श्रद्धालुओं के बीच फैली आस्था और सेवा की यह परंपरा भारतीय संस्कृति के गौरवशाली स्वरूप को प्रस्तुत करती है। विपक्ष द्वारा महाकुम्भ 2025 में कुप्रबंधन के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए एस.पी. सिंह बघेल ने कहा,"मैं विपक्ष से कहना चाहता हूं कि जब उनकी बेटी की शादी में 200-300 मेहमान आते हैं, तब उनकी धड़कनें तेज हो जाती हैं और घबराहट होती है। लेकिन यहां अब तक 50 करोड़ लोग आ चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह निश्चित रूप से एक सफल और ऐतिहासिक आयोजन है।

# गगल हवाई अड्डे के आसपास बनाया जाएगा मार्केटिंग परिसर

**धर्मशाला। का**ंगड़ा हवाई अड्डे के आसपास मार्केटिंग परिसर बनाने का प्लान तैयार किया गया है और इसके लिए भूमि चयनित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि विस्तारीकरण की जद में आने वाले दुकानदारों को पुनर्वासित किया जा सके। सोमवार को उपायुक्त कार्यालय में गगल हवाई अड्डे के विस्तारीकरण की प्रक्रिया की समीक्षा को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे के बाहर चारों तरफ 12-12 मीटर रोड बनाने का प्रस्ताव भी रखा गया है।

**रखरखाव** कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ महाकुम्भ ने पूरे विश्व के समक्ष स्वच्छता का संदेश देने के साथ ही स्थापित किया ऊंचा प्रतिमान

# 'जीरो डिस्चार्ज' से स्थापित किया ग्लोबल सैनिटेशन बेंचमार्क




**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगरः सनातन** आस्था के परम पवित्र पर्वों में सर्वोपरि महाकुम्भ-2025 आस्था, भक्ति, शांति, मुक्ति, पुण्य प्राप्ति के साथ स्वच्छता और समायोजन के अनुकरणीय उदाहरण स्थापित करने वाला महा आयोजन सिद्ध हो रहा है। यूं तो, कूडा-कचरा व प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ महाकुम्भ की अवधारणा को धरातल पर उतारने के लिए यह आयोजन नजीर बनकर पूरी दुनिया के समक्ष उंचे प्रतिमान प्रस्तुत कर रहा है। मगर, अपशिष्ट जल प्रबंधन और नदी में जीरो डिस्चार्ज के लिहाज से महाकुम्भ में की गई स्वच्छता व्यवस्थाएं अप्रतिम रहीं तथा इन्होंने वैश्विक बेंचमार्क को भी पीछे छोड़ते हुए विश्व के सामने नवीन व अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के दिशा-निर्देशन में स्थानीय प्रशासन ने प्रतिदिन 1.5 लाख से ज्यादा टॉयलेट्स के अपशिष्ट जल को कुशलता पूर्वक प्रबंधित कर नदी में जीरो डिस्चार्ज सुनिश्चित किया जिसकी पूरी दुनिया साक्षी बन रही है। महाकुम्भ की विशेष कार्याधिकारी अकांक्षा राना ने बताया कि पीएम मोदी व सीएम योगी की प्रेरणा से स्वच्छ महाकुम्भ का जो लक्ष्य रखा गया था, वह हर दिन के साथ नए प्रतिमानों को स्थापित कर रहा है। महाकुम्भ में 52 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों की भारी आमद के बावजूद कूड़ा-कचरा मुक्त, प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ कुम्भ के विजन को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। महाकुम्भ-2025 भविष्य में बड़े पैमाने पर धार्मिक आयोजनों के लिए स्वच्छता के मॉडल में परिवर्तित हो गया है। मेला क्षेत्र में 1.5 लाख से अधिक शौचालय स्थापित किए गए, जिनमें सोक-पिट, एफआरपी और मोबाइल यूनिट शामिल हैं। क्यूआर कोड-आधारित निगरानी प्रणाली ने वास्तविक समय में रखरखाव सुनिश्चित किया।